# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, सोमवार 3 जून 2024



भारत निर्वाचन आयोग
Election Commission of India

चुनाव का पर्व
DESH KA GARV
LOK SABHA ELECTION 2024

## भारत निर्वाचन आयोग

लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व में भाग लेने के लिए
हृदय से आभार व्यक्त करता है और आप सभी का

# धन्यवाद

करता है





गौरवान्वित मतदाता

राजनीतिक दल और उम्मीदवार


मतदान अधिकारी एवं एजेंसियाँ

सुरक्षाकर्मी

मीडिया

मतदाताओं तक जानकारी पहुँचाने में भागीदार संस्थाएं/एजेंसियाँ

CBC 52101/13/0036/2425


देखें: elections24.eci.gov.in

fb.com/ECI | @ecisveep | youtube.com/eci | /company/election-commission-of-india-official | @ecisveep | Election Commission of India



!! श्री शिवाय नमस्तुभ्यं !!
!! श्री शिवाय नमस्तुभ्यं !!
!! श्री शिवाय नमस्तुभ्यं !!
हार्दिक आभार
श्री हटकेश्वर नाथ की पावन धरा में
श्री समर्पण
श्री शिव महापुराण कथा
अमलेश्वर
(स्व. ओमप्रकाश जी खंडेलवाल, रायपुर की पावन स्मृति में)
में पधारे सभी श्रद्धालु भक्तजनों एवं सभी सहयोगी समितियों का
हार्दिक आभार एवं धन्यवाद
विश्वविख्यात अंतरराष्ट्रीय कथावाचक
पंडित प्रदीप मिश्रा जी
(सीहोर वाले गुरुजी)
सहयोगी समितिगण :
साफ-सफाई समिति, जल व्यवस्था समिति, चिकित्सा व्यवस्था समिति, भोजन व्यवस्था समिति, कार्यालयीन समिति, पंडाल व्यवस्था समिति, युवती मंडल समिति, पार्किंग व्यवस्था समिति, संघ परिवार एवं बजरंग दल के सभी प्रभारी एवं कार्यकर्ताओं को धन्यवाद...
विशेष सहयोगी
बसंत अग्रवाल
युवा समाजसेवी एवं भाजपा कार्यकर्ता
विशाल खंडेलवाल
मुख्य आयोजक
पवन खंडेलवाल
मुख्य आयोजक
सागर खंडेलवाल
मुख्य आयोजक

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, सोमवार 3 जून 2024


**मतगणना में लगेंगे सैकड़ों कर्मचारियों की लगी ड्यूटी**

मतगणना में एक टेबल पर तीन कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाती है और 16 टेबल पर एक एआरओ की नियुक्ति की जाती है। डाक मतपत्रों की गिनती के लिए 4 कर्मचारियों की ड्यूटी लगती है। इस प्रकार सभी 11 लोकसभा में कर्मचारियों की स्थिति देखी जाए तो लगभग 700 कर्मचारियों की शेष पेज 2 पर

# 700 से ज्यादा कर्मचारी 12 से 15 घंटे में गिनेंगे डेढ़ करोड़ से ज्यादा वोट, दोपहर 12 बजे से स्पष्ट रुझान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

अलग खबर

छत्तीसगढ़ की 11 लोकसभा सीटों के चुनाव में कुल 2 करोड़ 6 लाख 58 हजार वोटरों में से 1 करोड़ 50 लाख 40 हजार 444 ने वोट डाले। अब मतों की गिनती 4 जून को सुबह 8 बजे से सभी जिलों में बनाए गए मतगणना केंद्रों में होगी। दोपहर 12 बजे के बाद रुझान स्पष्ट हो जाएंगे, यानी यह तय हो जाएगा कि छत्तीसगढ़ की 11 सीटों पर किसका दबदबा रहा। अंतिम परिणाम देर शाम तक आ सकता है। चुनाव अधिकारियों के मुताबिक, मतगणना में 12 से 15 घंटे लगने का अनुमान है। कई लोकसभा क्षेत्रों के विधानसभाओं की गिनती अन्य जिलों में होने के कारण अंतिम परिणाम तैयार करने में सावधानी रखी जाएगी। मतगणना के लिए निर्वाचन आयोग की ओर से सभी जिलों में तैयारी पूरी कर ली गई है। डाक मतपत्रों की गणना 11 निर्वाचन अधिकारियों के मुख्यालय जिलों में 4 जून को प्रातः 8 बजे से प्रारंभ होगी। डाक मतपत्रों को जिला मुख्यालयों में ट्रेजरी स्थित स्ट्रांग-रूम में सुरक्षा व्यवस्था के साथ रखा गया है। मतगणना के दिन इन मतपेटियों का परिवहन प्रातः 6 बजे चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों, उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में पूर्ण सुरक्षा के साथ गणना केंद्र में किया जाएगा। डाक मतपत्रों की मतगणना 8 बजे प्रारंभ होने के आधे घंटे बाद अर्थात साढ़े 8 बजे से ईवीएम के मतों की गणना प्रारंभ की जाएगी। शेष 22 जिलों में 8 शेष पेज 3 पर

## कल होगी मतगणना, छग की 11 सीटों पर नजर

### पासधारी निर्वाचन अभिकर्ता एवं एजेंट को प्रवेश

मतगणना केंद्रों में पासधारी अभ्यर्थियों, निर्वाचन अभिकर्ताओं और मतगणना अभिकर्ताओं को ही प्रवेश दिया जाएगा। मतगणना हॉल के भीतर मतगणना के परिणाम का योग करने के लिए प्रत्येक अभ्यर्थी एवं उनके निर्वाचन अभिकर्ता को एक-एक एनालॉग कैलकुलेटर दिया जाएगा। मतगणना हॉल के भीतर पासधारी अभ्यर्थियों, निर्वाचन अभिकर्ताओं व मतगणना अभिकर्ताओं को कोरा कागज, मतपत्र लेखा प्रारूप 17सी भाग-1 की प्रति, रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा प्रदाय किए गए ईवीएम और वीवीपैट की सूची, जो विभिन्न मतदान केंद्रों में प्रयोग में लाई गई है तथा प्लास्टिक पेन या पेंसिल ले जाने की अनुमति रहेगी।



### नहीं ले जा सकते

मतगणना हॉल में मोबाइल फोन, आईपेड, लैपटॉप, स्मार्ट वॉच, कैमरा, अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, बीड़ी, सिगरेट और गुटका प्रतिबंधित रहेगा।

### बाहरी गेट पर भोजन पैकेट की व्यवस्था

मतगणना परिसर के बाहरी गेट पर खानपान की व्यवस्था के लिए प्रत्याशी या निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा नियुक्त व्यवस्थापक के माध्यम से भोजन पैकेट उपलब्ध कराए जाएंगे, जिसे मतगणना हॉल के भीतर नियुक्त किसी एक मतगणना अभिकर्ता द्वारा प्राप्त कर अन्य मतगणना अभिकर्ताओं को प्रदान किया जाएगा।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


**T20 world cup स्कोर बोर्ड**

कनाडा 194/5 VS अमेरिका 197/3

7 विकेट से जीती यूएसए

94* नाबाद : आरोन जोन्स
प्लेयर ऑफ द मैच

पापुआ न्यू गिनी 136/8 VS वेस्टइंडीज 137/5

5 विकेट से जीती वेस्टइंडीज

42* रन : रोस्टन चेस
प्लेयर ऑफ द मैच

**आज के मैच**

ओमान VS नामीबिया
सुबह : 6 बजे

द. अफ्रीका VS श्रीलंका
समय : रात 8 बजे

## खबर संक्षेप

### केजरीवाल ने तिहाड़ जेल में किया सरेंडर



**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को तिहाड़ जेल में आत्मसमर्पण किया। केजरीवाल को अदालत ने कथित आबकारी घोटाले से जुड़े धन शोधन के एक मामले में रविवार को पांच जून तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। सुप्रीम कोर्ट ने लोकसभा चुनाव में प्रचार करने के लिए केजरीवाल को अंतरिम जमानत दी थी।

### सभी राजमार्गों पर टोल टैक्स पांच फीसदी बढ़ाया



**नई दिल्ली।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने देश भर में टोल दरों में औसतन पांच प्रतिशत की वृद्धि करने का निर्णय लिया है। अब राजमार्गों का उपयोग करने वाले वाहन चालकों को सोमवार से अधिक भुगतान करना होगा। राजमार्ग उपयोगकर्ता शुल्क का वार्षिक संशोधन पहले एक अप्रैल से लागू होना था, लेकिन लोकसभा चुनावों के कारण वृद्धि स्थगित कर दी गई थी।

### ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से 13 की मौत




**राजगढ़।** मप्र के राजगढ़ जिले के पिपलोधीजाद में ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से चार बच्चों समेत 13 लोगों की मौत हो गई और 15 अन्य घायल हो गए। घायलों में से 13 लोगों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दो लोगों को सिर और छाती पर चोट लगने के कारण बेहतर उपचार के लिए भोपाल भेजा गया है। मृतक संख्या बढ़ने का अनुमान नहीं है क्योंकि गंभीर रूप से घायल दो लोगों की हालत खतरे से बाहर है।

## लोकसभा के नतीजों से पहले दो राज्यों के विधानसभा चुनाव का आया रिजल्ट

# अरुणाचल में फिर भगवा, सिक्किम में एसकेएम ने विपक्ष के लिए छोड़ी एक सीट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/ईटानगर

लोकसभा चुनाव की मतगणना से पहले रविवार को पूर्वोत्तरी राज्य सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव के नतीजे सामने आए। सिक्किम में सत्ताधारी सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा (एसकेएम) ने इतिहास रच दिया। एसकेएम ने क्लीन स्वीप करते हुए 31 सीटों पर जीत हासिल की। विपक्षी दल एसडीएफ को महज एक सीट मिली है। उधर, अरुणाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में जनता ने सत्ताधारी भाजपा पर फिर से भरोसा जताया। पार्टी ने सीएम पेमा खांडू के नेतृत्व में चुनाव लगा और 60 में से 46 सीटें जीत लीं।

भाजपा ने अरुणाचल प्रदेश में लगातार तीसरी बार सत्ता में वापसी करते हुए रविवार को 60 सदस्यीय विधानसभा में 46 सीट जीतकर बहुमत हासिल कर लिया। निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। राज्य में 60 में से 50 विधानसभा सीट के लिए 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के साथ मतदान हुआ था। भाजपा ने 10 सीट पहले ही निर्विरोध जीत ली थीं।

अधिकारियों के अनुसार, जिन 50 सीट पर मतदान हुआ, उनमें से भाजपा ने 36 सीट पर जीत दर्ज की और मुख्यमंत्री पेमा खांडू निर्विरोध जीतने वाले 10 उम्मीदवारों में से एक हैं। नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) को पांच सीट मिलीं, जबकि पीपुल्स पार्टी ऑफ अरुणाचल ने दो और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) ने तीन सीट पर शेष पेज 3 पर

**एक नजर**

**सिक्किम**

| | |
|---|---|
| कुल सीटें | 32 |
| एसकेएम | 31 |
| एसडीएफ | 01 |
| बहुमत | 17 |

**अरुणाचल प्रदेश**

| | |
|---|---|
| सीटें | 60 |
| भाजपा | 46 |
| नेशनल पीपुल्स | 05 |
| नेशन.कांग्रेस | 03 |
| पीपुल्स पार्टी ऑफ अरुणाचल | 02 |
| इंडियन नेशनल कांग्रेस | 01 |
| निर्दलीय | 03 |
| बहुमत | 31 |





### विकास की राजनीति को मिला स्पष्ट जनादेश

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अरुणाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में भाजपा की शानदार जीत को विकास की राजनीति को मिला स्पष्ट जनादेश करार दिया। उन्होंने कहा कि राज्य के विकास के लिए उनकी पार्टी और भी अधिक उत्साह के साथ काम करती रहेगी। अरुणाचल प्रदेश में भाजपा ने सत्ता में वापसी की है।

### आंध्र-ओडिशा के नतीजे कल

ओडिशा और आंध्र प्रदेश की मतगणना चार जून को होगी। आंध्र प्रदेश में चार एग्जिट पोल ने भाजपा, टीडीपी और जन सेना पार्टी के गठबंधन को बहुमत मिलने का अनुमान जताया है।

### पांच बार के सीएम दोनों सीट से हारे

सिक्किम के पांच बार मुख्यमंत्री रहे और सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट (एसडीएफ) सुप्रीमो पवन कुमार चामलिंग रविवार को दोनों विधानसभा सीट, पोकलोक-कामरंग और नामचेयबुंग से हार गए। आठ बार के विधायक चामलिंग अपने गृह जिले में पोकलोक-कामरंग सीट पर 'सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा' के उम्मीदवार भोजराज राय से 3,063 मतों के अंतर से हार गए।

### कांग्रेस ने कहा- जनादेश स्वीकार

अरुणाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में केवल एक सीट जीतने में सफल रही कांग्रेस ने रविवार को कहा कि उसे जनादेश स्वीकार है।

गर्मी का कहर...

## कृषि विवि ने स्थगित की परीक्षाएं, छात्रों से कहा- अपने घर जाएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

इंदिरा गांधी कृषि विवि ने अपने छात्रों को आपातकालीन छुट्टियां दे दी हैं। ना केवल छात्रों को छुट्टी प्रदान की गई है, बल्कि उनकी मिड टर्म परीक्षाएं भी स्थगित कर दी है। विवि ने इसके लिए अधिसूचना भी जारी की है। जारी की गई अधिसूचना में छात्रों को अचानक छुट्टियां प्रदान करने और मिड टर्म एग्जाम स्थगित करने के पीछे हीट वेव को कारण बताया गया है। कृषि विवि ने 3 शेष पेज 3 पर

### ऑनलाइन होंगी कक्षाएं

छात्रों को विवि प्रबंधन द्वारा छुट्टियां तो प्रदान कर दी गई हैं, लेकिन इस दौरान उनकी ऑनलाइन कक्षाएं संचालित होती रहेंगी। पाठ्यक्रम समय पर पूर्ण हो सके और सेमेस्टर परीक्षाओं में किसी तरह का व्यवधान ना आए, इसलिए ऑनलाइन कक्षाएं नियमित रूप से संचालित करने की व्यवस्था की गई है। कृषि विवि के हॉस्टल में कूलर की व्यवस्थाएं हैं, किंतु कक्षाओं में छात्रों को भीषण गर्मी का शेष पेज 3 पर

### रि-शेड्यूल होंगी परीक्षाएं

विवि में कई कक्षाओं के मिड-टर्म एग्जाम चल रहे हैं। यह सीटी अर्थात क्लास टेस्ट की तरह होते हैं। अंतिम परीक्षा परिणामों में इसके भी अंक जोड़े जाते हैं। विवि प्रबंधन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि घोषित छुट्टियों के दौरान यदि किसी छात्र के मिड टर्म एग्जाम पहले से तय हैं तो उन्हें रि-शेड्यूल किया जाएगा। छात्रों की ये परीक्षाएं 10 जून अथवा उसके बाद ही होंगी।

ज्यादातर में जीत के आसार

## विष्णुदेव पर बढ़ा भरोसा, ओडिशा झारखंड में की ताबड़तोड़ सभाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय पर पार्टी नेतृत्व का भरोसा बढ़ा है। श्री साय ने पार्टी के चुनावी अभियान में शामिल होकर उन्होंने जबरदस्त तरीके से काम किया है। मुख्यमंत्री ने पूरे लोकसभा चुनाव के दौरान 71 दिनों में 133 सभाओं को संबोधित किया है। इस दौरान वे ओडिशा, मध्यप्रदेश, झारखंड में भी चुनाव प्रचार शेष पेज 3 पर



### मोदी की गारंटी पूरी की

सीएम साय ने अपनी हर जनसभा में मोदी की गारंटी के अंतर्गत पूरे किये गए प्रमुख वादों को जनता को बताया। उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार बनने के मात्र 100 दिनों के अंदर ही उनकी सरकार ने मोदी की गारण्टी के अंतर्गत प्रमुख वादों को प्राथमिकता से पूरा किया है।

### सीएम की सभाओं में महिलाओं की भीड़

मुख्यमंत्री की सभी जनसभाओं में आमजन की स्व-स्फूर्त भीड़ उमड़ी। लोगों ने सीएम साय के भाषण को बड़े ही उत्साह से सुना और ताली बजाकर, नारे लगाकर अपना पूर्ण समर्थन भी दिया। श्री साय की प्रत्येक सभा में महिलाओं की भी भारी भीड़ देखने को मिली। महिलाओं ने सीएम साय की बात को ध्यान से सुना।

टी20 विश्व कप

## अमेरिका में टी20 का हल्ला चौकों-छक्कों की बौछार



एजेंसी ▶▶ डलास

बेसबॉल के देश अमेरिका में जिधर देखो उधर टी20 का हल्ला मचा हुआ है। यह शोर देश में हो रहे टी20 वर्ल्ड कप का है। वेस्टइंडीज के साथ अमेरिका मेजबान देश है। पहले ही दिन चौकों-छक्कों की बौछार ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया।

### आरोन-आंद्रे का तूफान

अमेरिका के लिए आरोन जोन्स ने सिर्फ 22 गेंदों पर पचासा जड़ा जो टी20 क्रिकेट में अमेरिका के लिए सबसे तेज अर्धशतक है। आरोन और आंद्रे ने तीसरे विकेट के लिए 131 रनों की साझेदारी की जो अमेरिका के लिए टी20 में किसी भी विकेट के लिए की गई सबसे बड़ी साझेदारी है।

सरकारी क्वार्टर के बाहर डॉक्टर की बाइक, नक्सली पर्चा व अंदर मिला मोबाइल

## डॉक्टर का नक्सलियों ने किया अपहरण, एक दिन पहले हुआ था मरीज के परिजनों से विवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

सुकमा से लगे ओडिशा के मलकानगिरी जिले के कालीमेला स्वास्थ्य केन्द्र में पदस्थ डॉक्टर का माओवादियों द्वारा अपहरण किए जाने की खबर आ रही है। बताया जा रहा है कि उनका अपहरण उनके शासकीय क्वार्टर से तब कर लिया गया, जब वे अपने निवास में बीती रात विश्राम कर रहे थे। स्वास्थ्य केन्द्र में पदस्थ कर्मचारियों द्वारा डाक्टर के लापता होने की सूचना सुबह कालीमेला थाने में दी गई। जिसके बाद एसडीओपी मलकानगिरी शेष पेज 3 पर



### मामले की जांच की जा रही

*घटना के बाद मौके पर पहुंचे एसडीपीओ साइन पटेल ने मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रथम दृष्टया माओ अपहरण का नहीं लग रहा है। मौके पर मिले पर्चे नक्सलियों की लिखावट नहीं लग रही है। बहरहाल सभी पहलुओं से मामले की जांच की जा रही है।*

*-नितेश वधावानी*
*एसपी, मलकानगिरी ओडिशा*

### एक दिन पूर्व हुआ था विवाद, स्टाफ दहशत में

बताया जा रहा है कि एक दिन पूर्व सुकमा जिले के कोण्टा इलाके से कुछ लोग एक महिला को उपचार के लिए कालीमेला अस्पताल लेकर आए थे, लेकिन उपचार से पूर्व उसने सड़क पर दम तोड़ दिया। अस्पताल पहुंचने के बाद डॉ. अमलान ने महिला को मृत घोषित कर दिया था और इसकी सूचना कालीमेला थाने को दी शेष पेज 3 पर

बृजमोहन अग्रवाल, सरोज पांडेय, विजय बघेल और संतोष पांडेय की दावेदारी बनेगी

**एक्जिट पोल के मुताबिक भाजपा दस सीटें जीत रही है, इनमें दिग्गजों की उम्मीद बढ़ीं**

## एक अनार, चार दावेदार, पहली बार सामान्य या ओबीसी सांसद बनाए जा सकते हैं कैबिनेट मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खास खबर

मंगलवार को आम चुनाव के नतीजे घोषित हो जाएंगे। उससे पहले छत्तीसगढ़ में एक्जिट पोल ने भारतीय जनता पार्टी की उम्मीदें बढ़ा दी हैं। पोल कह रहे हैं कि भाजपा ग्यारह में से दस सीटें जीत सकती है। मैदान में उतरे भाजपा के ज्यादातर दिग्गज चुनाव जीतकर दिल्ली जाएंगे। इनमें से चार दिग्गज ऐसे हैं जिनके केंद्रीय मंत्री बनने की संभावना जताई जा रही है। यह सामान्य और पिछड़ा वर्ग के सांसद होंगे। छत्तीसगढ़ में शेष पेज 3 पर









### बृजमोहन, सरोज, संतोष, विजय दावेदार

मोदी कैबिनेट में छत्तीसगढ़ से इस बार सामान्य और ओबीसी वर्ग का दावा मजबूत माना जा रहा है। इसके पीछे कारण ये है कि प्रदेश में भाजपा की सरकार है और यहां पर आदिवासी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय हैं। सामान्य वर्ग से जो दावेदार हैं, उनमें वरिष्ठ विधायक और पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल का नाम प्रमुख है। रायपुर लोकसभा से उनकी जीत तय मानी जा रही है। वे यहां भाजपा सरकार में चार बार मंत्री रहे हैं और आठ बार के विधायक हैं। उनकी वरिष्ठता के चलते दावेदारी प्रबल है। इसी तरह राज्यसभा सांसद रहीं सरोज पांडेय ने कोरबा से चुनाव लड़ा है। वे भाजपा केंद्रीय संगठन में लंबे समय तक सक्रिय रही हैं। उनके कैबिनेट में शामिल होने की प्रबल संभावना होगी। इसी तरह राजनांदगांव के शेष पेज 3 पर

### कैबिनेट मंत्री संभव

केंद्र में अब तक छत्तीसगढ़ से जो भी मंत्री रहे हैं, सभी राज्यमंत्री रहे हैं। इनमें भाजपा से स्व. दिलीप सिंह जूदेव, रमेश बैस, विष्णुदेव साय, डॉ. रमन सिंह, रेणुका सिंह केंद्रीय राज्यमंत्री रहे। एक बार डॉ. चरणदास महंत भी यूपीए सरकार में केंद्रीय राज्यमंत्री थे। अब तक छत्तीसगढ़ से किसी भी सांसद को कैबिनेट मंत्री बनने का मौका नहीं मिला है, लेकिन पहली बार संभावना जताई जा रही है कि इस बार मोदी कैबिनेट में छत्तीसगढ़ के किसी सांसद को मौका मिल सकता है।

### भाजपा में एक अनार चार दावेदार

अगर एक्जिट पोल सही साबित होते हैं तो केंद्र में मंत्री बनने को लेकर एक अनार और चार दावेदार के हालात बनेंगे। बृजमोहन अग्रवाल, सरोज पांडेय, विजय बघेल और संतोष पांडेय, चारों ही तगड़े दावेदार होंगे। चारों की अपनी खूबियां और राजनीतिक पकड़ है। ऐसे में नतीजों का ऐलान होने के बाद कैबिनेट गठन पर भी सबकी निगाहें टिकी रहेंगी।






# हरिभूमि रण भूमि
लोकसभा
## सत्ता संग्राम-2024





### सिक्किम में एक बार फिर सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा की सत्ता में वापसी

# बगावत कर बनाई पार्टी, जेल से निकलकर बने मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सिक्किम में एक बार फिर सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा की सत्ता में वापसी हो गई है। चुनाव नतीजों में पार्टी ने प्रचंड बहुमत हासिल कर लिया है। एसकेएम ने कुल 32 विधानसभा सीटों में से 31 जीत ली है। एक सीट एसडीएफ के खाते में आई है। वहीं बीजेपी और कांग्रेस अपना खाता खोलने में भी नाकाम रहे। इस जीत का मतलब है कि सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग अपने लगातार दूसरे कार्यकाल के लिए तैयार हैं।

**2019 में मिली थीं 17 सीटें**

मुख्यमंत्री तमांग रेनॉक और सोरेंग-चाकुंग विधानसभा क्षेत्रों से चुनाव लड़ थे। वे दोनों ही सीटों पर जीत गए हैं। उन्होंने विश्वास जताया था कि सिक्किम के मतदाता पार्टी को एक और कार्यकाल देंगे। उनकी पत्नी कृष्णा कुमारी राय ने नामची-सिंघीथांग विधानसभा से चुनाव लड़ा था। उन्होंने भी इसमें जीत हासिल की है। सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा (एसकेएम) के अध्यक्ष पीएस गोले उर्फ प्रेम सिंह तमांग ने 2019 में 17 सीटें हासिल करके राज्य में 24 से अधिक साल तक सत्ता में रहने के बाद चामलिंग सरकार को सत्ता से बेदखल कर दिया था। इस बार उन्होंने 32 में से 31 सीटों पर जीत हासिल की है।

## 32 में से 31 सीटों पर फतह, प्रचंड जीत के नायक प्रेम सिंह तमांग



सिक्किम की राजधानी गैंगटोक में रविवार को एसकेएम के सदस्य विधानसभा चुनावों में जीत का जश्न मनाते हुए।

**2013 में बनाई थी पार्टी :** चामलिंग की अगुवाई वाले एसडीएफ के संस्थापक सदस्य रहे प्रेम सिंह तमांग ने पूर्व मुख्यमंत्री के खिलाफ बगावत कर 2013 में सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा बनाया था। उन्होंने एसडीएफ पर भ्रष्टाचार और कुशासन का आरोप लगाया था। गठन के अगले ही साल 2014 के विधानसभा चुनावों में एसकेएम ने 10 सीटें जीती थीं।

**कौन हैं प्रेम सिंह तमांग?**



गैंगटोक में मतगणना स्थल के बाहर जश्न में डूबी सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा की महिला नेत्रियां।

नेपाली भाषी माता-पिता कालू सिंह तमांग और धान माया तमांग के बेटे प्रेम सिंह तमांग का जन्म 5 फरवरी 1968 में हुआ था। उन्होंने दार्जिलिंग के एक कॉलेज से बीए किया और एक सरकारी स्कूल में शिक्षक के रूप में काम करना शुरू किया। तमांग ने समाज सेवा के लिए तीन साल की सेवा के बाद सरकारी नौकरी छोड़ दी और फिर एसडीएफ में शामिल हो गए। उनकी तीन दशक की राजनीतिक यात्रा काफी उतार चढ़ाव वाली रही है। वह 1994 से लगातार पांच बार सिक्किम विधानसभा के लिए चुने गए। उन्होंने 2009 तक एसडीएफ सरकार में मंत्री के रूप में कार्य किया।

### 2016 में गए थे जेल

*2016 में तमांग को 1994 और 1999 के बीच सरकारी पैसे की हेराफेरी करने के लिए दोषी ठहराया गया था और बाद में विधानसभा में उनकी सदस्यता समाप्त कर दी गई थी। प्रेम सिंह तमांग राज्य के पहले ऐसे राजनेता थे जिन्हें सजा मिलने के बाद विधानसभा से निलंबित कर दिया गया था। उन्होंने सिक्किम हाई कोर्ट में फैसले को चुनौती दी जिसने फैसले को बरकरार रखा जिसके कारण गोले को समर्पण करना पड़ा. 2018 में जब तमांग जेल से बाहर निकले तो उनके हजारों समर्थकों ने उनका स्वागत किया और अपने नेता के प्रति एकजुटता दिखाते हुए जुलूस निकाला।*

## सोशल मीडिया

### कांग्रेस ने संविधान का बनाया मजाक : योगी



सीएम योगी ने कहा कि इंडिया गठबंधन ने देश के संविधान का मजाक बनाकर रख दिया है। बीआर आंबेडकर के सिद्धांतों के खिलाफ जाकर कांग्रेस ने जबरदस्ती अनुच्छेद 370 ठूंसा था। संविधान का गला घोंटने का काम तो कांग्रेस ने आपातकाल लगाकर कर ही दिया था। ये देश सिर्फ और सिर्फ आंबेडकर के संविधान से चलेगा, यहां पर्सनल लॉ या शरिया कानून की कोई जगह नहीं है। कांग्रेस की आंध्र प्रदेश सरकार और कर्नाटक सरकार ने ओबीसी के आरक्षण को मुसलमानों को बांटने का काम किया है।

### पीएम मोदी के चलते देश आगे बढ़ रहा : नड्डा



भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा, "दुनिया का 40 प्रतिशत डिजिटल लेन-देन अब भारत में होता है।'' उन्होंने कहा कि दुनिया में देश की अर्थव्यवस्था पांचवें स्थान पर पहुंच गई है। नड्डा ने कहा कि यह सब भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विभिन्न पहल के कारण संभव हुआ कि भारत ने इस्पात और औषधि क्षेत्र में विश्व स्तर पर दूसरा स्थान तथा ऑटोमोबाइल क्षेत्र में विश्व में तीसरा स्थान हासिल किया है। उन्होंने कहा कि लगभग 97 प्रतिशत मोबाइल सेट अब भारत में निर्मित किए जा रहे हैं।

**एग्जिट पोल के आंकड़ों को 'इंडिया' के नेताओं ने मानने से किया इंकार**

# 'एग्जिट पोल फर्जी, मोदी-शाह खेल रहे हैं मनोवैज्ञानिक खेल'



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव 2024 के एग्जिट पोल में तीसरी बार भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार बनने का अनुमान है। एग्जिट पोल के आंकड़ों को इंडिया ब्लॉक के नेता ने मानने से इनकार कर दिया है। कांग्रेस ने एग्जिट पोल के नतीजों को एक मनोवैज्ञानिक खेल बताया। इन्हीं सब को लेकर विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने आज एक बैठक की। बैठक के तुरंत बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पत्रकारों से बात की। यह पूछे जाने पर कि 'इंडिया' गठबंधन को कितनी सीट मिलेंगी, गांधी ने कहा, ''आपने सिद्धू मूसेवाला का '295' गीत सुना है? इसलिए 295 सीट।' उन्होंने कहा कि यह मोदी मीडिया पोल है। बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल आदि ने पार्टी नेताओं और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्षों के साथ बैठक की।

## राहुल ने कहा-'यह एग्जिट पोल नहीं, बल्कि मोदी मीडिया पोल है'

### ये एग्जिट पोल झूठे



बैठक में कांग्रेस के संचार प्रभारी महासचिव जयराम रमेश ने कहा, 'ये एग्जिट पोल झूठे हैं। इंडिया गठबंधन को 295 सीटों से कम सीटें नहीं मिलने जा रही हैं। ये एग्जिट पोल फर्जी हैं क्योंकि पीएम मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मनोवैज्ञानिक खेल खेल रहे हैं। वे विपक्षी दलों, चुनाव आयोग, मतगणना एजेंटों, रिटर्निंग अधिकारियों पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहे हैं और ऐसा माहौल बना रहे हैं कि वे वापस आ रहे हैं लेकिन वास्तविकता पूरी तरह से अलग है।'

### 240 सीट से ज्यादा नहीं जीतेगी भाजपा : पप्पू



कांग्रेस नेता और निर्दलीय प्रत्याशी पप्पू यादव ने कहा कि पप्पू यादव ने कहा कि नरेंद्र मोदी अगर फिर सत्ता में आए तो पूरा देश मणिपुर बन जाएगा। पप्पू यादव ने एग्जिट पोल्स के आंकड़ों को लेकर पप्पू यादव ने कहा कि बीजेपी को किसी भी कीमत पर 240 से ज्यादा सीटें नहीं मिलने वाली है, जबकि एनडीए के लिए 272 सीटें पार करना गनीमत वाली बात होगी।

### एक्जिट पोल का आधार ईवीएम नहीं डीएम : अखिलेश

#### सपा चीफ ने एक्जिट पोल की समझाई क्रोनोलॉजी



सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने अपने एक्स एकांउट पर लिखा, एक्जिट पोल का आधार ईवीएम नहीं डीएम है। प्रशासन याद रखे जनशक्ति से बड़ा बल और कोई नहीं होता। उन्होंने एक्जिट पोल की क्रोनोलॉजी समझाई है। उन्होंने कहा, विपक्ष ने पहले ही घोषित कर दिया था कि भाजपाई मीडिया भाजपा को 300 पार दिखाएगा, जिससे घपला करने की गुंजाइश बन सके। आज का ये भाजपाई एक्जिट पोल कई महीने पहले ही तैयार कर लिया गया था बस चैनलों ने चलाया आज है। इस एग्जिट पोल के माध्यम से जनमत को धोखा दिया जा रहा है। इस एक्जिट पोल को आधार बनाकर भाजपाई सोमवार को खुलनेवाले शेयर बाजार से जाते-जाते लाभ उठाना चाहते हैं। भाजपाइयों के मुरझाए चेहरे सारी सच्चाई बयान कर रहे हैं। भाजपाई ये समझ रहे हैं कि पूरे देश का परिणाम चंडीगढ़ के मेयर के चुनाव की तरह बदला नहीं जा सकता है क्योंकि इस बार विपक्ष पूरी तरह से सजग है और जनाक्रोश भी चरम पर है।

### केजरी ने बीजेपी की बंपर जीत को लेकर गिनाईं चार थ्योरी

#### पहली थ्योरी



तिहाड़ जेल में सरेंडर करने से पहले दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि एग्जिट पोल फर्जी हैं। पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने एग्जिट पोल को लेकर चार थ्योरी गिनाईं। केजरीवाल ने कहा कि एक थ्योरी ये चल रही है कि 'इन्होंने मशीनों का घोटाला कर दिया, लेकिन मैं इंडिया ब्लॉक की सभी पार्टियों से कहना चाहता हूं कि अपने-अपने काउंटिंग एजेंट से कहें कि पूरी तरह से सतर्क रहें। आखिरी तक अगर हार भी रहे हैं तो उठकर न आएं। केजरीवाल ने कहा कि सभी बूथों पर ईवीएम मशीन की 5 फीसदी पर्चियां उठाई जाती हैं, उन 5 फीसदी ईवीएम की पर्चियों की मैचिंग वीवीपीएटी की स्लिप से कराई जाती है, वीवीपीएटी पर जो स्लिप होती है उसकी काउंटिंग होती है। अगर इसका मिलान न हो तो वहां चुनाव रद्द कर दिया जाता है। केजरीवाल ने कहा कि अगर आपने ये चेकिंग कर ली तो ईवीएम का घोटाला हम बचा सकते हैं। उन्होंने कहा कि आखिर तक ईवीएम और वीवीपीएटी की मैचिंग करानी है।'

#### ये हैं अन्य थ्योरी

केजरीवाल ने कहा कि 'दूसरी थ्योरी ये चल रही है कि एग्जिट पोल में इन्होंने इतनी ज्यादा सीटें इसलिए दिखाईं क्योंकि, इनके लोगों ने शेयर मार्केट में काफी इन्वेस्ट कर रखा है, कल जब शेयर मार्केट खुले तो बंपर आंकड़ा छुए तो ये अपने शेयर बेचकर निकल जाएं।' सीएम केजरीवाल ने तीसरी थ्योरी गिनाते हुए कहा कि 'अगले तीन दिन में अफसरशाही पर दबाव डालने के लिए, उनसे उल्टे सीधे काम कराने के लिए एग्जिट पोल के जरिए एक माहौल बना दिया गया है कि हम ही आ रहे हैं, तो हमारी बात मानो' आप संयोजक ने कहा कि चौथी थ्योरी ये चल रही है कि 'अगर एग्जिट पोल वालों ने कल ही कम सीटें दिखा दी होतीं तो हो सकता है कि इन दोनों के खिलाफ RSS और बीजेपी में कल ही बगावत शुरू हो जाती है, 4 जून तक इंतजार नहीं होता।'

### नेहरू के 'महा रिकॉर्ड' की बराबरी कर सकते हैं पीएम मोदी!

# एक्जिट पोल का संदेश... 'मोदी की गारंटी' पड़ रही सब पर भारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के एग्जिट पोल जारी हो गए हैं, तमाम पोल्स्टर बता रहे हैं कि तीसरी बार भी मोदी सरकार बनने जा रही है। बड़ी बात यह है कि सिर्फ केंद्र में वापसी होती नहीं दिख रही है, बल्कि कहना चाहिए प्रचंड वापसी होने जा रही है। आजाद भारत में ऐसा दूसरी बार (पं. नेहरू के बाद) हो सकता है जब लगातार तीसरी बार कोई पार्टी सत्ता में वापस लौट जाए। प्रधानमंत्री मोदी के साथ एक खास बात यह भी जुड़ सकती है कि 10 साल बाद भी वे और ज्यादा बड़े जनादेश के साथ वापसी कर सकते हैं। इस बार के एग्जिट पोल के जो आंकड़े सामने आए हैं, उनसे कुछ बड़े संदेश निकलते हैं-

#### 10 साल बाद भी मोदी सबकुछ

इस बार अगर फिर पीएम मोदी की ऐसी जबरदस्त वापसी हो रही है तो साफ पता चलता है कि यह ब्रॉन्ड समय के साथ और ज्यादा मजबूत हो चुका है। बड़ी बात यह भी है कि इस चुनाव में मोदी की गारंटी सबसे ज्यादा चर्चा में रही थी। विरोधियों को लगा कि पीएम मोदी घमंड आ चुका है और वे उसी वजह से इस तरह से लगातर अपने ही नाम का ढिंढोरा पीट रहे हैं। लेकिन एग्जिट पोल के आंकड़े संदेश दे रहे हैं कि मोदी की गारंटी पर ही सबसे ज्यादा भरोसा किया गया है। इसके ऊपर सांसदों के प्रति जो नाराजगी थी, उसका काउंटर भी मोदी की लोकप्रियता बन गई है।



#### संदेशखाली विवाद का असर

पश्चिम बंगाल में इस बार संदेशखाली विवाद ने जमीन पर तमाम समीकरण बदल दिए थे। चुनावी मौसम में ही महिलाओं के साथ हुए सबसे बड़े अत्याचार के गंभीर आरोप लगे थे, आरोपी भी टीएमसी का ही एक नेता निकला। बीजेपी ने इस मुद्दे को जबरदस्त तरीके से उठाया था। संदेशखाली की पीड़ित रेखा पात्रा को टिकट देकर भी बड़ा दांव चलने का काम किया। अब विभिन्न एग्जिट पोल के आंकड़े बता रहे हैं कि इस मुद्दे का टीएमसी को काफी नुकसान हुआ है।

#### नुकसान की नए राज्यों से भरपाई

बीजेपी को लेकर पहले से कहा जा रहा था कि उसे अगर और बड़ी जीत दर्ज करनी है तो कई दूसरे राज्यों में बेहतर करना होगा। उस लॉजिक के पीछे तर्क यह था कि बीजेपी ने उत्तर भारत में पहले ही अपना बेस्ट प्रदर्शन दे दिया था, कई राज्यों में वो सारी सीटें जीत रही थी, इसी वजह से उन राज्यों से सीटें निकालनी थीं जहां पहले वो कमजोर है। अब एग्जिट पोल बताता है कि बीजेपी ने ऐसा कर दिखाया है।

#### नाम का इंडिया गठबंधन

पीएम मोदी को हराने के लिए इस बार पूरा विपक्ष एकजुट हुआ था। उसी एकजुटता को इंडिया गठबंधन का नाम दिया गया। हर बड़ा चेहरा एक साथ आया, फिर चाहे राहुल गांधी हों, अखिलेश यादव हों, ममता बनर्जी हों, अरविंद केजरीवाल हों या फिर शरद पवार। सभी पार्टियों ने मिलकर इस बार चुनाव लड़ा, लेकिन फिर भी आपसी तालमेल काफी लचर और कमजोर दिखा। बंगाल, पंजाब में इंडिया गठबंधन नहीं बन सका। हर किसी ने अपना अलग घोषणा पत्र तक जारी किया था। अब उस कमजोरी का असर एग्जिट पोल के आंकड़ों में देखने को मिल रहा है।

#### केजरीवाल नहीं मिलती सहानुभूति

इस चुनाव में एक बड़ा फैक्टर अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी भी रहा। चुनावी मौसम में आप संयोजक का जेल जाना सबसे बड़ा नाटकीय मोड़ था। उसके बाद जिस तरह से उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल ने कमान संभाली, सभी को लगने लगा कि सहानुभूति की लहर में बीजेपी बह जाएगी। लेकिन एग्जिट पोल के आंकड़े बता रहे हैं कि बीजेपी फिर अपना पुराना प्रदर्शन दोहरा सकती है।

#### साउथ में बीजेपी की एंट्री

दक्षिण भारत में इस बार एनडीए अपना प्रदर्शन बेहतर कर सकती है। किसी ने नहीं सोचा था कि तमिलनाडु और केरल जैसे राज्यों में बीजेपी अपना खाता खोलेगी, लेकिन 24 के रण में ये बड़ा बदलाव भी होता दिख रहा है। तमाम एग्जिट पोल केरल में एनडीए को 3 से 4 सीटें दे रहे हैं, वहीं तमिलनाडु में भी 2 से 4 सीटें मिलने का अनुमान है। इस तरह दक्षिण भारत में एनडीए 75 सीटों तक जीतता दिख रहा है। यह साफ बता रहा है कि अगर कुछ राज्यों में बीजेपी को नुकसान होता भी है तो यहां से उसकी भरपाई होने वाली है।



**शिव मंदिर में बांसुरी**

नई दिल्ली। भाजपा उम्मीदवार बांसुरी स्वराज ने रविवार को दिल्ली के चांदनी चौक में प्राचीन श्री गौरी शंकर मंदिर में पूजा-अर्चना की। बता दें, दिवंगत नेत्री सुषमा स्वराज की बेटी बांसुरी भी दिल्ली की एक सीट से चुनाव लड़ रही हैं।



**ईवीएम की सुरक्षा**

पटना। पटना, बिहार में रविवार को लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के बाद स्ट्रांग रूम में जमा करने के लिए एक सुरक्षाकर्मी ईवीएम ले जाता हुआ।

### भारत के चुनाव इतिहास में सिर्फ एक बार कांग्रेस ने 1984 में छुआ है यह आंकड़ा

# '400 पार' नामुमकिन नहीं, पर आसान भी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

तीन दिन बाद यह साफ हो जाएगा कि बीजेपी या एनडीए गठबंधन 400 सीटों के आंकड़े के कितने नजदीक तक पहुंचेगा। भारत के चुनाव इतिहास में सिर्फ एक बार एक राजनीतिक दल को 400 से ज्यादा सीटें मिली हैं। 1984 के लोकसभा चुनाव में ऐसा हुआ था। तब 541 में से कांग्रेस ने 414 सीटों पर जीत दर्ज की थी। यह चुनाव पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद हुआ था। आजादी के बाद के शुरुआती सालों में भी जब कांग्रेस बहुत ताकतवर थी, तब भी 1951-52 से लेकर 1977 तक कांग्रेस को कभी भी इतनी बड़ी जीत नहीं मिली थी। 1957 में कांग्रेस ने सबसे ज्यादा 371 सीटें जीती थी जबकि 1951-52, 1962 और 1971 में भी कांग्रेस 300 से ज्यादा सीटें जीतने में कामयाब रही थी। देश में आपातकाल लगने के बाद 1977 में हुए चुनाव में कांग्रेस सिर्फ 154 सीटें ही जीत पाई थी लेकिन 1980 में उसने जबरदस्त वापसी की थी और 353 सीटें जीतने में कामयाब रही थी।



#### इंदिरा गांधी की हत्या के बाद राजीव बने थे पीएम

अपनी मां इंदिरा गांधी की हत्या के बाद राजीव गांधी को अंतरिम प्रधानमंत्री चुना गया था। 1984 के चुनाव में हालांकि कांग्रेस को प्रचंड बहुमत मिला था लेकिन तब उसे काफी मुश्किलों का भी सामना करना पड़ा। उस दौरान कांग्रेस को शाहबानो के फैसले से लेकर, राम मंदिर का ताला खोलने और बोफोर्स घोटाले जैसी बड़ी मुश्किलों से जूझना पड़ा। इसके बाद 1989 में कांग्रेस सत्ता से बाहर हो गई और उसे सिर्फ 177 सीटें मिली तब जनता दल के नेतृत्व में कई दलों ने मिलकर सरकार बनाई थी।

#### 1984 में सबसे ज्यादा रहा वोट शेयर

1984 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने न सिर्फ सबसे ज्यादा सीटें जीती बल्कि सबसे सबसे ज्यादा वोट शेयर भी हासिल किया था। तब उसे 48.12% वोट मिले थे। इससे पहले कांग्रेस को 1957 में 47.78% वोट हासिल हुए थे। 1984 के बाद से अब तक कोई भी राजनीतिक दल 40% से ज्यादा वोट हासिल नहीं कर पाया है। 1989 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस इसके करीब पहुंची थी और उसे 39.53% वोट मिले थे। इसके बाद 2019 में बीजेपी को 37.7% वोट मिले थे। 1984 के लोकसभा चुनाव दो चरणों में हुए थे।

#### 1984 में बीजेपी को मिली थीं सिर्फ 2 सीटें

1984 में विपक्ष पूरी तरह साफ हो गया था। कांग्रेस के बाद सीपीएम सबसे बड़ा राष्ट्रीय दल था, उसे सिर्फ 22 सीटों पर जीत मिली थी और 5.71% वोट मिले थे। तब बीजेपी वोट प्रतिशत के मामले में दूसरे नंबर पर रही थी और उसे 7.4% वोट मिले थे लेकिन वह सिर्फ दो सीटें जीत पाई थी। कांग्रेस के अलावा तमाम बाकी राष्ट्रीय पार्टियां मिलकर सिर्फ 48 सीटें ही जीत सकी थी जबकि राज्य स्तरीय पार्टियों और निर्दलीयों को 79 सीटें मिली थी। सिर्फ ओडिशा को छोड़ दिया जाए तो 1984 में कांग्रेस का प्रदर्शन बीजेपी के द्वारा 2019 में किए गए प्रदर्शन से मेल खाता है।

#### 1984 इन राज्यों में कांग्रेस ने किया था शानदार प्रदर्शन

| राज्य का नाम | कुल सीटें | कितनी सीटें मिली |
|---|---|---|
| मध्य प्रदेश (अविभाजित) | 40 | 40 |
| राजस्थान | 25 | 25 |
| हरियाणा | 10 | 10 |
| दिल्ली | 7 | 7 |
| हिमाचल प्रदेश | 4 | 4 |
| उत्तर प्रदेश (अविभाजित) | 85 | 83 |
| बिहार (अविभाजित) | 54 | 48 |
| महाराष्ट्र | 48 | 43 |
| गुजरात | 26 | 24 |
| कर्नाटक | 28 | 24 |
| ओडिशा | 21 | 20 |

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




जारी रहेगी वर्षा की गतिविधि कई इलाकों में ग्रीष्मलहर भी




### आगे बढ़कर बनेगी मानसून द्रोणिका

मौसम विशेषज्ञ एचपी चंद्रा ने बताया कि एक द्रोणिका पश्चिम उत्तरप्रदेश से पश्चिम असम तक विस्तारित है। यहां धीरे-धीरे राजस्थान की ओर आगे बढ़ रहा है। आने वाले दिनों में यहीं सिस्टम मानसून द्रोणिका के रूप में ▶▶| शेष पेज 2 पर

### तिल्दा में तापमान 46 के करीब

नवतपा के अंतिम दिन तापमान बहुत अधिक नहीं चढ़ पाया। दोपहर बाद छाए बादलों की वजह से यह कुछ स्थानों पर ही अपना असर दिखा पाया। तिल्दा के एआरजी सिस्टम में तापमान 45.6 डिग्री रिकार्ड किया गया, ▶▶| शेष पेज 2 पर

# तपती धरती पर राहत की बूंदें

## दुर्ग, रायगढ़, जशपुर समेत कई इलाकों में बरसे बदरा, प्री-मानसून की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नवतपा के अंतिम दिन छत्तीसगढ़ के कई इलाकों में प्री-मानसून की शुरुआत हो गई। दिन में तेज गर्मी के बाद छाए बादल रायगढ़, दुर्ग, जशपुर के अलावा रायपुर जिले के कई क्षेत्रों में बरस पड़े। इससे तापमान में गिरावट आई और लोगों ने गर्मी के प्रकोप से राहत महसूस की। बारिश की ▶▶| शेष पेज 3 पर

**प्रमुख शहरों के तापमान**

| | |
|---|---|
| रायपुर | 43.0 |
| बिलासपुर | 42.4 |
| पेंड्रा | 40.1 |
| अंबिकापुर | 40.6 |
| जगदलपुर | 39.2 |
| दुर्ग | 42.4 |
| राजनांगांव | 42.0 |



### इन इलाकों में बारिश

मौसम विभाग के अनुसार गत चौबीस घंटे में रायगढ़ में 36.5, पुसौर में 30.0 कोरबा में 8.6, जशपुर में 7 मिमी., पेंड्रा में 8.0, जगदलपुर में 9.2 मिमी. तक वर्षा हुई। इसके अलावा रायपुर जिले के खरोरा, माना सहित कुछ एक हिस्सों में हल्की बारिश हुई। अगले चौबीस घंटे में कई इलाकों वर्षा की गतिविधि रहने की संभावना जताई गई है।

## खबर संक्षेप

### अंतरिक्ष यात्री की पहली बोइंग उड़ान स्थगित

**फ्लोरिडा।** अंतरिक्ष यात्री को लेकर जा रही बोइंग की पहली उड़ान का प्रक्षेपण कम्प्यूटर प्रणाली की खामी के कारण आखिरी क्षण में शनिवार को एक बार फिर स्थगित कर दिया गया। नासा के दो अंतरिक्ष यात्री सवार थे तभी उड़ान से तीन मिनट 50 सेकंड पर उल्टी गिनती खुद रोक दी।



### ग्लेशियर का हिस्सा ढहा, एक लापता

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के सोनमर्ग में थजवास ग्लेशियर का एक हिस्सा ढह गया। इसके कारण एक स्थानीय व्यक्ति पानी में लापता हो गया है। वहीं, 2 टूरिस्ट रेस्क्यू किए गए हैं। लापता की तलाशी के लिए गोताखोर जुटे हुए हैं। पुलिस और रेस्क्यू टीम मौके पर मौजूद रहे।



## लोकसभा चुनाव के नतीजों से पहले बढ़ी बेचैनी, इंडिया के बाद भाजपा ने भी की ईसी से मुलाकात

# गिनती से पहले टेंशन में इंडिया, तीसरी बार पहुंचा चुनाव आयोग, कहा- पहले हो बैलेट की काउंटिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव का रिजल्ट आने में अब बस दो दिन का ही इंतजार बचा है। चुनाव नतीजों की घोषणा से पहले विपक्षी खेमे इंडिया गठबंधन में हलचल तेज हो गई है। लोकसभा चुनाव में एग्जिट पोल में एनडीए की वापसी की बात कही गई है। इस बीच, इंडिया गठबंधन के नेताओं ने चुनाव आयोग से मुलाकात की। इंडिया गठबंधन में विभिन्न दलों के प्रतिनिधिमंडल में कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी, सलमान खुर्शीद, डीएमके के टीआर बालू, वाम दल की तरफ से सीताराम येचुरी, डी राजा भी शामिल थे। प्रतिनिधिमंडल की तरफ ▶▶| शेष पेज 3 पर

- **पोस्टल बैलेट, ईवीएम, परिणाम की अंतिम घोषणा पर रखी अपनी बात**

*लोकसभा चुनाव के नतीजों से पहले राजनीतिक दलों की सरगर्मी तेज हो गई है। इंडिया गठबंधन ने निर्वाचन आयोग से मुलाकात की और पांच मांगे रखी। अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा, हम गठबंधन के नेता तीसरी बार एक साथ चुनाव आयोग आए हैं। हमने हमारी चिंताओं को चुनाव आयोग को बताया और चर्चा की। इधर, भाजपा का प्रतिनिधिमंडल भी ईसी से मिला।*

**पांच मांगें रखीं**

- पोस्टल बैलट के रिजल्ट ईवीएम के रिजल्ट से पहले जारी किए जाएं।
- नियमों के तहत काउंटिंग हो, पर्यवेक्षक इन नियमों को लागू कराएं।
- मतगणना की सीसीटीवी से मॉनिटरिंग हो और कंट्रोल यूनिट का वेरिफिकेशन हो।
- मशीन से जो डेटा आए, उसे कन्फर्म किया जाए।
- ईवीएम को जब सील किया जाता है, तो उसे वेरिफाई करने के लिए काउंटिंग एजेंट होते हैं। काउंटिंग के दौरान उसे रीकन्फर्म किया जाए।



### भाजपा नेताओं ने भी ईसी से मुलाकात की

इंडिया गठबंधन के बाद वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल समेत भाजपा नेताओं ने भी ईसी से मुलाकात की। पीयूष गोयल ने बताया कि हमने चुनाव आयोग के सामने मांगें रखी हैं। वोट काउंटिंग में लगा अधिकारी प्रक्रिया को अच्छी तरह से जानता हो।

**इधर, जयराम का आरोप**

### 150 कलेक्टरों को शाह ने किया फोन

निर्वाचन आयोग ने रविवार को कांग्रेस नेता जयराम रमेश से उनके उस दावे को लेकर तथ्यात्मक विवरण मांगा जिसमें उन्होंने कहा था कि चार जून को होने वाली लोकसभा चुनाव की मतगणना से पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 150 जिला अधिकारियों और कलेक्टरों से फोन करके बात की है।

**गर्म हवाओं के थपेड़ों ने किया बेहाल**

# लू से दो की मौत, अब तक सात गंवा चुके हैं जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

गर्म हवाओं के थपेड़ों ने लोगों का हाल बेहाल कर दिया है। पिछले 8 दिनों के दौरान जिले में अबतक 7 लोगों की मौत हो चुकी है। इसमें से ज्यादातर लोग मजदूर तबके के हैं। रविवार को भी परसदा बोदरी निवासी 37 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई है। सिम्स में उसका पीएम कराया गया है। इधर, रेलवे स्टेशन में अज्ञात अधेड़ की मौत हो गई है।



सूत्रों के अनुसार यातायात नगर वार्ड 9 निवासी सन्नी कौशिक उम्र 37 वर्ष पिता स्व सुरेश कौशिक को शनिवार को शाम 4 बजे भर्ती किया गया। इस दौरान सिम्स में उसका इलाज किया जा रहा था, लेकिन उसकी मौत हो गई। रविवार को शव का पीएम कराया गया। मृत के परिजन रमेश कौशिक ने बताया कि वह खेत में दो दिनों से काम कर रहा था। शुक्रवार से उसकी तबियत बिगड़ गई, लेकिन उस दिन उसे भर्ती नहीं कराया गया। ▶▶| शेष पेज 3 पर



### पांच दिन में 250 से अधिक चमगादड़ों की मौत

शहर के बीच सरजू बगीचा मुख्य मार्ग पर 100 साल पुराना एक इमली का पेड़ है। इस पेड़ पर हजारों की संख्या में चमगादड़ बसेरा करते हैं। 23 मई से जो लू-भरी हवाएं चली और नवतपा में गर्मी का जो तांडव रहा, उससे इस इमली के पेड़ पर लटकने वाले चमगादड़ पके हुए आम की तरह एक-एक कर टपकने लगे। पांच दिन में यहां 250 से अधिक चमगादड़ मौत के ▶▶| शेष पेज 3 पर




चिंतन

## चुनाव आयोग पर संदेह करना लोकतंत्र के लिए उचित नहीं

किसी भी सफल लोकतंत्र की जड़ में वहां की स्वतंत्र संस्थाएं होती हैं। जब तक ये संस्थाएं निष्पक्षता से कार्य करती हैं, तब तक लोकतंत्र की जड़ें पोषित होती हैं। दुनिया के सबसे विशाल और सफल लोकतंत्र भारत की कामयाबी में भी स्वतंत्र संस्थाओं का अहम योगदान है। इन्हीं में से एक है चुनाव आयोग। दरअसल, संविधान निर्माताओं ने स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से चुनाव सम्पन्न कराने के लिए अनुच्छेद 324 में निर्वाचन आयोग की व्यवस्था की थी और संविधान की मूल भावना के अनुसार आयोग को निष्पक्ष तो होना ही चाहिए। इसमें किसी को शको शुबहा नहीं होना चाहिए कि देश भ्रष्टाचार, भाई भतीजावाद, राजनीति-नौकरशाही और अपराधियों का गठजोड़, तरक्की के अवसरों पर मुट्ठीभर लोगों का कब्जा आदि समस्याओं से ग्रस्त है। समय के साथ-साथ कुछ खामियां आयोग की कार्यप्रणाली में भी आई हैं। इससे कोई इनकार नहीं कर सकता कि आयोग में सुधार की जरूरत है। चुनावों में सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग नई बात नहीं है। आजादी के बाद से विपक्षी दल चुनावों में प्रशासनिक तंत्र के दुरुपयोग के विरुद्ध हमेशा आवाज उठाते रहे हैं, लेकिन जब विपक्षी दल सत्तारूढ़ होते हैं तो फिर उन पर भी चुनावों में सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग का आरोप लगता है। इससे इनकार नहीं किया जा सकता कि आयोग पर केंद्र सरकार और राज्यों की निर्वाचन मशीनरी पर राज्य की सत्तारूढ़ पार्टियों का दबाव रहता है। चुनाव से ठीक पहले राज्य सरकारें अपने भरोसेमंद अधिकारियों को महत्वपूर्ण स्थानों पर फिट कर लेती हैं, इसीलिए राज्यों में भी निर्वाचन आयोग के गठन की सिफारिश हो चुकी है। वर्तमान में राज्य का ही कोई अधिकारी राज्य का मुख्य निर्वाचन अधिकारी होता है, जोकि अन्य जनसेवकों की तरह राज्य सरकार का सेवक होता है और उस पर सत्ताधारी दल का प्रभाव हो सकता है। जिला मजिस्ट्रेट ही निर्वाचन अधिकारी होते हैं जो अपनी सरकार के अधीन होते हैं। कहने के लिए चुनाव के दौरान सारी मशीनरी निर्वाचन आयोग के अधीन आ जाती है, जिसकी अपनी निष्पक्षता हमेशा ही संदेह के घेरे में रहती है। इतना सब होने के बाद भी आयोग अपनी निष्पक्षता को बनाए रखने में कामयाब रहा है। आज भी हर देशवासी उसे विश्वास की नजर से देखता है, लेकिन अनेक अवसरों पर देखने में आया है कि राजनीतिक दल आयोग की विश्वसनीयता को प्रभावित करने की न केवल कोशिश करते हैं, बल्कि उस पर लांछन पर लगाते नजर आते हैं। जैसे ईवीएम पर ही सवाल खड़े कर दिए गए। ये तो भला हो सुप्रीम कोर्ट का जिसने इस पूरे अभियान को तारपीडो कर दिया। ऐसा ही एक प्रयास रविवार को हुआ जब कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने दावा किया था कि गृह मंत्री अमित शाह जिला कलेक्टर्स को फोन करके डरा-धमका रहे हैं। इस पर तुरंत चुनाव आयोग ने संज्ञान लिया और जयराम रमेश को पत्र लिखकर कहा कि आचार संहिता लागू होने के दौरान सभी अधिकारी इलेक्शन कमीशन को रिपोर्ट करते हैं। अब तक किसी डीएम ने ऐसी जानकारी नहीं दी है, जैसे आप दावा कर रहे हैं। जैसा कि आप जानते हैं कि वोट काउंटिंग की प्रक्रिया एक पवित्र ड्यूटी है, जो हर रिटर्निंग अफसर को सौंपी गई है। अपने दावे से जुड़ी डिटेल शेयर करें। ताकि सही एक्शन लिया जा सके। इसमें दोराय नहीं कि उनके पास न तो ऐसी जानकारी है और न वे आयोग को कुछ देने वाले है। वे केवल उसकी प्रतिष्ठा को प्रभावित करने का प्रयास कर रहे हैं। नेताओं को भी समझना होगा कि संस्थाओं की निष्पक्षता ही लोकतंत्र का मूल है। अगर वो प्रभावित हुई तो पूरा देश प्रभावित होगा।

एक्जिट पोल

प्रमोद भार्गव



## वास्तविकता में बदलेंगे अनुमान

अंतिम सातवें चरण का मतदान करीब 62 प्रतिशत होने के साथ लोकतंत्र का महायज्ञ समाप्त हो गया। इसी के साथ एग्जिट पोल के बहाने अटकलों का बाजार गर्म हो गया। देश के नामी-गिरामी आठ सर्वेक्षणों ने अनुमान लगाया है कि प्रचंड बहुमत के साथ मोदी सरकार तीसरी बार आ रही है। फलोदी समेत अन्य सट्टा बाजार भी इसी अनुमान की पुष्टि करते दिखाई दे रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नारा 400 पार मतगणना के धरातल पर सच होने के करीब है। साफ है, केंद्र में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन 375 से 415 सीटों पर विजयश्री प्राप्त कर सरकार बनाने जा रहा है। इनमें अकेली भाजपा की 300 से ऊपर सीटें होंगी। जबकि इंडिया गठबंधन को अधिकतम 129 से 161 सीटें मिलने की उम्मीद है। इसमें कांग्रेस 52 से 56 सीटें जीत सकती हैं। लोकसभा की कुल 543 सीटें हैं और सत्तारुढ़ होने के लिए 272 सीटों का आंकड़ा जरूरी है। चैनलों के सभी सर्वे राजग को पूर्ण बहुमत दे रहे हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में राजग को 353 और यूपीए को 91 सीटें मिली थीं। 148 सीटें क्षेत्रीय दल और निर्दलियों के खाते में गई थीं। इस चुनाव में भाजपा को 303 और कांग्रेस को 52 सीटें मिल पाई थीं। 2014 और 19 में किसी भी दल को इतनी सीटें नहीं मिली थीं कि वह लोकसभा में विपक्ष का नेता बनने का अधिकारी हो जाए। 2024 में भी विपक्ष को इस हालात का सामना करना पड़ सकता है।

ऐसे में एक बार फिर सोनिया गांधी, राहुल गांधी, ममता बनर्जी, मायावती, अखिलेश यादव, तेजस्वी यादव और दक्षिण भारत के विपक्षी दलों को झटका लगने जा रहा है। बेमेल धर्म व जातीय समीकरणों के बूते उप्र में जो सबसे ज्यादा सीटें जीतने की हुंकार अखिलेश और मायावती भर रहे थे, वहां राजग को 69 सीटें मिलने का अनुमान है। कांग्रेस-सपा गठबंधन को 11 सीटों पर संतोष करना होगा। मायावती का इस बार खाता खुलना भी मुश्किल है। साफ है, चुनावी नक्कारखाने में धर्म और जाति की तूती से अब सनातन मतदाता दूर जाता दिखाई दे रहा है। कह सकते हैं कि प्रियंका गांधी अपनी दादी इंदिरा गांधी की तरह चमत्कारिक व्यक्तित्व के रूप में पेश नहीं आ पा रही हैं और न राहुल गांधी का नेतृत्व जनता स्वीकार करने को तैयार है। संतान के मोह में सोनिया गांधी ने कांग्रेस को हाशिए पर डालने का काम कर दिया है। सर्वेक्षणों की मानें तो भाजपा ने पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी और ओडिशा में नवीन पटनायक की बुनियाद हिला दी है। बंगाल में राजग 21 और ओडिशा में 15 सीटें तक लेती दिखाई दे रही है। यही नहीं इस बार भाजपा के लिए दक्षिण के सभी प्रांत स्वागत के लिए आतुर दिखाई दे रहे हैं। कर्नाटक में भाजपा की सभी 28 सीटों पर भाजपा बढ़त में है। तमिलनाडू में राजग 4, आंध्रप्रदेश में 20, केरल में 2 और तेलंगाना में 17 सीटें जीत सकती है। इनसे इतर महाराष्ट्र में 29, गुजरात में 26 में से 26, राजस्थान में 20, असम में 11, पंजाब में 3, छत्तीसगढ़ में 11, हरियाणा में 6, बिहार में 33 सीटें मिलने की उम्मीद है। झारखंड में भाजपा को नुकसान हो सकता है। पूर्वोत्तर भारत में भी भाजपा अपने सहयोगी दलों के साथ बढ़त बनाए हुए हैं। इन अनुमानों में कम्युनिस्ट पार्टियां पूरे देश में अस्तित्व बचाने की लड़ाई तक सीमित रह गई हैं। साफ है, वामपंथ पर दक्षिणपंथ भारी पड़ रहा है।

हालांकि 2019 की तुलना में सभी चरणों में मतदान कम रहा है। अब 4 जून को वास्तविक नतीजे आएंगे, लेकिन मतदान के बाद एग्जिट पोल सर्वेक्षणों के खुलासे ने साफ कर दिया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और मोदी व अमित शाह की जोड़ी जमीन पर रणनीतिक सफलता हासिल करने जा रही है। इस बार मोदी की आक्रामक शैली ने हिंदू वोटों को पूरे देश में जबरदस्त ढंग से ध्रुवीकृत किया है, जबकि कांग्रेस और उसके सहयोगी दल चुनाव के दौरान भी मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति का खेल खेलते रहे। आंध्रप्रदेश और कर्नाटक में पिछड़े वर्ग के कोटे में मुसलमानों को आरक्षण देना महंगा पड़ा दिखाई देता है। मोदी ने इस मुद्दे को उछालकर न केवल इन प्रांतों में बल्कि पूरे देश में पिछड़े और अतिपिछड़ों को अपने संवैधानिक अधिकार के प्रति सचेत कर दिया। नतीजतन इस वर्ग के मतदाताओं ने राजग को झोली भरकर वोट दिए। इस मुद्दे को मोदी ने बंगाल में भी भुनाया। इसी का परिणाम है कि 2019 में मिलीं 18 सीटों की तुलना में भाजपा को यहां 21 से 28 सीटें मिलने तक का अनुमान बता रहे हैं। राम मंदिर, धारा-370 और तीन तलाक जैसे मुद्दों ने सभी वर्ग के मतदाताओं को लुभाया है। दूसरे लाडली बहना, मुफ्त राशन, मुफ्त आवास, हर घर में नल से जल, स्वास्थ्य लाभ के लिए आयुष्मान योजना और स्त्री सुरक्षा के लिए शौचालय जैसी योजनाओं से मिले लाभ के चलते ग्रामीण मतदाता राजग के पक्ष में खुला खड़ा दिखाई दिया है। अच्छे मतदान ने भी राजग की स्थिति अच्छी बना दी है। 2019 की तुलना में कम रहने के बावजूद औसत मतदान 62 प्रतिशत से ऊपर रहा है। ये सर्वे यदि 4 जून को आने वाले वास्तविक नतीजों पर खरे उतरते हैं तो राजग गठबंधन स्पष्ट बहुमत में होगा। ये अनुमान जताते हैं, कि दलित, वंचित और वनवासी मतदाताओं का जातिगत मतदान से मोहभंग हो रहा है और वे क्षेत्रीय संकीर्णता से मुक्त हो रहे हैं। इस बार धर्मनिरपेक्षता के पैरोकारों पर सनातन-सांस्कृतिक राष्ट्रवाद हावी रहा है। कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल के प्रमुखों ने रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा का आमंत्रण भले ही ठुकराया हो, लेकिन भगवान राम की भक्ति सभी ने दिखाई। भाषणों में बहुत ज्यादा धर्मनिरपेक्ष होने का दंभ नहीं भरा। गोया लगता है, अब छद्म धर्मनिरपेक्षता का आवरण टूट रहा है। केवल बंगाल में ममता बनर्जी मुस्लिम मतदाताओं के तुष्टिकरण के इस छल का सहारा ले रही हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# कन्याकुमारी में साधना से निकले नये संकल्प



चिंतन

नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

मेरे प्यारे देशवासियों,

लोकतंत्र की जननी में लोकतंत्र के सबसे बड़े महापर्व का एक पड़ाव 1 जून को पूरा हो गया है। तीन दिन तक कन्याकुमारी में आध्यात्मिक यात्रा के बाद, मैं अभी दिल्ली जाने के लिए हवाई जहाज में आकर बैठा ही हूं..। कितने सारे अनुभव हैं, कितनी सारी अनुभूतियां हैं...मैं एक असीम ऊर्जा का प्रवाह स्वयं में महसूस कर रहा हूं।


वाकई, 24 के इस चुनाव में, कितने ही सुखद संयोग बने हैं। अमृतकाल के इस प्रथम लोकसभा चुनाव में मैंने प्रचार अभियान 1857 के प्रथम स्वतन्त्रता संग्राम की प्रेरणास्थली मेरठ से शुरू किया। माँ भारती की परिक्रमा करते हुए इस चुनाव की मेरी आखिरी सभा पंजाब के होशियारपुर में हुई। संत रविदास जी की तपोभूमि, हमारे गुरुओं की भूमि पंजाब में आखिरी सभा होने का सौभाग्य भी बहुत विशेष है। इसके बाद मुझे कन्याकुमारी में भारत माता के चरणों में बैठने का अवसर मिला। उन शुरुआती पलों में चुनाव का कोलाहल मन-मस्तिष्क में गूंज रहा था। रैलियों में, रोड शो में देखे हुए अनगिनत चेहरे मेरी आंखों के सामने आ रहे थे। माताओं-बहनों-बेटियों के असीम प्रेम का वो ज्वार, उनका आशीर्वाद...उनकी आंखों में मेरे लिए वो विश्वास, वो दुलार...मैं सब कुछ आत्मसात कर रहा था। मेरी आंखें नम हो रही थीं...मैं शून्यता में जा रहा था, साधना में प्रवेश कर रहा था।

कुछ ही क्षणों में राजनीतिक वाद विवाद, वार-पलटवार...आरोपों के स्वर और शब्द, वह सब अपने आप शून्य में समाते चले गए। मेरे मन में विरक्ति का भाव और तीव्र हो गया...मेरा मन बाह्य जगत से पूरी तरह अलिप्त हो गया।

इतने बड़े दायित्वों के बीच ऐसी साधना कठिन होती है, लेकिन कन्याकुमारी की भूमि और स्वामी विवेकानंद की प्रेरणा ने इसे सहज बना दिया। मैं सांसद के तौर पर अपना चुनाव भी अपनी काशी के मतदाताओं के चरणों में छोड़कर यहाँ आया था।

मैं ईश्वर का भी आभारी हूँ कि उन्होंने मुझे जन्म से ये संस्कार दिये। मैं ये भी सोच रहा था कि स्वामी विवेकानंद जी ने उस स्थान पर साधना के समय क्या अनुभव किया होगा! मेरी साधना का कुछ हिस्सा इसी तरह के विचार प्रवाह में बहा।

इस विरक्ति के बीच, शांति और नीरवता के बीच, मेरे मन में निरंतर भारत के उज्ज्वल भविष्य के लिए, भारत के लक्ष्यों के लिए निरंतर विचार उमड़ रहे थे। कन्याकुमारी के उगते हुए सूर्य ने मेरे विचारों को नई ऊंचाई दी, सागर की विशालता ने मेरे विचारों को विस्तार दिया और क्षितिज के विस्तार ने ब्रह्मांड की गहराई में समाई एकात्मकता, Oneness का निरंतर ऐहसास कराया। ऐसा लग रहा था जैसे दशकों पहले हिमालय की गोद में किए गए चिंतन और अनुभव पुनर्जीवित हो रहे हों।



साथियों,

कन्याकुमारी का ये स्थान हमेशा से मेरे मन के अत्यंत करीब रहा है। कन्याकुमारी में विवेकानंद शिला स्मारक का निर्माण श्री एकनाथ रानडे जी ने करवाया था। एकनाथ जी के साथ मुझे काफी भ्रमण करने का मौका मिला था। इस स्मारक के निर्माण के दौरान कन्याकुमारी में कुछ समय रहना, वहां आना-जाना, स्वभाविक रूप से होता था।

कश्मीर से कन्याकुमारी... ये हर देशवासी के अन्तर्मन में रची-बसी हमारी साझी पहचान हैं। ये वो शक्तिपीठ है जहां मां शक्ति ने कन्या कुमारी के रूप में अवतार लिया था। इस दक्षिणी छोर पर माँ शक्ति ने उन भगवान शिव के लिए तपस्या और प्रतीक्षा की जो भारत के सबसे उत्तरी छोर के हिमालय पर विराज रहे थे।

कन्याकुमारी संगमों के संगम की धरती है। हमारे देश की पवित्र नदियां अलग-अलग समुद्रों में जाकर मिलती हैं और यहां उन समुद्रों का संगम होता है। और यहाँ एक और महान संगम दिखता है- भारत का वैचारिक संगम!

यहां विवेकानंद शिला स्मारक के साथ ही संत तिरुवल्लूवर की विशाल प्रतिमा, गांधी मंडपम और कामराज मणि मंडपम हैं। महान नायकों के विचारों की ये धाराएँ यहाँ राष्ट्र चिंतन का संगम बनाती हैं। इससे राष्ट्र निर्माण की महान प्रेरणाओं का उदय होता है। जो लोग भारत के राष्ट्र होने और देश की एकता पर संदेह करते हैं, उन्हें कन्याकुमारी की ये धरती एकता का अमिट संदेश देती है।

कन्याकुमारी में संत तिरुवल्लूवर की विशाल प्रतिमा, समंदर से मां भारती के विस्तार को देखती हुई प्रतीत होती है। उनकी रचना 'तिरुक्कुरल' तमिल साहित्य के रत्नों से जड़ित एक मुकुट के जैसी है। इसमें जीवन के हर पक्ष का वर्णन है, जो हमें स्वयं और राष्ट्र के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने की प्रेरणा देता है। ऐसी महान विभूति को श्रद्धांजलि अर्पित करना भी मेरा परम सौभाग्य रहा।

साथियों,

स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था- Every Nation Has a Message To deliver, a mission to fulfil, a destiny to reach.

भारत हजारों वर्षों से इसी भाव के साथ सार्थक उद्देश्य को लेकर आगे बढ़ता आया है। भारत हजारों वर्षों से विचारों के अनुसंधान का केंद्र रहा है। हमने जो अर्जित किया उसे कभी अपनी व्यक्तिगत पूंजी मानकर आर्थिक या भौतिक मापदण्डों पर नहीं तौला। इसीलिए, 'इदं न मम' यह भारत के चरित्र का सहज एवं स्वाभाविक हिस्सा हो गया है।

भारत के कल्याण से विश्व का कल्याण, भारत की प्रगति से विश्व की प्रगति, इसका एक बड़ा उदाहरण हमारी आज़ादी का आंदोलन भी है। 15 अगस्त 1947 को भारत स्वतंत्र हुआ। उस समय दुनिया के कई देश गुलामी में थे। भारत की स्वतन्त्रता से उन देशों को भी प्रेरणा और बल मिला, उन्होंने आजादी प्राप्त की। अभी कोरोना के कठिन कालखंड का उदाहरण भी हमारे सामने है। जब गरीब और विकासशील देशों को लेकर आशंकाएं व्यक्त की जा रही थीं, लेकिन, भारत के सफल प्रयासों से तमाम देशों को हौसला भी मिला और सहयोग भी मिला।

आज भारत का गवर्नेंस मॉडल दुनिया के कई देशों के लिए एक उदाहरण बना है। सिर्फ 10 वर्षों में 25 करोड़ लोगों का गरीबी से बाहर निकलना अभूतपूर्व है। प्रो-पीपल गुड गवर्नेंस, aspirational district, aspirational block जैसे अभिनव प्रयोग की आज विश्व में चर्चा हो रही है। गरीब के सशक्तिकरण से लेकर लास्ट माइल डिलीवरी तक, समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को प्राथमिकता देने के हमारे प्रयासों ने विश्व को प्रेरित किया है। भारत का डिजिटल इंडिया अभियान आज पूरे विश्व के लिए एक उदाहरण है कि हम कैसे टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल गरीबों को सशक्त करने में, पारदर्शिता लाने में, उनके अधिकार दिलाने में कर सकते हैं। भारत में सस्ता डेटा आज सूचना और सेवाओं तक गरीब की पहुँच सुनिश्चित करके सामाजिक समानता का माध्यम बन रहा है। पूरा विश्व technology के इस democratization को एक शोध दृष्टि से देख रहा है और बड़ी वैश्विक संस्थाएं कई देशों को हमारे मॉडल से सीखने की सलाह दे रही हैं।

आज भारत की प्रगति और भारत का उत्थान केवल भारत के लिए बड़ा अवसर नहीं है। ये पूरे विश्व में हमारे सभी सहयात्री देशों के लिए भी एक ऐतिहासिक अवसर है। G-20 की सफलता के बाद से विश्व भारत की इस भूमिका को और अधिक मुखर होकर स्वीकार कर रहा है। आज भारत को ग्लोबल साउथ की एक सशक्त और महत्वपूर्ण आवाज़ के रूप में स्वीकार किया जा रहा है। भारत की ही पहल पर अफ्रीकन यूनियन G-20 ग्रुप का हिस्सा बना। ये सभी अफ्रीकन देशों के भविष्य का एक अहम मोड़ साबित हुआ है।

साथियों,

नए भारत का ये स्वरूप हमें गर्व और गौरव से भर देता है, लेकिन, साथ ही ये 140 करोड़ देशवासियों को उनके कर्तव्यों का अहसास भी करवाता है। अब एक भी पल गँवाए बिना हमें बड़े दायित्वों और बड़े लक्ष्यों की दिशा में कदम उठाने होंगे। हमें नए स्वप्न देखने हैं। अपने सपनों को अपना जीवन बनाना है, और उन सपनों को जीना शुरू करना है।

आज की वैश्विक परिस्थितियों में युवा राष्ट्र के रूप में भारत का सामर्थ्य हमारे लिए एक ऐसा सुखद संयोग और सुअवसर है जहां से हमें पीछे मुड़कर नहीं देखना है।

21वीं सदी की दुनिया आज भारत की ओर बहुत आशाओं से देख रही है। और वैश्विक परिदृश्य में आगे बढ़ने के लिए हमें कई बदलाव भी करने होंगे। हमें reform को लेकर हमारी पारंपरिक सोच को भी बदलना होगा। भारत reform को केवल आर्थिक बदलावों तक सीमित नहीं रख सकता है। हमें जीवन में हर क्षेत्र में reform की दिशा में आगे बढ़ना होगा। हमारे reform 2047 के विकसित भारत के संकल्प के अनुरूप भी होने चाहिए।

स्वामी विवेकानंद ने 1897 में कहा था कि हमें अगले 50 वर्ष केवल और केवल राष्ट्र के लिए समर्पित करने होंगे। उनके इस आह्वान के ठीक 50 वर्ष बाद, 1947 में भारत आज़ाद हो गया।

आज हमारे पास वैसा ही स्वर्णिम अवसर है। हम अगले 25 वर्ष केवल और केवल राष्ट्र के लिए समर्पित करें। हमारे ये प्रयास आने वाली पीढ़ियों और आने वाली शताब्दियों के लिए नए भारत की सुदृढ़ नींव बनकर अमर रहेंगे। मैं देश की ऊर्जा को देखकर ये कह सकता हूँ कि लक्ष्य अब दूर नहीं है। आइए, तेज कदमों से चलें...मिलकर चलें, भारत को विकसित बनाएं।

## हम जो भी करेंगे वह कर्म है



संकलित

दर्शन

'इगोसेंट्रिक' कर्म को वे कर्म कहते हैं। ऐसे कर्म को, जिसमें कर्ता मौजूद है। जिसमें कर्ता यह विचार करके ही कर रहा है कि करने वाला मैं हूं। जब तक मैं करने वाला हूं, तब तक हम जो भी करेंगे, वह कर्म है। अगर मैं संन्यास ले रहा हूं, तो संन्यास एक कर्म हो गया। अगर मैं त्याग कर रहा हूं, तो त्याग एक कर्म हो गया। अकर्म का मतलब ठीक उलटा है। अकर्म का मतलब है ऐसा कर्म, जिसमें कर्ता नहीं है। जिसमें मैं कर रहा हूं, ऐसा कोई बिंदु नहीं है। ऐसा कोई केंद्र नहीं है, जहां से यह भाव उठता है कि मैं कर रहा हूं। अगर मैं कर रहा हूं, यह खो जाए, तो सभी कर्म अकर्म है। कर्ता खो जाए तो सभी कर्म अकर्म है। इसलिए कृष्ण का कोई कर्म, कर्म नहीं है, सभी अकर्म हैं। कर्म और अकर्म के बीच में विकर्म की जगह है। विकर्म का अर्थ है, विशेष कर्म। विशेष कर्म किसे कहते हैं कृष्ण? जहां न कर्ता है, और न कर्म। फिर भी चीजें तो होंगी। फिर भी चीजें तो होंगी ही। आदमी श्वास तो लेगा ही। न कर्म है, न कर्ता है। श्वास तो लेगा ही। श्वास कर्म तो है ही। खून तो गति करेगा ही शरीर में। भोजन तो पचेगा ही। ये कहां पड़ेंगे? ये विकर्म हैं। ये मध्य में हैं। यहां न कर्ता है, न कर्म है। साधारण मनुष्य कर्म में है, संन्यासी अकर्म में है, परमात्मा विकर्म में है। वहां न कोई कर्ता है, न कोई कर्म है। वहां चीजें ऐसी ही हो रही हैं, जैसे श्वास चलती है। वहां चीजें बस हो रही हैं। यह कर्म योग का तत्व है । जो विकर्म को समझ लेगा, वह अकर्म में उतर जाएगा। कर्म हमारी स्थिति है, जैसे हम जी रहे हैं।

## झूठे आरोप का सामना बुद्धिमानी व धैर्य के साथ करें



संकलित

प्रेरणा

महाभारत की कथा है। उस समय द्वारका में सत्राजित नाम का व्यक्ति था, वह सूर्य भक्त था। उसकी भक्ति से प्रसन्न होकर सूर्य देव ने उसे स्यमंतक नाम की चमत्कारी मणि दी थी। इस मणि की खास बात ये थी कि ये हर रोज बीस तोला सोना देती थी। मणि की वजह से सत्राजित बहुत धनवान हो गया था। एक दिन श्रीकृष्ण ने सत्राजित से कहा कि आप ये मणि राजकोष में दे देंगे तो राज व्यवस्था के लिए हमें भी थोड़ा धन मिल जाएगा। श्रीकृष्ण की बात सुनकर सत्राजित ने मणि देने से मना कर दिया। सत्राजित की ना सुनकर श्रीकृष्ण वहां से अपने महल लौट आए। सत्राजित का एक भाई था प्रसेनजित। प्रसेनजित ने अपने भाई को बिना बताए उसकी स्यमंतक मणि ले ली और जंगल में शिकार खेलने चला गया। जंगल में एक शेर ने प्रसेनजित को मार दिया और खा गया। प्रसेनजित के पास से स्यमंतक मणि वहीं गिर गई। इधर सत्राजित को अपना भाई और मणि दिखाई नहीं दी तो उसने पूरी द्वारका में ये खबर फैला दी कि कृष्ण ने मेरी मणि चुराई है और मेरे भाई प्रसेनजित की हत्या कर दी है। श्रीकृष्ण ने विचार किया कि इस कलंक को मिटाना होगा। जंगल में श्रीकृष्ण को शेर के पंजों के निशान दिखाई दिए। श्रीकृष्ण मणि खोजने लगे। वहीं पास में एक गुफा के बाहर कुछ बच्चे मणि से खेल रहे थे, श्रीकृष्ण ने मणि देख ली। उस गुफा में जामवंत रहते थे। श्रीकृष्ण गुफा में पहुंचे। गुफा में श्रीकृष्ण और जामवंत का युद्ध हुआ। युद्ध में श्रीकृष्ण जीते तो जामवंत ने अपनी पुत्री जामवती का विवाह श्रीकृष्ण से कर दिया और स्यमंतक मणि भी दे दी।

अंतर्मन




आज की पाती


### बढ़ती जनसंख्या कई समस्याओं की जड़

हमारा देश विकास और अन्य बहुत से अच्छे कामों में दुनिया भर में नंबर वन पर है और आगे भी बढ़ रहा है, लेकिन जनसंख्या के मामले में भी हमारा देश दुनिया भर में एक नंबर पर पहुंच चुका है। इस मामले में हमने चीन को भी पीछे छोड़ दिया है। अभी हाल ही में संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष की रिपोर्ट में बताया गया है कि हमारे देश की जनसंख्या लगभग 144 करोड़ के आंकड़े तक पहुंच गई है और भारत की जनसंख्या 77 वर्षों में दोगुनी हो सकती है। अगर भारत सरकार और देश का आमजन बढ़ती जनसंख्या को रोकने के लिए गंभीरता दिखाए तो भारत जनसंख्या वृद्धि के मामले में आगे नहीं बढ़ेगा। जनसंख्या वृद्धि को रोकना नितांत आवश्यक है क्योंकि इससे कई समस्याएं पैदा होती हैं।

*– पवन साहू, दुर्ग*

करंट अफेयर

## चीन यूक्रेन शांति वार्ता में शामिल होने से रोक रहा




यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने रविवार को दावा किया कि चीन अन्य देशों पर आगामी यूक्रेन शांति वार्ता में शामिल न होने का दबाव बना रहा है। जेलेंस्की ने यूक्रेन में जारी युद्ध को लेकर स्विटजरलैंड द्वारा प्रस्तावित शांति सम्मेलन को बाधित करने में रूस की मदद करने का चीन पर आरोप लगाया। सिंगापुर में शांगरी-ला रक्षा मंच पर जेलेंस्की ने कहा कि चीन अन्य देशों पर आगामी यूक्रेन शांति वार्ता में शामिल न होने का दबाव बना रहा है। उन्होंने कहा, 'रूस, क्षेत्र में चीनी प्रभाव का इस्तेमाल करते हुए, शांति शिखर सम्मेलन को बाधित करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहा है।' उन्होंने कहा, 'यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि चीन जैसा शक्तिशाली देश पुतिन (रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन) के हाथों की कठपुतली है।' इससे पहले दिन में एशिया के सुरक्षा सम्मेलन को संबोधित करते हुए जेलेंस्की ने शीर्ष रक्षा अधिकारियों से आगामी शिखर सम्मेलन में भाग लेने का आग्रह किया और कहा कि वह कुछ देशों द्वारा इसमें शामिल होने के लिए प्रतिबद्धता जताने में विफल रहने से निराश हैं। उन्होंने कहा, 'हम विभिन्न प्रस्तावों और विचारों को सुनने के लिए तैयार हैं, ताकि युद्ध की समाप्ति हो सके और कोई स्थायी समाधान निकाला जा सके।'

ऑफ बीट

## नींद में मस्तिष्क विषाक्त अपशिष्ट से पाता है छुटकारा

इसमें कोई संदेह नहीं है कि नींद मस्तिष्क के लिए अच्छी है। यह विभिन्न भागों को पुनर्जीवित करने और यादों को स्थिर करने में मदद करती है।



जब हम पर्याप्त नींद नहीं लेते हैं, तो इससे तनाव का स्तर बढ़ सकता है और मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं बढ़ सकती हैं। साक्ष्य इस धारणा का भी समर्थन करते हैं कि जागते रहने की तुलना में सोते वक्त हमारा मस्तिष्क अधिक विषाक्त अपशिष्ट से छुटकारा पाता है। यह प्रक्रिया संभावित रूप से हानिकारक चीजों जैसे कि एमिलॉयड से छुटकारा पाने में महत्वपूर्ण मानी जाती है। एमिलॉयड प्रोटीन मस्तिष्क में होने वाले अल्जाइमर रोग से जुड़ा हुआ है। हालांकि, चूहों पर किए गए एक हालिया अध्ययन में इसके विपरीत निष्कर्ष सामने आए हैं। इस अनुसंधान पत्र के लेखकों ने संकेत दिया है कि चूहों में, नींद के दौरान मस्तिष्क से हानिकारक सामग्री की निकासी वास्तव में कम होती है और पिछले निष्कर्षों की भी इस तरह से पुनर्व्याख्या की जा सकती है। मस्तिष्क की सफाई प्रणाली चूंकि मस्तिष्क एक सक्रिय ऊतक है जिसमें हर समय कई चयापचय और कोशिकीय प्रक्रियाएं होती रहती हैं। इसलिए यह बहुत सारा अपशिष्ट पैदा करता है। यह अपशिष्ट हमारे 'ग्लाइम्फैटिक' प्रणाली द्वारा निकाला जाता है।

ट्रेंड

### ऐतिहासिक निर्णय



डब्ल्यूएचए 77 प्रतिनिधियों द्वारा आज लिए गए ऐतिहासिक निर्णय अंतर्राष्ट्रीय स्वास्थ्य विनियम संशोधन को अपनाएं। एक वर्ष के भीतर महामारी समझौते को अंतिम रूप देकर इच्छा प्रदर्शित करें। कौन सदस्य देश सार्वजनिक स्वास्थ्य आपात स्थितियों के साझा जोखिम से लोगों की रक्षा करेंगे

**-डॉ टेड्रोस, डब्ल्यूएचओ महानिदेशक**

### पर्याप्त कार्रवाई नहीं



राष्ट्रीय बंदूक हिंसा जागरूकता माह के दौरान, हम उन हजारों अमेरिकियों को याद करते हैं जिनकी जान हर साल बंदूक हिंसा में चली जाती है। मैंने महत्वपूर्ण बंदूक सुरक्षा बिल पर हस्ताक्षर किए हैं और कार्रवाई की हैं-लेकिन यह पर्याप्त नहीं है।

**-जो बाइडेन, अमेरिकी राष्ट्रपति**

### सच्चाई सामने आ गई



मोदी जी अपने एग्जिट पोल पर ज़रूर नाचेंगे कूदेंगे, लेकिन सच्चाई 4 जून को सामने आ ही जाएगी। मोदी जी की पार्टी घोर परिवारवादी है बीजेपी ने 442 में 110 सीट राजनीतिक परिवारों को दिया है। सारे भ्रष्टाचारी आज मोदी के साथ हैं।

**-संजय सिंह, आप सांसद**

### सरकार के ख़िलाफ़ आक्रोश



जिसने भी ज़मीन पर जाकर चुनाव को देखा है, वो ख़ुद एक्जिट पोल के आंकड़ों को मानने के लिए तैयार नहीं हैं। असलियत यह है कि ज़मीन पर लोगों में मोदी और उनकी सरकार के ख़िलाफ़ आक्रोश है।

**-सुप्रिया श्रीनेत, कांग्रेस नेता**

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## जैकेट के शेष

### 700 से ज्यादा कर्मचारी ....

बजे से ही ईवीएम के मतों की गणना प्रारंभ कर दी जाएगी। मुख्यालय वाले जिलों के मुकाबले अन्य जिलों में परिणाम जल्द आने की उम्मीद है।

### अरुणाचल में फिर ....

जीत दर्ज की। कांग्रेस ने एक सीट जीती और तीन सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार विजयी हुए हैं। भाजपा ने अरुणाचल प्रदेश में 2019 के विधानसभा चुनाव में 41 सीट पर जीत हासिल की थी। इधर, सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा (एसकेएम) 32 सदस्यीय विधानसभा में 31 सीट पर जीत दर्ज करके रविवार को लगातार दूसरी बार प्रचंड बहुमत के साथ सिक्किम में अपनी सत्ता बरकरार रखी। वर्ष 2019 तक लगातार 25 साल राज्य पर शासन करने वाला सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट (एसडीएफ) महज एक सीट जीत पाया है। एसडीएफ अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री पवन कुमार चामलिंग दोनों सीट पर हार गए हैं। उन्होंने दो सीट पर चुनाव लड़ा था। हालांकि, एसकेएम अध्यक्ष और मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग भी दो सीट पर चुनाव लड़े थे और उन्होंने दोनों सीट पर जीत दर्ज की। एसकेएम को 58.38 प्रतिशत वोट मिले। एसकेएम ने 2019 के विधानसभा चुनाव में 17 सीट जीती थीं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अरुणाचल में भाजपा की जीत पर राज्य के लोगों का धन्यवाद व्यक्त किया। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, धन्यवाद अरुणाचल प्रदेश! इस अद्भुत राज्य की जनता ने विकास की राजनीति को स्पष्ट जनादेश दिया है। अरुणाचल में भाजपा पर एक बार फिर अपना विश्वास जताने के लिए उन्हें मेरा आभार। हमारी पार्टी राज्य के विकास के लिए और भी अधिक उमंग के साथ काम करेगी। मोदी ने यह भी कहा, मैं चुनाव अभियान में अरुणाचल के असाधारण भाजपा कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत की सराहना करना चाहूंगा। जिस तरह वे पूरे राज्य में गए और लोगों से जुड़े, वह सराहनीय है।

### कृषि विवि ने .....

से 7 जून तक छात्रों को एक सप्ताह की छुट्टियां प्रदान की है। इसके पश्चात सप्ताहांत है। छात्रों की कक्षाएं नियमित रूप से पुनः 10 जून से शुरू की जाएंगी। कृषि विवि ने अपनी अधिसूचना में कहा है कि कक्षाओं के स्थगन की स्थिति में छात्र अपने प्राचार्य, वार्डन, अधिष्ठाता अथवा सक्षम अधिकारी को सूचित कर अपने गृहनगर जा सकते हैं। स्नातक, स्नातकोत्तर तथा पीएचडी सभी स्तर के छात्रों के लिए यह व्यवस्था की गई है। गौरतलब है कि राजधानी रायपुर सहित पूरे प्रदेश में गर्मी ने बीते एक सप्ताह से प्रचण्ड रूप धारण कर दिया है। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा भी गर्मी को देखते हुए समर कैंप स्थगित कर दिया गया था।

### ऑनलाइन होंगी ....

सामना करना पड़ रहा है। सभी कक्षाओं में एसी अथवा कूलर की तत्काल व्यवस्था कर पाना संभव नहीं है। ऐसे में व्यावहारिक दृष्टिकोण से विवि द्वारा छात्रों को छुट्टियां प्रदान कर दी गई हैं।

### विष्णुदेव पर बढ़ा ....

अभियान में शामिल हुए और कुल 25 जनसभा एवं कुछ रोड शो को संबोधित किया। एग्जिट पोल में तीनों राज्यों में भाजपा को बढ़त बताई जा रही है। 20 मार्च 2024 को दंतेवाड़ा में माँ दंतेश्वरी के दर्शन-पूजन के बाद श्री साय ने अपने चुनावी अभियान का शुभारम्भ किया। गत 20 मार्च से 29 मई तक छत्तीसगढ़ में चौंसठ जनसभाएं मुख्यमंत्री ने ली हैं। जबकि छत्तीसगढ़ के बाहर मध्यप्रदेश, ओडिशा और झारखंड में तैंतीस आमसभाएं और रोड शो की कमान संभाली है। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के सम्मेलन की दृष्टि से भी अगर देखें तो उन्होंने बस्तर में दो सहित सभी ग्यारह लोकसभा सीटों में एक-एक कार्यकर्ता सम्मेलन कर कुल बारह कार्यकर्ता सम्मेलन में अपनी उपस्थिति दी है। सामाजिक सम्मेलनों की यदि बात करें तो लगभग चौबीस बड़े सामाजिक सम्मेलनों को विष्णु देव साय संबोधित कर चुके हैं।

**हेलीकाप्टर ही नहीं सड़क मार्ग से भी किया दौरा** : कुल मिलाकर देखा जाए तो सरल, सहज, सौम्य समझे जाने वाले मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपनी चुनावी सभाओं में जिस तरह कमान संभाली और कई मौकों पर आक्रामक हो कर कांग्रेस को बैकफुट पर धकेला, उससे कांग्रेसी कुनबा सदमे में है। जहाँ तक श्री साय का सवाल है तो चुनावी जूनून में उन्होंने धुर नक्सल प्रभावित क्षेत्र में पानी-बरसात की वजह से हेलीकॉप्टर छोड़ सड़क मार्ग से ही सफर करने से भी कोई गुरेज नहीं किया। घटना नारायणपुर के बेनूर क्षेत्र की है। यह पहला मौका था जब किसी सीएम ने यहाँ सड़क मार्ग से सफर किया। विष्णु देव साय अपने आत्मविश्वास भरे तूफानी दौरों की बदौलत सभी ग्यारह लोकसभा सीट जीतने के प्रति आश्वस्त लगते हैं। वे कहते हैं कि इस बार छत्तीसगढ़ से कांग्रेस का सूपड़ा साफ़ होना तय है।

### डॉक्टर का नक्सलियों ....

समेत अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचकर सभी पहलुओं से मामले की पड़ताल कर रहे है। वहीं घटना के बाद पुलिस द्वारा पूरे जिले में तलाशी अभियान शुरू कर दिया गया है। जानकारी के मुताबिक कालीमेला स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ डॉ अमलान भोई सुबह अपने कमरे से लापता हो गए थे। बताया जा रहा है कि रात में किसी समय उनको अगवा किया गया। अस्पताल स्टाफ द्वारा सुबह कालीमेला पुलिस स्टेशन में मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई गई, जिसके बाद एसपी मलकानगिरी के अलावा अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है और पतासाजी के लिए जगह-जगह तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। डॉक्टर अमलान कुमार भोई की बाइक क्रमांक ओडी 15 एच 8159 उनके सरकारी आवास के बाहर मिली। वहीं अंदर उनका मोबाइल भी मिला है। वहीं आवास के बाहर कई नक्सली पर्चे भी मिले हैं, जिसमें उनके अगवा की बात लिखी है।

**5 माह पूर्व कालीमेला स्वास्थ्य केन्द्र में हुए थे पदस्थ** : डॉ. भोई कंधमाल जिले के निवासी हैं और उन्हें पांच माह पूर्व ही कालीमेला स्वास्थ्य केन्द्र में पदस्थ किया गया था। जिला मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ प्रफुल्ल कुमार नंद ने बताया कि रविवार तड़के डॉ अमलान को अपने कमरे में नहीं देखकर अस्पताल स्टाफ और अन्य डॉक्टरों ने काफी खोजबीन की। खोजबीन के दौरान उनके निवास के करीब माओवादी पोस्टर मिलने के बाद कालीमेला अस्पताल प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ अरुण मणिगढ़ी ने इसकी सूचना कालीमेला थाने को दी। डॉ भोई के लापता होने के बाद जिला जन स्वास्थ्य अधिकारी डॉ ए हुसैन को कालीमेला अस्पताल रेफर किया गया है।

### एक दिन पूर्व .....

थी। सूचना पर जब पुलिस पहुंची और मृतिका के शव का पोस्टमार्टम कराने को कहा तो साथ में आए लोग डॉक्टर पर चिल्लाने लगे। इस दौरान कुछ देर तक डाक्टर व मृतिका के साथ आए लोगों के बीच बहस होती रही, इसके बाद डॉक्टर ने पोस्टमार्टम के बाद शव उन्हें सौंप दिया था। इस घटना को भी डॉक्टर के अपहरण से जोड़कर देखा जा रहा है। डॉक्टर के लापता होने के बाद अस्पताल में पदस्थ डाक्टरों व स्टाफ व क्षेत्र में दहशत व्याप्त है।

### एक अनार, चार ....

आदिवासी मुख्यमंत्री हैं इस लिहाज से सामान्य और पिछड़ा वर्ग के सांसद की केंद्रीय मंत्री बनने की संभावना बढ़ गई है।

उल्लेखनीय है कि अब तक केंद्र में प्रदेश से जो भी सांसद मंत्री बने हैं, वे राज्यमंत्री ही रहे हैं। अब तक प्रदेश गठन के बाद कोई भी सांसद कैबिनेट मंत्री नहीं रहा है। सरकार भले यूपीए की रही हो या एनडीए की। छत्तीसगढ़ को अब तक कैबिनेट मंत्री नहीं मिला है। छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने और दस सांसद जीतने की स्थिति में कैबिनेट मंत्री बनाए जाने की संभावना बढ़ जाएगी।

### बृजमोहन, सरोज, संतोष, ....

सांसद संतोष पांडेय भी दावेदार माने जा रहे हैं। ये तीनों सामान्य वर्ग से हैं। दुर्ग के सांसद विजय बघेल भी दूसरी बार सांसद बनेंगे। उनका दावा भी मजबूत हैं। उनको विधानसभा का चुनाव मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ लड़ाया गया था। वे पिछड़ा वर्ग से मोदी कैबिनेट में शामिल हो सकते हैं।

## पेज एक के शेष

### तपती धरती पर...

गतिविधि अभी जारी रहने के बीच कुछ इलाकों में ग्रीष्मलहर की स्थिति भी रहने के आसार बने हुए हैं। नवतपा के दूसरे दिन से समूचा छत्तीसगढ़ भारी गर्मी की चपेट में आ गया था और पिछले तीन-चार दिनों से गर्मी अपनी चरम सीमा पर पहुंच गई थी। तापमान 45-46 डिग्री तक पहुंचने की वजह से मौसम विभाग द्वारा रोजाना रायपुर समेत कई इलाकों में लू का अलर्ट जारी किया जा रहा था। रविवार को सुबह के वक्त कड़ी धूप के बीच गर्म हवा के थपेड़े महसूस हो रहे थे। दोपहर बाद बादल छाए, जो कई इलाकों में बरसे पड़े। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने की अनुकूल परिस्थिति बनी हुई है, जिसके प्रभाव से आने वाली नमी की वजह से यहां प्री-मानसून गतिविधि की शुरुआत हो चुकी है। छत्तीसगढ़ में जगदलपुर से मानसून का प्रवेश 13 जून तथा रायपुर में 16 जून तक होना संभावित है।

### आगे बढ़कर बनेगी...

स्थापित होगा। इसके प्रभाव से देश में बारिश की गतिविधि जारी रहेगी। वर्तमान में इसके असर से ही छत्तीसगढ़ के कई इलाकों में वर्षा हो रही है।

### तिल्दा में तापमान...

वहीं अन्य प्रमुख शहरों का तापमान 39 से 43 डिग्री के बीच दर्ज किया गया। बिलासपुर, कोरबा, जांजगीर-चांपा और मुंगेली में सोमवार को लू की स्थिति रहने के आसार हैं।

### गिनती से पहले टेंशन...

से आयोग के सामने पोस्टल बैलेट की गिनती, ईवीएम काउंटिंग, परिणाम की अंतिम घोषणा से जुड़े मुद्दे रखे गए। कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा, इस चुनाव में हम तीसरी बार चुनाव के पास पहुंचे हैं। पहला मुद्दा- पोस्टल बैलेट जोकि एक जानी-मानी प्रक्रिया है। पोस्टल बैलेट परिणाम में निर्णायक साबित होते हैं, इसलिए चुनाव आयोग का एक प्रावधान है जिसके अंतर्गत कहा है कि पोस्टल बैलेट की गिनती पहले ली जाएगी। हमारी शिकायत थी कि चुनाव आयोग ने 2019 की गाइडलाइन से इसे हटा दिया है। इसका परिणाम यह है कि ईवीएम की पूरी गणना हो जाए उसके बाद अंत तक भी पोस्टल बैलेट की गिनती की घोषणा करना अनिवार्य नहीं रहा है। यह आवश्यक है कि पोस्टल बैलेट जो निर्णायक साबित होता है उसकी गिनती पहले करना अनिवार्य है। **गिनती के दौरान सख्त निगरानी का अनुरोध** : भारत के चुनाव आयोग के साथ बैठक के बारे में कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद ने कहा कि हमने मतगणना प्रक्रिया के दौरान बहुत सख्त निगरानी रखने का अनुरोध किया। इस पर आयोग की तरफ से हमें संतोषजनक उत्तर दिया गया। खुर्शीद ने कहा कि हमने किसी नियम पर सवाल नहीं उठाया, बल्कि यह सुनिश्चित किया कि उनका पालन किया जाए और ईमानदारी से उनका पालन किया जाए। उन्होंने कहा कि बैठक बहुत आशाजनक रही।

### लू से दो ....

शनिवार को भर्ती कराया गया, लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका है। उन्होंने कहा कि लू लगने की कारण ही उसकी मौत हुई है, लेकिन सिम्स के डाक्टरों ने इसकी पुष्टि नहीं की है। अबतक जिले में 7 लोगों को लू ने अपनी चपेट में ले लिया है, लेकिन इसके बावजूद प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग महज आदेश जारी करने तक ही अपनी जिम्मेदारी निभा रहा है।

**रेलवे स्टेशन में मौत** : रेलवे स्टेशन में अज्ञात अधेड़ की मौत हो गई है। वह प्लेट फार्म नंबर 5 में मृत पड़ा था, आते-जाते यात्रियों ने उसे देखा और जीआरपी को सूचना दी। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और अज्ञात शव के शिनाख्त की कोशिश की, लेकिन उसके बारे में पता नहीं चल सका है। आसपास के दुकानदारों ने बताया कि वह स्टेशन पर रहकर ही भीख मांग कर गुजारा करता था और उसकी मानसिक स्थिति भी ठीक नहीं थी। पुलिस ने शव का पंचनामा किया है। बताया जा रहा है कि अधेड़ व्यक्ति के नाक से खून आ रहा था। आशंका जताई जा रही है कि धूप और गर्मी के चलते उसकी मौत लू से हुई है।

**महिला की मौत हुई** : आधिकारिक तौर पर जांजगीर निवासी अधेड़ महिला की मौत अब तक लू से हुई है। इसके बाद जितने भी केस आए हैं, वे बीमार जरूर थे, लेकिन कुछ तो ब्राड डेड ही मिले हैं। ऐसे में लू की पुष्टि नहीं की गई है।

-डॉ आरके दास, प्रभारी एमएस, सिम्स

### पांच दिन में ....


शिकार होकर पेड़ के नीचे गिर गए हैं। ऐसे में इस क्षेत्र में रहने वालों के बीच दहशत का मौहोल है। लोग बीमारी की आशंका से भी डरे हुए हैं। लेकिन इनके चमगादड़ के शव को देखकर लोग समझ गए कि इनपर भी गर्मी का असर हुआ है। क्षेत्र के निवासी कमल सिंह ने बताया कि इस पेड़ पर सालों से चमगादड़ का बसेरा है। विशेषज्ञों के अनुसार चमगादड़ों के पंख नहीं झिल्ली होती है। वे अधिक तापमान नहीं सह पाते हैं। गर्मी में उन स्थानों पर चमगादड़ों की मौत हो जाती है, जहां जलस्रोत नहीं है। इन दिनों पारा 42 से 47 डिग्री तक पहुंच रहा है। चमगादड़ भीषण गर्मी सहन नहीं कर पा रहे हैं। पानी के पास रहने वाले चमगादड़ गर्मी दूर करने के लिए पानी में गोता लगा लेते हैं। इनके शरीर का तापमान कम हो जाता है। लेकिन शहर में पानी के ऐसे स्त्रोत नहीं होने के कारण बड़ी संख्या में मौत हो रही है।

# नतीजों से पहले एक्शन मोड पर पीएम मोदी, एक ही दिन में ली सात बैठकें

# हीटवेव, चक्रवात पर चर्चा 100 दिन के एजेंडे पर मंथन

## पीएम मोदी बोले-सार्वजनिक स्थानों पर आग से सुरक्षा सुनिश्चित करने पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



देश में आग लगने की विभिन्न घटनाओं के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को भीषण गर्मी और लू के कारण पैदा हुई स्थिति की समीक्षा की। अस्पतालों व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षा को दुरुस्त करने की जरूरत पर बल दिया। लोकसभा चुनाव के आखिरी चरण का मतदान संपन्न होने के अगले ही दिन प्रधानमंत्री ने कई बैठकों की अध्यक्षता की। उन्होंने पूर्वोत्तर के राज्यों में चक्रवात रेमल के कारण पैदा हुई बाढ़ की स्थिति की समीक्षा की और अगली सरकार के 100 दिन के कार्यक्रम के एजेंडे की समीक्षा के लिए एक लंबे मंथन सत्र में भी भाग लिया। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, देश के कुछ हिस्सों में लू की स्थिति की समीक्षा के लिए आयोजित बैठक में मोदी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आग की घटनाओं को रोकने और उससे निपटने के लिए नियमित आधार पर उचित अभ्यास किए जाने चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि जंगलों में 'फायर लाइन' के रखरखाव और बायोमास के उपयोग के लिए नियमित अभ्यास की योजना बनाई जानी चाहिए। बयान में कहा गया है कि इस साल मानसून देश के अधिकांश हिस्सों में सामान्य और सामान्य से ऊपर रहने की संभावना है और प्रायद्वीपीय भारत के कुछ हिस्सों में सामान्य से नीचे रहने की संभावना है।

### रेमल से नुकसान पर मिलेगी राहत

एक अन्य आधिकारिक बयान में कहा गया कि चक्रवात रेमल के बाद की स्थिति की समीक्षा के लिए हुई बैठक में मोदी को मिजोरम, असम, मणिपुर, मेघालय और त्रिपुरा में भूस्खलन और बाढ़ के कारण जानमाल के नुकसान सहित विभिन्न राज्यों में इसके प्रभावों के बारे में जानकारी दी गई। प्रधानमंत्री को बताया गया कि कैसे राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की टीम ने लोगों को बचाने, हवाई मार्ग से उन्हें निकालने और सड़क साफ करने का काम चलाया। बयान में कहा गया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय राज्य सरकारों के साथ नियमित संपर्क में है। बयान के अनुसार, मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार चक्रवात से प्रभावित राज्यों को पूर्ण समर्थन देना जारी रखेगी। प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में शीर्ष नौकरशाहों ने इन बैठकों में हिस्सा लिया।

### बड़े पैमाने पर पर्यावरण दिवस

प्रधानमंत्री विश्व पर्यावरण दिवस बड़े पैमाने पर मनाने की तैयारियों की समीक्षा के लिए भी एक बैठक में शामिल हुए। विश्व पर्यावरण दिवस पांच जून को मनाया जाता है। लोकसभा चुनाव शुरू होने से बहुत पहले मोदी ने नयी सरकार के लिये 100 दिन का एजेंडा तैयार करने के वास्ते विभिन्न सरकारी मंत्रालयों को काम सौंपा था। उन्होंने अपनी मंत्रिपरिषद से पहले 100 दिनों के लिए कार्यक्रमों को प्राथमिकता देने के लिए कहा है।

## पंजाब में दो मालगाड़ियों की टक्कर, दो 'लोको पायलट' घायल



**फतेहगढ़ साहिब।** पंजाब के सरहिंद रेलवे स्टेशन पर रविवार सुबह एक खड़ी मालगाड़ी से एक अन्य मालगाड़ी के टकरा जाने से दो 'लोको पायलट' (ट्रेन चालक) घायल हो गए। राजकीय रेलवे पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि टक्कर के कारण उनमें से एक का इंजन दूसरी पटरी पर चला गया और एक यात्री ट्रेन से टकरा गया। उन्होंने बताया कि सरहिंद के माधोपुर के निकट हुई और इस घटना में लोको पायलट विकास कुमार और हिमांशु कुमार घायल हो गए। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि रेल सेवाएं बहाल करने के लिए प्रयास किये जा रहे हैं और कुछ ट्रेन को राजपुरा, पटियाला और धुरी तथा कुछ को चंडीगढ़ के रास्ते चलाया जा रहा है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन को निर्देश दिए गए हैं। मान ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, "सरहिंद रेलवे स्टेशन पर दो ट्रेन के दुर्घटनाग्रस्त होने की खबर मिली है। भगवान का शुक्र है कि कोई जनहानि नहीं हुई।"

## बांद्रा में भीड़ ने रवीना टंडन और उनके ड्राइवर के साथ की मारपीट




एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड अभिनेत्री रवीना टंडन और उनके चालक पर मुंबई में भीड़ ने कथित तौर पर हमला कर दिया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि रवीना टंडन के चालक पर लापरवाही से गाड़ी चलाने का आरोप है।

स्थानीय लोगों के एक समूह ने एक वायरल वीडियो में रवीना और उनके चालक पर तीन महिलाओं के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने बताया कि यह घटना शनिवार रात बांद्रा के कार्टर रोड पर हुई। अधिकारी ने कहा कि इस मामले में कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है। अधिकारी ने बताया कि घटना के बारे में रवीना की ओर से अभी तक कोई बयान नहीं आया है।

### रवीना की गाड़ी से एक्सीडेंट

अधिकारी के अनुसार, उनके चालक ने कथित तौर पर वाहन से तीन लोगों को टक्कर मार दी जिसके बाद वहां भीड़ नाराज हो गई और झड़प हो गई। उन्होंने बताया कि जब रवीना भीड़ से बात करने के लिए अपनी गाड़ी से उतरीं तो उनके साथ कथित तौर पर धक्का-मुक्की और मारपीट की गई। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में रवीना को यह कहते हुए सुना जा सकता है कि 'कृपया मुझे मत मारो'। वीडियो में एक व्यक्ति यह कहता हुआ सुनाई दे रहा है कि रवीना के चालक ने उसकी मां को टक्कर मारी और जब उससे (चालक से) इस बारे में पूछा गया तो उसने (महिला के साथ) मारपीट शुरू कर दी। एक व्यक्ति ने अभिनेत्री पर नशे में धुत होने का आरोप लगाया और कहा कि जब वह गाड़ी से उतरीं तो उसने महिला के साथ मारपीट शुरू कर दी। खार पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि घटना के बाद कार्टर रोड स्थित एक इमारत के परिसर में भीड़ ने रवीना और उनके चालक के साथ मारपीट की।

## पाक में पहली अल्पसंख्यक महिला ब्रिगेडियर

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तानी सेना की मेडिकल कोर में सेवारत डॉ. हेलेन मैरी रॉबर्ट्स ने देश के इतिहास में ब्रिगेडियर का पद हासिल करने वाली ईसाई और अल्पसंख्यक समुदाय की पहली महिला बनकर इतिहास रच दिया है। पाकिस्तान के दैनिक समाचारपत्र 'द न्यूज' में रविवार को प्रकाशित एक रिपोर्ट के मुताबिक ब्रिगेडियर हेलेन उन पाकिस्तानी सेना अधिकारियों में शामिल थीं जिन्हें चयन बोर्ड द्वारा ब्रिगेडियर और पूर्ण कर्नल के रूप में पदोन्नत किया गया था। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने ब्रिगेडियर के रूप में हेलेन की पदोन्नति पर उन्हें बधाई देते हुए कहा कि पूरे देश को उन पर और अल्पसंख्यक समुदायों से आने वाली उनकी जैसी हजारों मेहनती महिलाओं पर गर्व है, जो देश की सेवा कर रही हैं।

## बीजेपी में शामिल आप विधायक ने वापस लिया इस्तीफा

एजेंसी ▶▶ जालंधर



पंजाब के जालंधर वेस्ट से विधायक शीतल अंगुराल ने अपना इस्तीफा वापस ले लिया है। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष कुलतार सिंह संधवान को पत्र लिखकर विधायक पद से अपना इस्तीफा वापस लेने की मांग की है। बता दें कि शीतल 2022 में हुए विधानसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी के बैनर तले चुनाव जीतकर विधायक बने थे। लेकिन लोकसभा चुनावों से ठीक पहले 27 मार्च को उन्होंने जालंधर के सांसद सुशील कुमार 'रिंकू' के साथ मिलकर अपने पद से इस्तीफा दे दिया था।

### यह लिखा पत्र में

उन्होंने अध्यक्ष को लिखे अपने पत्र में कहा है कि " अगर अब तक उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया जाता तो पश्चिम क्षेत्र में दोबारा चुनाव करवाने पड़ते, जिससे सरकार का चुनाव खर्च भी बढ़ जाता। यही वजह है कि वे अपना इस्तीफा वापस ले रहे हैं।" अंगुराल ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से "मोदी का परिवार" भी हटा दिया है। इसके अलावा अभी तक इस मामले पर उनकी कोई भी प्रतिक्रिया नहीं आई है।

## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। कारोबार के विस्तार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी बनी रहेंगी।

**वृष** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। नौकरी के परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में वृद्धि मिलेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**मिथुन** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।

**कर्क** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु अति उत्साही होने से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती है। संतान को कष्ट होगा।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। सम्पत्ति में वृद्धि हो सकती है। माता का साथ मिलेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**तुला** — मन में आशा-निराशा के भाव हो सकते हैं। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

**वृश्चिक** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। यात्रा सुखद रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। सेहत का का ध्यान रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।


**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी विशेष कार्य के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। व्यर्थ की चिंता रहेंगी।

**मकर** — क्रोध से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। आय में वृद्धि होगी। किसी सम्पत्ति से भी धन मिल सकता है। मित्रों से भेंट हो सकती है।

**कुंभ** — रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा। परिवार का साथ मिलेगा। परिवार की किसी महिला से धन की प्राप्ति होगी।

**मीन** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च अधिक रहेंगे। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

## शब्द पहेली - 5530



**बाएँ से दाए**
1. ईष्ट कृपा, वर-4
3. मान का विलोम-4
8. शैतानी करना-4,3
10. झगड़ा, बैर-3
11. जंगल, वन-3
13. सर्दी से बचने के लिये जलाई गई लकड़ियों का ढेर-3
15. जलने के बाद बचे अवशेष-2
17. कार्य-2
18. पतवार-2
19. नमाज से पहले हाथ-पांव धोना-2
21. नमस्कार-3
25. बूंद-3
26. जिज्ञासा, लगन-3
27. आत्मोत्सर्ग करना-4,3
30. मां के माता-पिता-2,2
31. रपटना-4

**ऊपर से नीचे**
2. वलय, घेरा-3
4. तीन घंटे का समय-3
5. खिसकना-4
6. उन्मादी, मदमस्त-4
7. यज्ञ, होम-3
8. नगर-3
9. तिरस्कृत-3
12. रूप अभिमान-3
13. शांति-3
14. प्रतिज्ञा-3
16. सहभोज-3
20. मोजा, पायताबा-3
22. उदारता-4
23. परवरिश करना-3
24. वचन तोड़ना-4
25. लेखनी-3
28. लिखावट-3
29. अमीर, धनवान-3

**शब्द पहेली- 5529 का हल**



## सूडोकू नवताल - 5541

सरल



**सूडोकू नवताल - 5540 का हल**



- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

आरोपी बोला- हादसे से पहले शराब पी थी

# पुणे हिंट एंड रनः नाबालिग के माता-पिता 5 जून तक पुलिस रिमांड पर



एजेंसी ▶▶ मुंबई

पुणे हिट एंड रन केस में नाबालिग आरोपी ने पुलिस पूछताछ में बताया कि हादसे वाली रात उसने शराब पी थी। उसने कहा कि वह नशे में गाड़ी चला रहा था। नाबालिग ने कहा कि उसे इस हादसे के बारे और कुछ भी याद नहीं है। जानकारी के अनुसार पुलिस ने 1 जून को बाल सुधार गृह में आरोपी की मां की मौजूदगी में पूछताछ की थी। बता दें कि जुवेनाइल बोर्ड ने पुलिस को 31 मई को नाबालिग आरोपी से पूछताछ करने की अनुमति दी थी। इसके बाद पुलिस ने 1 जून को पूछताछ की थी। इससे पहले नाबालिग से इस हादसे के बारे में कोई पूछताछ पुलिस ने नहीं की थी।

### नाबालिग आरोपी की मां ने दिया ब्लड सैंपल

पुलिस ने कोर्ट को बताया कि जांच के दौरान यह पता चला कि नाबालिग आरोपी की किसी महिला ने अपना ब्लड सैंपल के लिए दिया था। ताकि नाबालिग के नशे में होने की बात को छुपाया जा सके। पुलिस ने बताया कि यह आरोपी कोई और नहीं बल्कि नाबालिग की मां थी। बता दें कि पुणे के कल्याणी नगर में 18-19 मई की रात को 17 साल के लड़के ने एमपी जबलपुर के रहने वाले दो इंजीनियरों को तेज रफ्तार पोर्श कार से टक्कर मार दी थी। घटना के समय आरोपी नशे में था। हादसे के बाद वहां मौजूद लोगों ने आरोपी की जमकर धुनाई की थी।

### डॉक्टरों को रिपोर्ट छिपाने के लिए पैसे देने का आरोप

*पुणे की स्थानीय अदालत ने आज नाबालिग के पिता विशाल और मां शिवानी को सबूत मिटाने के मामले में 5 जून तक की पुलिस हिरासत में भेज दिया। दोनों पर सबूतों से छेड़छाड़ करने का आरोप है। आरोपी की मां को पुलिस ने 1 जून को अरेस्ट किया था। मामले की जानकारी देते हुए पुणे के पुलिस कमिश्नर अमितेश कुमार ने बताया कि शिवानी पिछले कुछ दिनों से घर से गायब थीं। आरोपी की मां पर बेटे की ब्लड सैंपल की जगह अपना ब्लड देने और डॉक्टरों को रिपोर्ट छिपाने के लिए पैसे देने का आरोप है।*

लाल सागर और हिंद महासागर में बड़ा हमला

# हूती विद्रोहियों ने अमेरिकी जहाजों पर 24 घंटे में किया दो बार हमला



एजेंसी ▶▶ साना

यमन के ईरान समर्थक हूती विद्रोही लाल सागर और हिंद महासागर में अमेरिकी जहाजों को निशाना बना रहे हैं। हूती विद्रोहियों के प्रवक्ता याह्या सारी ने शनिवार को बताया कि एक अमेरिकी एयरक्राफ्ट कैरियल, एक युद्धपोत समेत तीन और जहाजों को निशाना बनाकर छह ऑपरेशन चलाए गए। याह्या ने आगे बताया कि लाल सागर के उत्तर में अमेरिकी एयरक्राफ्ट कैरियर आइजनहावर पर हूती विद्रोहियों ने मिसाइल और ड्रोन से अटैक किया। उन्होंने कहा कि एयरक्राफ्ट पर पिछले 24 घंटे में दो बार अटैक किया गया। इसके अलावा लाल सागर में एक युद्धपोत और अबलियानी जहाज को निशाना बनाया गया। मैना नाम के एक और जहाज को भी लाल सागर और अरब सागर में दो बार निशाना बनाया गया। अबलियानी जहाज एक ऑयल टैंकर है और मैना जहाज में पैसेंजर के साथ सामान एक देश से दूसरे देश भेजा जाता है। हूती विद्रोही लगातार जहाजों को निशाना बनाकर इजराइल पर युद्ध को खत्म करने दबाव बना रहे हैं। हूती विद्रोहियों के प्रवक्ता याह्या सारी ने बताया कि उन्होंने हिंद महासागर में भी अलोराईक नाम के जहाज को निशाना बनाया है। साथ ही लाल सागर में मौजूद अल-मंदाब जलडमरूमध्य और अदन की खाड़ी में भी मिसाइल और ड्रोन से हमला किया गया।

### 100 से ज्यादा हमले

पिछले महीने हूती विद्रोहियों ने लाल सागर और उसके आसपास 100 से ज्यादा हमले किए हैं। फरवरी में हूती विद्रोहियों ने लाल सागर में एक कार्गो शिप गैलेक्सी लीडर को हाईजैक कर लिया था। यह जहाज तुर्किये से भारत आ रहा था। हूती विद्रोहियों ने इसे इजराइली जहाज समझ कर हाईजैक किया था। वारदात से पहले हूती समूह ने इजराइली जहाजों पर हमले की चेतावनी दी थी। हूती विद्रोहियों के एक स्पोक्सपर्सन ने कहा था कि इजराइल की तरफ से चलने वाले सभी जहाजों को निशाना बनाया जाएगा।

### कौन हैं हूती विद्रोही? कौन हैं हूती विद्रोही

साल 2014 में यमन में गृह युद्ध शुरू हुआ। इसकी जड़ शिया-सुन्नी विवाद है। दोनों समुदायों में हमेशा से विवाद था जो 2011 में अरब क्रांति की शुरुआत से गृह युद्ध में बदल गया। 2014 में शिया विद्रोहियों ने सुन्नी सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। इस सरकार का नेतृत्व राष्ट्रपति अब्दरब्बू मंसूर हादी कर रहे थे। हादी ने अरब क्रांति के बाद लंबे समय से सत्ता पर काबिज पूर्व राष्ट्रपति अली अब्दुल्ला सालेह से फरवरी 2012 में सत्ता छीनी थी। हादी देश में बदलाव के बीच स्थिरता लाने के लिए जूझ रहे थे। उसी समय सेना दो फाड़ हो गई और अलगाववादी हूती दक्षिण में लामबंद हो गए। अरब देशों में दबदबा बनाने की होड़ में ईरान और सऊदी अरब भी इस गृह युद्ध में कूद पड़े। एक तरफ हूती विद्रोहियों को शिया बहुल देश ईरान का समर्थन मिला। तो सरकार को सुन्नी बहुल देश सऊदी अरब का। देखते ही देखते हूती के नाम से मशहूर विद्रोहियों ने देश के एक बड़े हिस्से पर कब्जा कर लिया। 2015 में हालात ये हो गए थे कि विद्रोहियों ने पूरी सरकार को निर्वासन में जाने पर मजबूर कर दिया था।

नवंबर में सीजेआई बनने की संभावना

# जहां की थी वकालत, वहीं सीधे जज बने जस्टिस विश्वनाथन



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ नवंबर में रिटायर हो जाएंगे। सुप्रीम कोर्ट की सीनियॉरिटी लिस्ट पर नजर डालें तो 2030 तक जो जज सीजेआई बनने वाले हैं, उसमें जस्टिस केवी विश्वनाथन भी शामिल हैं। वे पिछले साल से ही वकील से सुप्रीम कोर्ट के जज बनाए गए थे। वे अगस्त 2030 में 58वें चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया बनने की कतार में है। जस्टिस विश्वनाथन का जीवन उतार-चढ़ाव भरा रहा है। किराए के कमरे से जूनियर एडवोकेट, फिर सीनियर एडवोकेट और सुप्रीम कोर्ट का जज बनने की कहानी दिलचस्प है।

### इनको जानिए

जस्टिस विश्वनाथन मूल रूप से तमिलनाडु के पोलाची के रहने वाले हैं। उनका पूरा नाम कलापति वेंकटरमन विश्वनाथन है। 26 मई 1966 को जन्में जस्टिस विश्वनाथन की शुरुआती पढ़ाई लिखाई पोलाची के आरोकिया माता मैट्रिकुलेशन स्कूल, सैनिक स्कूल अमरावतीनगर और सेंट जोसेफ हायर सेकंडरी स्कूल में हुई। इसके बाद कोयंबटूर लॉ कॉलेज आ गए। यहां फर्स्ट रैंक के साथ बीए-एलएलबी की डिग्री हासिल की। यहां 5 साल के लॉ कोर्स के पहले बैच के छात्र थे।

मूसलाधार बारिश

# श्रीलंका में भारी बारिश से 15 मौतें, 19 हजार लोग बेघर हुए



**कोलंबो।** श्रीलंका में भारी बारिश के कारण सप्ताहांत में करीब 15 लोगों की मौत हो गई। बारिश के कारण पांच हजार से अधिक परिवार और 19 हजार से अधिक लोग बेघर हो गए। आपदा प्रबंधन केंद्र (डीएमसी) ने बताया कि राजधानी कोलंबो सहित सात जिलों में लोगों की मौतें हुई हैं। जानकारी के मुताबिक, मूसलाधार बारिश के कारण अचानक कई शहरों में बाढ़ आ गई। साथ ही वहां, कई पेड़ उखड़ गए हैं और तेज हवाएं चल रही हैं। यहां कई क्षेत्रों में बिजली भी गिरी और भूस्खलन हुआ। 25 प्रशासनिक जिलों में से 20 जिले बुरी तरह प्रभावित हुए हैं।

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

## एजूकेशन स्पेशल

प्रवेश प्रारंभ
श्री बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग, पैरामेडिकल एवं फार्मेसी

| Nursing Course | Duration |
|---|---|
| B.Sc. Nursing | 4 Years |
| P.B.B.Sc. Nsg | 2 Years |
| M.Sc. | 2 Years |

Paramedical Course
Lab tech, OT tech,X-Ray tech & Ortho tech-30 Seats Each Course

| Pharmacy Course | Duration |
|---|---|
| D Pharmacy | 2 Years |

Eligibility- B.Sc. Nursing-Biology (PBCE), P.B.B.Sc. Nursing-GNM Pass
M.Sc. Nursing-BSc.,P.B.B.Sc. Pass,
Paramedical Course - 12th pass (Bio)
Pharmarcy - 12th pass , Maths, Bio
HOSTEL FACILITY AVAILABLE FOR GIRLS & BOYS
क्लीनिकल सुविधा
श्री बालाजी मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल
नर्सिंग प्रवेश हेतु : 7694016816, 6266631615
पैरामेडिकल एंड फार्मेसी प्रवेश हेतु 9691825979, 8435018884

कोटा पर सर्कल मोनो आवश्य देखें।
कोटा स्टडी सर्कल® भिलाई/रायपुर

राहुल चेलक 468/720 (SC)
NEET, IIT-JEE PET/PAT
विशेषताएं
▸ कोटा ट्रेन्ड टीचर्स
▸ हिन्दी तथा अंग्रेजी माध्यम के प्रथक प्रथक बैचस
▸ गर्ल्स एवं बॉयस के लिए अलग होस्टल
रायपुर कोटा सेंटर भाटिया कॉम्प्लेक्स, नियर राजकुमार कॉलेज जीई रोड रायपुर, 9301547784
भिलाई कोटा सेंटर बिल्डिंग नं. 150 न्यू सिविक सेंटर, भिलाई 9098534927

**Appointment आवश्यकता**

**टीचर**

आवश्यकता है- लेडी वाईस प्रिंसीपल, इंचार्ज, क्लर्क, अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम में- साइंस, मैथ्स, फिजीक्स, केमिस्ट्री, बायो, सोशल साइंस, इंगलिश, इकोनॉमिक्स एकाउंट पढ़ाने हेतु शिक्षक/ शिक्षिकाओं, ड्राईवर, आया की आवश्यकता हैं। साक्षात्कार 05-06-2024 प्रातः 9:30 बजे, रायपुर कॉन्वेंट हा. से. स्कूल, पानी टंकी के पास खमतराई, 9826198065, 07712252855. (RO-7480)

आवश्यकता है- English Medium School Nursery to 10th के लिए शिक्षिकाओं की आवश्यकता है। अंग्रेजी माध्यम अनिवार्य आवेदन जमा करने की अंतिमतिथि 15.06.2024 महर्षि दयानंद हायर सेकेण्डरी स्कूल गयानगर दुर्ग, Wattsapp No. – 9425235536 Landline No. 0788-2357613. (Ro-497)

**सेल्सऑफिसर/सर्वेयर**

आवश्यकता है- SR DEAL DYNAMICS RAIPUR OFFICE हेतु सेल्स ऑफिसर- .15 Post (लड़के/ लड़कियां), वेतन- 15000 से 25000, सर्वेयर - 10 पोस्ट (केवल लड़कियां), वेतन- 10,000 से 20,000 (रहना + खाना फ्री ) संपर्क- 8962527446. (RO-6258)

**घरेलू कार्य**

आवश्यकता है- नेहरू नगर भिलाई में गृह कार्य के लिए एक महिला उम्र 30 से 40 वर्ष के बीच रहने वह खाना मुफ्त वेतन योग्यतानुसार । संपर्कः- अमर , मो. न.- 93290 09697. (Ro-498)

आवश्यकता है- बच्चा संभालने हेतु 24 घंटे की बाई /युवती चाहिये। रहना एवं खाना दिया जाएगा। स्थानः तेलीबांधा, रायपुर सम्पर्क करे मोबाइल नंबरः- 9575042814. (RO-2784)

हरिभूमि क्लासीफाईड

**ड्रायवर**

आवश्यकता है- स्टाफ कम ड्राइवर चाहिए विधान सभा के 5 किलोमीटर रहने वाले को प्राथमिकता वेतन 15000/- से 20000/- मासिक आधार कार्ड/ लाइसेंस के साथ मिले हमाली कार्य करने के लिए 5 मजदुर जो ठेके से काम करें। कन्हैया लाल संतोष कुमार दाल मिल बंजरपारा सड्डु मोबाइल - 7725800600, 9826141178.(RO-6260)

आवश्यकता है- ड्राइवर की जो की ऑटोमैटिक और मैनुअल कार चला सके, 5-10 साल का अनुभव होना चाहिए, ड्यूटी टाइम सुबह 8:30 - शाम 7:30 तक रहेगा। वेतन योग्यतानुसार स्थानः मेट्रो हाइट सोसायटी, तेलीबांधा, रायपुर सम्पर्कः- 7024416652.(RO-2779)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

आवश्यकता है- कोरियर में आंफिस कार्य, फिल्ड में डिलिवरी और टाटाएस चलाने के लिए लड़को की आवश्यकता है। श्रीमारूती कोरियर वालफोर्ट गेट के सामने रिंगरोड1 कुशालपुर रायपुर बायोडाटा लावे 9399676408. (RO-97)

**दुकान कार्य**

आवश्यकता है- दुकान में काम करने हेतु मेहनती लड़कों की आवश्यकता है, वेतन योग्यता अनुसार, संपर्क करें- राधा इंटरप्राइजेस, संजय गांधी चौक, स्टेशन रोड, रायपुर, मोबाइल नंबर- 9425504853.(RO-4422)

आवश्यकता है- रेडीमेड गारमेंट्स शॉप (पंडरी, RAIPUR) में बंडल खोलने/ पैक करने के लिए स्टाफ लड़का/ लड़की की आवश्यकता एवं सेल्समैन की आवश्यकता है. मोबाइल 7067048454.(RO-6260)

आवश्यकता है- रेडीमेड दुकान में कार्य हेतु पुरुष महिला एवं टैली ऑपरेटर (फीमेल) की संपर्क करें राजेश होजियरी फॉरेस्ट कॉलोनी के पास गली नंबर 1 पंडरी रायपुर- 9407923601, 9425208201. (RO-4421)

**पेट्रोल पम्प कर्मी**

आवश्यकता है- पेट्रोल पम्प पर कार्य करने हेतु उम्मीद्वार की आवश्यकता है। इच्छुक व्यक्ति अपने समस्त बायोडाटा सहित सम्पर्क करें - डागा पेट्रोल पम्प,फाफाडीह चौक,स्टेशन रोड, रायपुर (RO-622)

**सुपरवाइजर**

आवश्यकता है- खरोरा व दोन्दे स्थित पेवर व ब्रिक निर्माता कंपनी को सुपरवाइजर की (योग्यता12 पास) 2-पद एवं कंप्यूटर (basic knowledge ) सुपरवाइजर (युवक/युवती) 2-पद की आवश्यकता है रहने की सुविधा उपलब्ध सम्पर्क करें: 9301432563. (RO-97)

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

आवश्यकता है- फलदार वृक्षों की खेती से संबंधित जानकर सुपरवाइजर की आवश्यकता है अनुभवी ही संपर्क करे, मोबैयिल, 9302240005. (RO-6264)

**सेल्समैन/अकाउन्टेंट**

आवश्यकता है- प्लाईवुड हार्डवेयर शोरूम के लिए निम्न पदों पर अनुभवी विवाहित मेल फिमेल अकाउंटेंट 2 सेल्समेन 2 लेबर 2योग्यतानुसार वेतन 4से5 अंको में प्लाईरंज ग्रीन चौक पेट्रोल पम्प के पीछे दुर्ग संपर्क 11 से 1 बजे मो.- 94252-37341.(Ro-494)

**सिक्योरिटीगार्ड**

आवश्यकता है- अल्फा सिक्योरिटी में 12 घंटे ड्यूटी करने के हेतु 100 गार्ड की आवश्यकता है। संपर्क करें मो -70447-10812, 80550-17111 (D-560)

**सेल्सगर्ल**

आवश्यकता है- ज्वैलरी शॉप में कार्य करने हेतु सेल्स गर्ल्स, एक बॉय की आवश्यकता है संपर्क करें:- ओम ज्वैलर्स शॉप नं. 64बी इंदिरा मार्केट दुर्ग। (आरो नं.- 6339)

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- सुमित बाजार के नए प्रतिष्ठान में काम करने के लिए लडके और लडकी की आवश्यकता है सुमीत बाजार ,न्यू कोमल ज्वेलर्स के पास लिंक रोड पावर हाउस भिलाई - 92293-93942. (Ro-495)

**जलसर्वेक्षण**

पन्ना पम्पस्- भूजल सर्वे & वास्तु- कृषि घरेलू प्लाट, मकान, फैक्ट्री इत्यादि स्थलों में बोरवेल हेतु पानी जांच एवं सर्व वास्तु समस्या दोष निवारण कार्य (विगत 35 वर्षों से) सम्पर्क -78692-39984 पन्ना लाल चन्द्राकर सिकोला बस्ती दुर्ग (Ro-492)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**ऑफिस कार्य**

आवश्यकता है- देवास, रीवा में रहकर ऑफिस कार्य हेतु 10वी से ग्रेजुएट अविवाहित युवकों की आवश्यकता है वेतन 10000 रहना खाना, रेल टिकट फ्री, ट्रेनिंग पश्चात 15000 से 20000 सम्पर्क- 7879951040, 7647803413. (RO-34316)

**Business व्यापार**

व्यापार- अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना किसी रिस्क, कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं, 30,000-50,000 प्रतिमाह कमाएं, आटोमेटिक मशीन द्वारा दोनापत्तल, डिस्पोजल बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट संपर्कः-APS इंटरप्राईजेस, रायपुर- 7477221345, 9977676447, बिलासपुर - 8359913999, 9589288936, रायगढ़- 7869755871.(Ro-2741)

**Medical चिकित्सा**

आयुर्वेदिक- बैगा द्वारा छत्तीसगढ़िया उपचार जैसे चर्म रोग थायराईड, लीवर, किडनी, पथरी, जोड़ों का दर्द शुगर, बवासीर, लकवा, माइग्रेन, खून की कमी स्त्री रोग, साइटिका, एलर्जी, नसों की कमजोरी पेट रोग सभी प्रकार के पुराने व असाध्य रोगों का आयुर्वेदिक दवाई द्वारा किया जाता है साथ ही ज्योतिष विचार देखा जाता है मोबाइल नंबर 8461886239 (RO-995)

**Property प्रापर्टी**

**प्लाट**

प्लॉट बेचना है - दुर्ग अंजोरा- रायपुर भारतमाला हाईवे से थोड़ी ही दूरी पर, बिरेझर में मात्र 111/- फीट में फार्म हाऊस हेतु उपयुक्त 11000 sqft. भूमी उपलब्ध। मो. 9993135732. (Ro-482)

बेचना है- (60x170) साइज 10200 स्क्वायर फीट, का आवासीय डाइवर्टेड प्लॉट प्राइम लोकेशन, सेंट जोसेफ स्कूल, अम्लीडीह, रायपुर से लगा हुआ अर्जेंट बेचना है। (इन्वेस्टर या बिल्डर संपर्क करें), 90% बैंक फाइनेंस की सुविधा। संपर्क करें:- 9165586666, 9584444523. (RO-2785)

**फार्महाऊस**

बेचना है - खरोरा से 9 किलोमीटर आगे भैंसा (बलौदा बाजार) में एक एकड़ सर्वसुविधायुक्त फार्म हाउस बेचना है चार स्टोर रूम, 1 BHK मकान चारों ओर बाउंड्री वॉल 45 डिसमिल तालाब, बोर वास्तविक खरीददार संपर्क करें:- 8103731973. (RO-2781)

**For Rent किराया**

किराये से देना है- ग्राम-डगनिया, तह-गुंदरदेही (दुर्ग-बालोद मेन रोड) 4200 वर्गफीट में निर्मित गोडाउन किराए से देना है। संपर्क : 89595-44444.(Ro-493)

किराये से देना है- पंडित रवि शंकर यूनिवर्सिटी के पीछे डूमर तालाब 15000 वर्गफुट बिल्डिंग + पार्किंग कॉलेज, कोचिंग कॉर्पोरेट ऑफिस हेतु उपयुक्त पूर्व मे नर्सिंग कॉलेज, DDUGKY संचालित था संपर्क करेः- 9926127770, 9827999244.(RO-2780)




विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152

हरिभूमि क्लासीफाईड एजेंसी
विज्ञापन हेतु संपर्क करें...

| एजेंसी | पता | संपर्क नं. |
|---|---|---|
| अतुल पब्लिसिटी | सदर बाजार | 94062-00210 |
| ओम विज्ञापन एजेंसी | न्यू राजेन्द्र नगर | 93036-90016 |
| मितनिशा एड | रियो कॉम्पलेक्स देवपुरी | 93298-46567 |
| नाईस पब्लिसिटी | शारदा चौक | 93002-19536 |
| महेश्वरी पब्लिसिटी | देवेन्द्र नगर | 0771-2234113 |
| प्रेमप्रकाश मध्यानी | श्याम नगर/कटोरा तालाब | 93294-07988 |
| माँ एड एजेंसी | पी.एस. सिटी | 93005-12211 |
| राजेश पब्लिसिटी | समता कालोनी | 99263-08899 |
| विजय घोष | पुरानी बस्ती | 98261-16051 |
| आदित्य एड एजेंसी | टिकरापारा | 93010-51757 |
| देव एड एजेंसी | जयस्तंभ चौक | 98268-77609 |
| खन्ना एड एजेंसी | स्टेशन रोड़ | 93001-60001 |
| छतीसगढ़ डेल्टा | सुन्दर नगर | 92294-96081 |
| सुमीत एड एजेंसी | शहीद स्मारक | 98261-61116 |
| शिवम एड एजेंसी | बुढ़ातालाब | 93291-00263 |
| ए.के. एड एजेंसी | तात्यापारा चौक | 98261-45558 |
| किशोर पब्लिसिटी | छोटापारा | 98271-62038 |
| एम्बेसी कार्पोरेट | देवेन्द्र नगर | 98267-06506 |
| शांति विजय एड | पचपेढ़ी नाका | 93001-61001 |
| ए.एस.ए. एड एजेंसी | गुरूनानक चौक | 98271-62101 |
| प्रयास एड एजेंसी | श्याम प्लाजा | 94062-36209 |

हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, पुजारी पार्क के सामने रायपुर
फोन- 0771-4242242, 90981-38778

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## Healthcare

टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर
परखनली शिशु केन्द्र

1994 से आपकी सेवा में
उपलब्ध सुविधाएं
▸ आई.व्ही.एफ.
▸ इक्सी
▸ आई.यू.आई.
▸ लेप्रोस्कोपी
▸ हिस्ट्रोस्कोपी
संपर्क
डॉ. विजया वाकोडकर
वाकोडकर नर्सिंग होम
नेहरू नगर वेस्ट भिलाई
फोन : 9329029731

सोरियासिस (Psoriasis)
सोरायसिस रोग एक लाईलाज बीमारी को किसी तरह अपनी मर्जी से कोई चुटकुले दवा या मोबाइल देखकर खुद ईलाज ना करे। क्योकि यह वात, पित्त, कफ, किसी एक विकृति के कारण यह रोग होता है। आप कैसे जानेंगे कि किस विकृति से रोग हुआ हैं। परंतु कारण को जाने बिना स्टेराइड इत्यादि दवा से इसे दबाने की कोशिश करते हैं जो रोग बाद में जिद्दी एवं पुराना हो जाता है। यह आटो इम्यून डिसआर्डर रोग है। सोरियासिस लाईलाज एक जटिल रोग है इसकी चिकित्सा केवल आयुर्वेद के रस-रसायन के अलावा दूसरी चिकित्सा हैं ही नहीं। इसमे वायरस बैक्टीरिया दोनों नहीं होते । इसलिये यह छूत की बीमारी भी नहीं है। सिर मे रूसी का भ्रम, शरीर में तांबे रंग के पपड़ीयुक्त छिलकेनुमा छाले, दाग, नाखूनो का सड़ना उंगलियों का टेढ़ा होना, जोड़ो में सूजन-दर्द, अकड़न होकर रोगी अपंग हो जाता है। यह सोरियासिस के गंभीर लक्षण है। इसमे कोई चमड़ी रोग नाशक दवा या इस्टेराईड एवं पंचकर्म क्रिया से रोग नहीं जाता दब जाता है इससे कईयों के लीवर एवं किडनी खराब हो गये यदि समस्त लाईलाज चमड़ी रोगों से परेशान हो तो मिलें।
वायरो रिसर्च एन्ड स्किन केयर क्लीनिक आई.एस.ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच.सी.अग्रवाल (एम.डी.)
भारत चिकित्सा रत्न व राष्ट्रीय चिकित्सा सम्मान पुरुस्कार, नेशनल एवार्ड से सम्मानित
9425555659, 9617789223
डॉ. वी. के. अग्रवाल (बीएमएस) (आयुर्वेद विज्ञान विशेषज्ञ) रजि. 00255) 9303948500
निशांत अग्रवाल(फार्मासाईटिस्ट) 9303242200
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरुप टाकीज के सामने, बजाज(गोल्ड) फाइनेंस के पीछे दुर्ग (छत्तीसगढ़)समय - शाम 4 से 7 बजे।
अपाईटमेंट फोन से (गुरुवार अवकाश)

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।


18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी,धातु का पतलापन,शुगर,बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844



# चार साल बाद टूटा श्रुति हसन का शांतनु से रिश्ता

**मुंबई।** कमल हासन की बेटी श्रुति हसन लंबे समय से शांतनु हजारिका के साथ रिलेशनशिप में थीं, लेकिन अब दोनों साथ नहीं हैं। श्रुति के रिश्ते में परेशानियों को लेकर काफी समय से खबरें आ रही थीं, लेकिन अब उन्होंने इस पर खुद रिएक्ट किया है। एक्ट्रेस ने अपने ब्रेकअप की पुष्टि की है। यह जोड़ी कुछ समय से डेटिंग कर रही थी और अलग होने से पहले लिव-इन रिलेशनशिप में भी थी। दोनों ने पिछले महीने इंस्टाग्राम पर एक-दूसरे को अनफॉलो भी कर दिया था। हालांकि, श्रुति ने ब्रेकअप पर कमेंट करने से परहेज किया था, लेकिन अब उन्होंने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर इसकी पुष्टि की है।

## लाइफ Style



# जाह्नवी

## साउथ फिल्मों में जाने की वजह मां श्रीदेवी से जुड़ी

फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज माही' में अपने अभिनय के लिए सभी की तारीफें लूट रहीं अभिनेत्री जाह्नवी कपूर जल्द ही दक्षिण भारतीय सिनेमा में अपना करियर शुरू करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। फिल्म की तैयारियों के बीच जाह्नवी ने अब खुलासा किया है कि साउथ में डेब्यू करना इनके लिए क्यों खास है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

जाह्नवी फिल्म 'देवरा' से तेलुगु सिनेमा में अपना डेब्यू करने वाली हैं। इस फिल्म में उनके साथ एनटीआर उनके जोड़ीदार के रूप में नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्देशन कोराताला शिवा ने किया है। फिल्म में सैफ अली खान विलेन बने हैं और उनकी भिड़ंत एनटीआर से होगी। इस फिल्म के जरिए सैफ भी दक्षिण भारतीय सिनेमा में डेब्यू करने वाले हैं। इसके साथ ही जाह्नवी के पास चरण के साथ भी एक फिल्म है, जिसमें उनकी मुख्य भूमिका है। जाह्नवी ने खुलासा किया कि श्रीदेवी का जूनियर एनटीआर और राम चरण के परिवारों के साथ बहुत पुराना संबंध है। ऐसे में यह उनके लिए सम्मान की बात है कि वह इन दोनों बेहद प्रतिभाशाली अभिनेताओं के साथ काम कर पा रही हैं। जाह्नवी ने यह भी कहा कि वह दक्षिण भारतीय फिल्में देखकर बड़ी हुई हैं और उन फिल्मों में पर्दे पर जिस तरह से कलाकारों को पेश किया जाता है, वो उसकी बहुत बड़ी प्रशंसक रही हैं। इसके साथ ही अभिनेत्री ने यह भी बताया कि वह साउथ फिल्में देखते हुए बड़ी हुई हैं। अभिनेत्री बोलीं, साउथ में डेब्यू करना किसी तरह से मुझे मेरी मां श्रीदेवी के करीब महसूस कराता है, उस माहौल में रहना, साथ ही उस भाषा को सुनना और बोलना। मुझे लगा कि यह सही समय है, इसलिए मैंने ऐसा करने का फैसला किया।

## हॉलीवुड मसाला



# ऑफसेट से छिपकर की थी शादी अब पति से तलाक ले चुकी हैं कार्डी

**लॉस एंजिलस।** अमेरिका की मशहूर रैपर कैर्डी बी अब अपनी शादी से अलग हो चुकी हैं। कार्डी बी के पति हिप हॉप स्टार हैं जिनका नाम ऑफसेट बैंड मिगोस है। कार्डी ने ऑफसेट से तलाक के लिए अर्जी दे दी है। साल 2017 में दोनों ने छिपकर शादी की थी, शादी के दो साल बाद दोनों के घर एक बेटी ने जन्म लिया। अब अचानक से दोनों की तलाक की खबरों ने फैन्स को हैरान कर दिया। 27 साल की कार्डी बी बेल्किस अलमनजर है, मंगलवार को कार्डी ने जॉर्जिया में तलाक के लिए अर्जी दी थी, जो उनका होमटाउन हैं, और वहीं दोनों रह रहे थे। कानूनी कागजों मे लिखा है कि कार्डी बी और ऑफसेट अब अलग होने की स्थिति में रह रहे हैं और दोनों में सुलह की संभावना नहीं है। रिपोर्ट के मुताबिक बच्चे की कस्टडी कार्डी चाहती हैं। पिछले साल दिसंबर में कार्डी ने गरीब बच्चों को खिलौने बांटे थे।

# भैंस संग फेरे लेने को मजबूर हुए चिंटू पांडे, समाज को आइना दिखाती है भोजपुरी फिल्म 'शुभ मंगल सावधान'

**मुंबई।** भोजपुरी के चॉकलेटी ब्वॉय कहे जाने वाले एक्टर प्रदीप पांडे चिंटू बीते दिनों कान्स के रेड कार्पेट पर एंट्री कर इतिहास रच दिया था। ऐसे में अब एक बार फिर से वो हेडलाइन्स में हैं। इस बार वजह उनका कोई कारनामा नहीं बल्कि अपनी एक फोटो को लेकर चर्चा में हैं, जिसे उन्होंने इंस्टाग्राम पर शेयर की है। इसमें उन्होंने भैंस के साथ दूल्हे के गेटअप में देखा जा सकता है। उनकी फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है।



### शुभ मंगल सावधान का ट्रेलर रिलीज

दरअसल, कान्स में इतिहास रचने वाले प्रदीप पांडे चिंटू अपकमिंग भोजपुरी फिल्म 'शुभ मंगल सावधान' को लेकर चर्चा में है। इसका जबरदस्त ट्रेलर रिलीज किया जा चुका है। फिल्म का ट्रेलर एंटरटेनिंग है। ये समाज को आइना दिखाता है और छोटी सोच रखने वालों के मुंह पर तमाचा भी लगाती है। इसके डायरेक्टर सुजीत कुमार सिंह हैं और निर्माता विक्टर राघव (विक्की) और संदीप छारी है।

### कैसा है फिल्म का ट्रेलर?

भोजपुरी फिल्म 'शुभ मंगल सावधान' का ट्रेलर यूट्यूब पर छा गया है। इसमें प्रदीप पांडे चिंटू लीड रोल में हैं और उनके साथ एक्ट्रेस यामिनी सिंह, संयोगिता भी हैं। इसमें एक बेरोजगार लड़के की कहानी के बारे में बताया गया है, जो शादी करना चाहता है लेकिन सरकारी नौकरी ना होने की वजह से उसे दुल्हन नहीं मिल पाती है।

### फैमिली वालों ने लिया ये निर्णय

हीरो को जब कोई पसंद नहीं करता है तो इससे आहत होकर उसकी फैमिली तय करती है कि उसके लड़के की शादी एक सरकारी नौकरी वाली से ही होगी वो भी दहेज देकर। इसके आगे की कहानी काफी दिलचस्प हो जाती है। इसके गीत संगीत दिल को छू लेने वाले हैं। इसमें फैमिली ड्रामा और इमोशन्स भी खूब देखने के लिए मिल रहा है। ऐसे में माना जा रहा है कि ये बेहतरीन मूवी साबित हो सकती है।

### पांच बार मिल चुका बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड


प्रदीप पांडे चिंटू भोजपुरी सिनेमा के बड़े स्टार हैं। उनकी पॉपुलैरिटी खेसारी लाल और पवन सिंह से कम नहीं है। उन्हें इंडस्ट्री का एक्शन स्टार भी कहा जाता है। फिल्मों में बेहतरीन काम के लिए चिंटू को एक दो नहीं बल्कि पांच बार बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड भी मिल चुका है।

### इन फिल्मों में आ चुके हैं नजर

बहरहाल, अगर प्रदीप पांडे चिंटू की अन्य फिल्मों की बात की जाए तो वो आखिरी बार फिल्म 'कभी खुशी कभी गम' में नजर आए थे। इसके अलावा वो 'अग्निसाक्षी', 'हिंदुस्तानी' जैसी भी फिल्मों में नजर आ चुके हैं।

# तृप्ति ने पछाड़ दिए दिग्गज एक्टर, टॉप 20 में शामिल

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री तृप्ति डिमरी आइएमडीबी की पिछले दशक की सबसे ज़्यादा देखी जाने वाली भारतीय सितारों की लिस्ट में टॉप 20 में शामिल हो गई हैं। तृप्ति डिमरी आइएमडीबी की पिछले दशक की सबसे ज़्यादा देखी जाने वाली टॉप 100 भारतीय सितारों की लिस्ट में 15वें स्थान पर हैं। यह उपलब्धि महत्वपूर्ण है, क्योंकि तृप्ति ने सिर्फ़ छह साल के करियर में कई दिग्गज अभिनेताओं को पीछे छोड़ दिया है। आईएमडीबी ने पिछले दशक के शीर्ष 100 सर्वाधिक देखे गए भारतीय सितारों की वैश्विक सूची जारी की, जिसमें दीपिका पादुकोण शीर्ष स्थान पर रहीं। दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत और इरफान खान भी शीर्ष दस में हैं। दीपिका पादुकोण के बाद दूसरे स्थान पर शाहरुख खान, तीसरे पर ऐश्वर्या राय बच्चन, चौथे पर आलिया भट्ट और पांचवें पर इरफान खान हैं। इस सूची में आमिर खान छठे, सुशांत सिंह राजपूत सातवें, सलमान खान आठवें, ऋतिक रोशन नौवें और अक्षय कुमार दसवें स्थान पर हैं। कैटरीना कैफ 11वें स्थान पर हैं, जबकि तृप्ति डिमरी 15वें स्थान पर हैं। रणबीर कपूर 17वें और रणवीर सिंह 19वें स्थान पर हैं।



# 'खतरों के खिलाड़ी' की विजेता दो हसीना, ग्लैमर वर्ल्ड से हुईं दूर

**मुंबई।** 'खतरों के खिलाड़ी 14' जल्द ही शुरू होने वाला है। एक बार फिर रोहित शेट्टी के शो में ट्रॉफी के लिए कंटेस्टेंट्स के बीच जबरदस्त लड़ाई और टक्कर देखने को मिलने वाली है। वहीं कई ऐसे भी कंटेस्टेंट्स हैं जो ये शो जीतने के बाद दुनिया को अलविदा कह चुके हैं और कुछ ने एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री से दूरी बना ली है। आज हम आपको ऐसी ही दो हसीना के बारे में बताने जा रहे हैं, जिन्होंने ये शो जीतने के बाद ग्लैमर वर्ल्ड भी छोड़ दिया। साल 2008 में शुरु हुए 'खतरों के खिलाड़ी' शो की पहली विनर कोई और नहीं बल्कि सुपर मॉडल नेत्रा रघुरामन थीं।

## आम-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारगणों के द्वारा विक्रेता मोह. अल्ताफ पिता मोह. आरिफ निवासी-म.नं. 20/5 ब्लॉक नं. 18 अदा विला ढेबर टॉवर के सामने फौव्वारा चौक, बैरन बाजार रायपुर (छ.ग.) से ग्राम- आरंग, प.ह.नं. 29, रा.नि.मं. व तहसील आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.) स्थित इकरारशुदा भूमि ख.नं. 1687 रकबा 0.364 हे., ख.नं. 1774 शामिल 1775 रकबा 0.1180 हे. ख.नं. 1779 रकबा 0.0650 हे., ख.नं. 1780 रकबा 0.1010 हे., ख.नं. 1782/1 रकबा 0.1580 हे., कुल खसरा 5 कुल रकबा 0.8060 हे. भूमि को क्रय करने का सौदा पक्का कर बयाना अदा कर दिया है। उक्त विक्रेता के द्वारा मेरे पक्षकारगण एवं मो. अल्ताफ के मध्य हुए इकरारनामा की शर्त अनुसार मूल भूमिस्वामी संतोष कुमार पिता श्री थनवार, निवासी- आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.) से सौदे शुदा भूमि को विक्रय विलेख का निष्पादन एवं पंजीयन कराया जाना शेष है।

अतः जिस किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय, शासकीय, अर्द्धशासकीय को उपरोक्त सौदे पर किसी भी तरह की हक, उजर, दावा, आपत्ति हो वह इस आमसूचना प्रकाशन के 15 दिनों के अंदर अपने आपत्ति लिखित रूप से मय दस्तावेज मेरे नीचे लिखे पते पर मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकता है। उक्त अवधि समाप्ति उपरांत कोई भी दावा आपत्ति मान्य नहीं होगी तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी तथा विधि अनुसार शून्य करणीय मानी जावेगी ।

सो सूचना ताकिद जानें......

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक :- 02.06.2024

एस. एस. चंदेल (अधिवक्ता)
वार्ड क्र.55. पुराना धमतरी रोड, राधा विहार गली कृष्णा नगर रायपुर (छ.ग.)
पिन - 4920131
मो. 9425519873, 7987865588

## आम-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारगणों के द्वारा विक्रेता मोह. अल्ताफ पिता मोह. आरिफ निवासी-म.नं. 20/5 ब्लॉक नं. 18 अदा विला ढेबर टॉवर के सामने फौव्वारा चौक, बैरन बाजार रायपुर (छ.ग.) से ग्राम- आरंग, प.ह.नं. 29, रा.नि.मं. व तहसील आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.) स्थित इकरारशुदा भूमि ख.नं. 1695 रकबा 0.425 हे. भूमि को क्रय करने का सौदा पक्का कर बयाना अदा कर दिया है। उक्त विक्रेता के द्वारा मेरे पक्षकारगण एवं मो. अल्ताफ के मध्य हुए इकरारनामा की शर्त अनुसार मूल भूमिस्वामी विसाहिन बाई पति स्व. गजानंद पटेल, निवासी- आरंग, जिला - रायपुर (छ.ग.) से सौदे शुदा भूमि को विक्रय विलेख का निष्पादन एवं पंजीयन कराया जाना शेष है।

अतः जिस किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय, शासकीय, अर्द्धशासकीय को उपरोक्त सौदे पर किसी भी तरह की हक, उजर, दावा, आपत्ति हो वह इस आमसूचना प्रकाशन के 15 दिनों के अंदर अपने आपत्ति लिखित रूप से मय दस्तावेज मेरे नीचे लिखे पते पर मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकता है। उक्त अवधि समाप्ति उपरांत कोई भी दावा आपत्ति मान्य नहीं होगी तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी तथा विधि अनुसार शून्य करणीय मानी जावेगी ।

सो सूचना ताकिद जानें....

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक :- 02.06.2024

एस. एस. चंदेल (अधिवक्ता)
वार्ड क्र.55. पुराना धमतरी रोड, राधा विहार गली कृष्णा नगर रायपुर (छ.ग.)
पिन - 4920131
मो. 9425519873, 7987865588

## आम-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारगणों के द्वारा विक्रेता मोह, अल्ताफ पिता मोह. आरिफ निवासी-म.नं. 20/5 ब्लॉक नं. 18 अदा विला ढेबर टॉवर के सामने फौव्वारा चौक, बैरन बाजार रायपुर (छ.ग.) से ग्राम-आरंग, प.ह.नं. 29, रा.नि.मं. व तहसील आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.) स्थित इकरारशुदा भूमि ख.नं. 1658 रकबा 0.0810 हे. ख.नं. 1689 रकबा 0.1210 हे., ख.नं. 1692 रकबा 0.0810 हे., ख.नं. 1694/1 रकबा 0.1130 हे., ख.नं. 1671 रकबा 0.1530 हे., ख.नं. 1702 रकबा 0.0530 हे. कुल खसरा 6 कुल रकबा 0.6020 हे. अर्थात 1 एकड़ 36 डिसमील भूमि को क्रय करने का सौदा पक्का कर बयाना अदा कर दिया है। उक्त विक्रेता के द्वारा मेरे पक्षकारगण एवं मो. अल्ताफ के मध्य हुए इकरारनामा की शर्त अनुसार मूल भूमिस्वामी कृष्ण कुमार पिता सोनउ निवासी- आरंग, जिला - रायपुर (छ.ग.) से सौदे शुदा भूमि को विक्रय विलेख का निष्पादन एवं पंजीयन कराया जाना शेष है।

अतः जिस किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय, शासकीय, अर्द्धशासकीय को उपरोक्त सौदे पर किसी भी तरह की हक, उजर, दावा, आपत्ति हो वह इस आमसूचना प्रकाशन के 15 दिनों के अंदर अपने आपत्ति लिखित रूप से मय दस्तावेज मेरे नीचे लिखे पते पर मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकता है। उक्त अवधि समाप्ति उपरांत कोई भी दावा आपत्ति मान्य नहीं होगी तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी तथा विधि अनुसार शून्य करणीय मानी जावेगी ।

सो सूचना ताकिद जानने....

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक :- 02.06.2024

एस. एस. चंदेल (अधिवक्ता)
वार्ड क्र.55. पुराना धमतरी रोड, राधा विहार गली कृष्णा नगर रायपुर (छ.ग.)
पिन - 4920131
मो. 9425519873, 7987865588

# भूल भूलैया-3 में धकधक गर्ल की एंट्री...

**मुंबई।** बॉलीवुड की धकधक गर्ल माधुरी दीक्षित फिल्म भूल भुलैया 3 में काम करती नजर आएंगी। अनीस बज्मी के निर्देशन में बन रही फिल्म भूल भुलैया 3 में कार्तिक आर्यन, विद्या बालन और तृप्ति डिमरी की अहम भूमिका होंगी। कुछ दिनों पहले माधुरी दीक्षित के फिल्म की स्टार कास्ट को ज्वाइन करने की खबर आई थी। भूल भुलैया 3 सेट से कुछ तस्वीरें सामने आई हैं। इस हॉरर-कॉमेडी फिल्म में माधुरी दीक्षित की एंट्री कन्फर्म हो गई है। भूल भुलैया 3 के सेट पर उन्हें ब्लैक साड़ी में देखा गया। इसके साथ ही विद्या बालन का भी लुक सामने आया है। वह भी माधुरी की तरह ब्लैक साड़ी में नजर आ रही हैं। तृप्ति डिमरी लाल साड़ी में बंगाली लुक में नजर आ रही हैं, वहीं कार्तिक आर्यन रुह बाबा वाले अवतार में नजर आ रहे हैं। इस फिल्म का हिस्सा मनीष वाधवा और राजेश शर्मा भी होंगे। राजेश शर्मा बंगाली अटायर में देखे जा सकते हैं।



डॉ.वाशानी
दर-दाँत (गम पेंट)
बायो-डेंट गम पेंट, मुंह के छाले, दांत दर्द और जलन में लाभकारी यह आर्युवेदिक दवा है, यह हर्बल दवा 100 प्रतिशत सुरक्षित है
HMS देखकर खरीदें
94060-21769
हर्बल लेप
शिव मस्सानाशक
शिव मस्सानाशक को 12-15 घटों तक लगाकर रखेंगे तो यह मस्से को शीघ्र हटा देगा। जब तक मस्सा न हट जाए, रोज 1-2 बार लगाना है। यदि लगाने के बाद किसी कारणवश लेप पुछ जाए तो पुन: लगा दें।
HMS शिव मस्सा नाशक

## टीवी मसाला



# 'सुपरस्टार सिंगर 3' की जज नेहा ने किसे कहा आठवां अजूबा

**मुंबई।** सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के शो 'सुपरस्टार सिंगर 3' की जज नेहा कक्कड़ ने प्रतिभागी अविर्भव की तारीफ करते हुए उसे 8वां अजूबा बताया है। इस रविवार सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के होमग्रोन फॉर्मेट 'सुपरस्टार सिंगर 3' में मेलोडी किंग उदित नारायण और उनकी पत्नी दीपा नारायण का 'उदित नारायण की मास्टरक्लास' नामक विशेष एपिसोड में स्वागत किया जाएगा। इस दिग्गज का सम्मान करते हुए शो की अविश्वसनीय युवा प्रतिभाएं उदित नारायण के उन कालजयी गानों को गाकर उन्हें नमन करेंगी जिन्हें आज भी पसंद किया जाता है। कोच्चि, केरल के असाधारण रूप से प्रतिभाशाली सात वर्षीय अविर्भव एस. ने फिल्म हम दिल दे चुके सनम के मधुर गीत चांद छुपा बादल में की भावपूर्ण प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी सिंगिंग लाजवाब थी और उन्हें विशेष अतिथियों उदित नारायण और उनकी पत्नी दीपा नारायण सहित सभी से स्टैंडिंग ओवेशन मिला। अविर्भव की सिंगिंग स्टाइल से प्रभावित होकर, उदित नारायण ने कहा, इतनी कम उम्र में अविर्भव बहुत खुलकर गाते हैं। क्या परफॉर्मेंस है! इस गाने को इतनी भावना के साथ गाने में मुझे कई साल लग गए, और आपने इस गाने को कितनी भावना के साथ गाया है।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर
ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

वात, स्पाइन एवं पाइल्स केयर
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
मो. 9039050422
मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508133

# अदाणी बने एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति, अंबानी को पीछे छोड़ा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सेब से लेकर हवाई अड्डा क्षेत्र में सक्रिय अदाणी समूह की सूचीबद्ध कंपनियों के शेयरों में उछाल के बाद गौतम अदाणी एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं। उन्होंने रिलायंस इंडस्ट्रीज के मुकेश अंबानी को पीछे छोड़ दिया है।

'ब्लूमबर्ग बिलियनयर्स इंडेक्स' के अनुसार, 111 अरब अमेरिकी डॉलर की संपत्ति के साथ अदाणी अब दुनिया के 11वें सबसे अमीर व्यक्ति हैं। अंबानी 109 अरब डॉलर की संपत्तियों के साथ 12वें स्थान पर हैं। अदाणी समूह ने अगले दशक के दौरान विस्तार की योजना के तहत 90 अरब डॉलर के पूंजीगत व्यय की योजना बनाई है।

## ब्लूमबर्ग बिलियनयर्स इंडेक्स ने जारी की सूची

### समूह की कंपनियों का पूंजीकरण 17.51 लाख करोड़

शुक्रवार को कारोबार बंद होने के समय अदाणी समूह की 10 सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 17.51 लाख करोड़ रुपये हो गया। समूह की कंपनियों के शेयरों में उछाल के बाद पहली पीढ़ी के उद्यमी और अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने अंबानी को पीछे छोड़ दिया है और वह एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं।





- 111 अरब डॉलर संपत्ति के साथ दुनिया के 11वें अमीर व्यक्ति

### 2024 में अदाणी की संपत्ति 26.8 अरब डॉलर बढ़ी

ब्लूमबर्ग बिलियनयर्स इंडेक्स के अनुसार, 2024 में अबतक अदाणी की कुल संपत्ति 26.8 अरब डॉलर बढ़ी है, जबकि अंबानी की संपत्ति 12.7 अरब डॉलर बढ़ी है।

*हिंडनबर्ग के आरोप से घटा था पूंजीकरण*

*इसके बाद जनवरी, 2023 में अमेरिकी शॉर्ट सेलिंग कंपनी हिंडनबर्ग की समूह पर हेराफेरी के आरोपों की रिपोर्ट के बाद अडाणी की कंपनियों के बाजार पूंजीकरण में जबर्दस्त गिरावट आई थी। हिंडनबर्ग ने आरोप लगाया था कि अदाणी का कारोबारी साम्राज्य धोखाधड़ी के माध्यम से बनाया गया था।*

### शुक्रवार को कंपनियों के शेयर 14 फीसदी बढ़े

इसके बाद अमेरिकी ब्रोकरेज कंपनी जेफरीज ने समूह के बारे में बेहतर राय पेश की है। इन घटनाक्रमों के बाद शुक्रवार को समूह की सभी कंपनियों के शेयर 14 प्रतिशत तक चढ़ गए। इससे अदाणी समूह की 10 सूचीबद्ध कंपनियों के बाजार मूल्यांकन में 84,064 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई।

### वैश्विक अर्थव्यवस्था की रफ्तार धीमी

अंबानी इस समय अपने छोटे पुत्र अनंत के विवाह-पूर्व समारोहों के लिए यूरोप में है। अदाणी (61) 2022 में अपनी व्यक्तिगत संपत्ति बढ़ने के बाद एशिया के सबसे अमीर आदमी बन गए थे। हालांकि, उस समय वैश्विक अर्थव्यवस्था की रफ्तार काफी सुस्त थी।

## खबर संक्षेप

### अशोक लेलैंड की बिक्री मई में 12 प्रतिशत बढ़ी



**नई दिल्ली।** वाणिज्यिक वाहन कंपनी अशोक लेलैंड की मई में थोक बिक्री 12 प्रतिशत बढ़कर 14,682 इकाई रही है। पिछले साल इसी महीने में कंपनी ने अपने वितरकों को 13,134 वाहनों की आपूर्ति की थी। उसकी घरेलू बाजार में बिक्री 12 प्रतिशत बढ़कर 13,852 इकाई रही थी, जो मई, 2023 में 12,378 इकाई थी।

### बीते सप्ताह सोयाबीन तेल में रही गिरावट



**नई दिल्ली।** बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजारों में मुर्गीदाने में इस्तेमाल किये जाने वाले डी-आयल्ड केक का भाव कमजोर होने से सोयाबीन तिलहन तथा ऊंचे भाव पर कारोबार प्रभावित होने के कारण मूंगफली तेल-तिलहन कीमतों में गिरावट आई। पामोलीन तेल तथा माल की कमी के बीच बिनौला तेल के दाम मजबूत बंद हुए।

### पूंजीकरण में सबसे अधिक नुकसान में रही रिलायंस



**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में आठ के बाजार पूंजीकरण में पिछले सप्ताह 2,08,207.93 करोड़ रुपये की गिरावट हुई। सबसे अधिक नुकसान रिलायंस इंडस्ट्रीज, टीसीएस और इन्फोसिस को हुआ। आईटीसी, एलआईसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड, भारती एयरटेल और आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण भी घटा।

### वेदांता रिसोर्सेज की कर-पूर्व आय 4.7 अरब डॉलर



**नई दिल्ली।** भारत में सूचीबद्ध खनन समूह वेदांता लिमिटेड की मूल कंपनी वेदांता रिसोर्सेज की एकीकृत कर-पूर्व आय वित्त वर्ष 2023-24 में 4.7 अरब अमेरिकी डॉलर रही। यह समूह की अब तक की दूसरी सर्वाधिक कर-पूर्व आय है। समूह के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने इस साल को बेहद महत्वपूर्ण बताया था और कहा था कि इससे वेदांता मजबूत होगा।

### आरईसी ने विदेशी ऋण सीमा बढ़ाकर 24 अरब डॉलर की

आरईसी REC
असीमित ऊर्जा, अनन्त संभावनाएं
Endless energy. Infinite possibilities.

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की आरईसी लिमिटेड ने कहा कि उसके निदेशक मंडल ने विदेशी मुद्रा में उधारी सीमा को 20 अरब डॉलर से बढ़ाकर 24 अरब डॉलर करने को मंजूरी दे दी है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि भारतीय रुपये में कुल उधारी सीमा को 6 लाख करोड़ रुपये पर बरकरार रखा गया है।

### एलएंडटी पर आईटी विभाग ने लगाया 4.68 करोड़ जुर्माना




**नई दिल्ली।** लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) लिमिटेड पर आयकर विभाग ने 4.68 करोड़ रुपये से अधिक का जुर्माना लगाया है। कंपनी ने शनिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि विभाग ने पूर्ववर्ती एलएंडटी हाइड्रोकार्बन इंजीनियरिंग लिमिटेड की कर कार्यवाही के संबंध में 4,68,91,352 रुपये का जुर्माना लगाया। एलएंडटी हाइड्रोकार्बन इंजीनियरिंग लिमिटेड पूर्व में एक पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी थी, जिसका एक अप्रैल, 2021 को कंपनी में विलय कर दिया गया था।

## ब्याज दर में कोई बदलाव नहीं किए जाने की संभावना

# आगामी बैठक में रेपो दर में कटौती नहीं करेगा रिजर्व बैंक : विशेषज्ञ

एजेंसी ▶▶| मुंबई

मुद्रास्फीति की चुनौतियों के बीच भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के आगामी मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में प्रमुख नीतिगत दर रेपो में कटौती की संभावना नहीं है। विशेषज्ञों ने यह राय जताई है।

गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव परिणामों की घोषणा के तुरंत बाद मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक 5-7 जून के लिए निर्धारित है। विशेषज्ञों ने कहा कि एमपीसी दर में कटौती से परहेज कर सकती है, क्योंकि आर्थिक वृद्धि जोर पकड़ रही है। रेपो दर फरवरी, 2023 से 6.5 प्रतिशत पर कायम है।

- चुनाव परिणाम के तुरंत बाद एमपीसी की बैठक निर्धारित
- रेपो दर फरवरी, 2023 से 6 .5 प्रतिशत पर कायम
- एमपीसी बैठक के फैसले की घोषणा सात जून को की जाएगी



### दर यथास्थिति रखने का आठवां मौका होगा

रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता वाली एमपीसी बैठक के फैसले की घोषणा सात जून (शुक्रवार) को की जाएगी। लोकसभा चुनाव के नतीजे चार जून को घोषित किए जाएंगे। यदि सात जून को ब्याज दर में कोई बदलाव नहीं किया जाता है, तो यह यथास्थिति बनाए रखने का आठवां मौका होगा।

*मुद्रास्फीति में कमी आनी शुरू : एसोचैम अध्यक्ष ने कहा, 'हालांकि, मुद्रास्फीति में कमी आनी शुरू हो गई है, लेकिन सितंबर में मानसून सत्र खत्म होने के बाद ही व्यापक आर्थिक स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।' इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि हाल के मुद्रास्फीति के आंकड़ों और खाद्य वस्तुओं की कीमतों के पूर्वानुमान से लगता है कि यथास्थिति बनी रहेगी।*

### गर्मी ने सब्जियों की कीमतें की प्रभावित



सबनवीस ने आगे कहा कि मुद्रास्फीति पर चिंता बनी हुई है और गर्मी ने विशेष रूप से सब्जियों की कीमतों को प्रभावित किया है। उद्योग मंडल एसोचैम के अध्यक्ष संजय नायर ने भी उम्मीद जताई कि आगामी एमपीसी बैठक में रेपो दर को अपरिवर्तित रखने की उम्मीद है, क्योंकि खुदरा मुद्रास्फीति चार प्रतिशत के लक्ष्य से ऊपर बनी हुई है।

### जीएसटी वसूली शीघ्र शुरू करने के निर्देश

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने कहा है कि प्रधान आयुक्त या आयुक्त स्तर के अधिकारी मांग आदेश की तामील के लिए निर्धारित तीन महीने से पहले माल एवं सेवा कर (जीएसटी) बकाया वसूलने के निर्देश जारी कर सकते हैं।

### अवधि के भीतर भुगतान न करने पर कार्यवाही शुरू करे

यदि कोई कर देने योग्य व्यक्ति सीजीएसटी अधिनियम के तहत पारित आदेश में तय राशि का तीन महीने के भीतर भुगतान नहीं करता है, तो कर अधिकारी इस अवधि की समाप्ति के बाद ही वसूली की कार्यवाही शुरू कर सकते हैं।

### क्षेत्रीय इकाईयां अवधि से पहले वसूली शुरू कर रही

असाधारण मामलों में जहां राजस्व के हित में ऐसा करना जरूरी है, लिखित में कारणों को दर्ज करने के बाद, कर देने योग्य व्यक्ति को तीन महीने से पहले राशि का भुगतान करने के लिए कह सकते हैं। सीबीआईसी ने कहा कि उसके संज्ञान में लाया गया है कि कुछ क्षेत्रीय इकाइयां आदेश की तामील की तारीख से तीन महीने की तय अवधि से पहले ही वसूली शुरू कर रही हैं।

### तीन माह से पहले वसूली शुरू करना जरूरी

सीबीआईसी ने कहा, 'इसलिए, क्षेत्रीय इकाइयों में कानून के प्रावधानों के कार्यान्वयन में एकरूपता लाने के लिए, बोर्ड ऐसे मामलों में पालन किए जाने वाले निर्देश जारी कर रहा है, जहां राजस्व के हित में आदेश की तामील की तिथि से तीन महीने से पहले वसूली शुरू करना जरूरी है।'

# उड़ानों के बढ़ने से विमान में कंपन की घटनाएं बढ़ीं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अधिक से अधिक विमानों के उड़ान भरने के साथ ही साफ हवा में टर्बुलेंस (विमान में कंपन) की घटनाएं भी अधिक देखने को मिल रही हैं। ऐसी घटनाएं पिछले कुछ दशकों में जलवायु परिवर्तन के कारण बहुत बढ़ गई हैं, और एयरलाइंस वायुमंडलीय विक्षोभ से आने वाली दिक्कतों के प्रभाव को कम करने में जुटी हुई हैं।

लंदन से सिंगापुर जाने वाली सिंगापुर एयरलाइंस की एक उड़ान में 20 मई को गंभीर वायुमंडलीय विक्षोभ (टर्बुलेंस) का अनुभव हुआ। इसमें एक यात्री की मौत हो गई और 70 से अधिक लोग घायल हो गए। इस घटना की जांच हालांकि अभी जारी है, लेकिन इसने विशेष रूप से जलवायु परिवर्तन और साफ हवा में वायुमंडलीय विक्षोभ (सीएटी) की घटनाओं की ओर ध्यान खींचा है। आमतौर पर जब बादल नहीं होते हैं, और टर्बुलेंस के कारण अदृश्य होते हैं। इनका पता लगाना विमान में पायलटों और रडार के लिए भी मुश्किल होता है, ऐसी घटनाओं को सीएटी कहा जाता है। ब्रिटेन के ईस्ट एंग्लिया विश्वविद्यालय में जलवायु परिवहन के प्रोफेसर मनोज जोशी ने कहा कि जलवायु परिवर्तन के कारण सीएटी में बदलाव हो सकता है।



- घटनाएं पिछले कुछ दशकों में जलवायु परिवर्तन के कारण बढ़ी
- एयरलाइंस विक्षोप से आने वाली दिक्कतें कम करने में लगी

*यात्रियों से सीट बेल्ट बाधने का आग्रह : जोशी ने कहा कि एयरलाइन ने अपने चालक दल को इस बात पर जोर देने के लिए प्रशिक्षित किया है कि यात्रियों को सीट बेल्ट अच्छी तरह बांधनी चाहिए। प्रवक्ता ने कहा कि एयरलाइन ने ऐसी प्रक्रियाएं तय की हैं, जिसके तहत चालक दल जरूरत पड़ने पर विमान में दी जाने वाली सेवाओं को रोक सकता है।*

### एयरलाइन नई तकनीकों की खोज कर रही


इंडिगो के प्रवक्ता ने बताया कि उड़ान के दौरान सुरक्षित और आरामदायक अनुभव सुनिश्चित करने के लिए, एयरलाइन लगातार नयी तकनीकों की खोज कर रही है और विमान में सुरक्षा घोषणाओं का मूल्यांकन कर रही है।

# लोकसभा चुनाव के नतीजों से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

- एक्जिट पोल में राजग को बड़ी जीत मिलने की उम्मीद
- ब्याज दर पर रिजर्व बैंक के निर्णय से बाजार होगा प्रभावित

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

शेयर बाजार की दिशा इस सप्ताह आम चुनावों के नतीजों तथा ब्याज दर को लेकर भारतीय रिजर्व बैंक के निर्णय से तय होगी। माना जा रहा है कि 'एग्जिट पोल' में भाजपा की अगुवाई वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को बड़ी जीत मिलने की उम्मीद और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के मजबूत आंकड़ों से सोमवार को शेयर बाजारों में तेजी देखने को मिल सकती है। एग्जिट पोल में शनिवार को भविष्यवाणी की गई है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार तीसरी बार सत्ता बरकरार रखेंगे। मतगणना चार जून को होगी। अब सभी की निगाहें सबसे महत्वपूर्ण घटनाक्रम मंगलवार को आने वाले लोकसभा चुनाव के नतीजों पर हैं।



*विनिर्माण व पीएमआई के आंकड़े इसी सप्ताह : वैश्विक मोर्चे पर अमेरिका और चीन के वृहद आर्थिक आंकड़े महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। विनिर्माण और सेवा पीएमआई के मई के आंकड़े भी इसी सप्ताह आने हैं।*

## रिजर्व बैंक ने एसबीएम बैंक पर जुर्माना लगाया




**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने कुछ नियामक मानदंडों का पालन न करने के लिए एसबीएम बैंक (इंडिया) पर 88.70 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। रिजर्व बैंक ने कहा कि बैंक पर जुर्माना आरबीआई की लाइसेंस से जुड़े शर्तों का अनुपालन न करने पर लगाया गया है। इसके अलावा इकाई को उदारीकृत प्रेषण योजना (एलआरएस) के तहत लेनदेन को तत्काल प्रभाव से रोकने के लिए विशेष निर्देश दिए गए हैं। बैंक को दो अलग-अलग नोटिस जारी किए गए, जिनमें उसे कारण बताने के लिए कहा गया। नोटिसों पर बैंक के उत्तर, उसके द्वारा किए गए अतिरिक्त प्रस्तुतीकरण तथा व्यक्तिगत सुनवाई के दौरान किए गए मौखिक प्रस्तुतीकरण पर विचार करने के बाद आरबीआई ने पाया कि एसबीएम बैंक (इंडिया) के खिलाफ आरोप सही हैं, जिसके लिए मौद्रिक जुर्माना लगाया जाना जरूरी है।

# एनएमडीसी का मई में लौह अयस्क उत्पादन 37% घटा




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश की सबसे बड़ी लौह अयस्क खनन कंपनी एनएमडीसी का उत्पादन मई, 2024 में 37 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23.4 करोड़ टन रहा है। कंपनी ने शनिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि पिछले साल इसी महीने में उसका लौह अयस्क का उत्पादन 37.1 करोड़ टन रहा था।

एनएमडीसी की मासिक बिक्री भी मई में 22 प्रतिशत गिरकर 28.2 करोड़ टन रही है, जो पिछले साल इसी महीने में 36.2 करोड़ टन थी। कंपनी का संचयी लौह अयस्क उत्पादन अप्रैल-मई, 2024 में घटकर 58.2 करोड़ टन रह गया, जो एक साल पहले इसी अवधि में 72.2 करोड़ टन था। उक्त अवधि के दौरान कंपनी के लौह अयस्क की बिक्री 63.5 करोड़ टन रही, जो अप्रैल-मई, 2023 में 70.5 करोड़ टन थी। मंगलवार को एनएमडीसी ने तत्काल प्रभाव से लम्प अयस्क की कीमतों में 250 रुपये प्रति टन और फाइंस की कीमतों में 350 रुपये प्रति टन की वृद्धि की थी।

- कंपनी की बिक्री 22 प्रतिशत गिरी
- बिक्री गिरकर 28 .2 करोड़ टन रही

### लम्प अयस्क की कीमत संशोधित

खनन कंपनी ने लम्प अयस्क की कीमत संशोधित कर 6,450 रुपये प्रति टन तथा फाइन्स की कीमत 5,610 रुपये प्रति टन कर दी है।

# टाटा स्टील के ब्रिटिश परिचालन में छंटनी अपरिहार्य : सीईओ नरेंद्रन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



टाटा स्टील के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) टी वी नरेंद्रन ने कहा है कि कंपनी के ब्रिटेन परिचालन में लगभग 2,500 कर्मचारियों की छंटनी अपरिहार्य है। नौकरी जाने की आशंका के बीच श्रमिक संगठन लगातार कंपनी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

भारत की टाटा स्टील साउथ वेल्स के पोर्ट टालबोट में 30 लाख टन प्रति वर्ष की क्षमता वाले ब्रिटेन के सबसे बड़े इस्पात कारखाने की मालिक है। कंपनी वहां अपने सभी परिचालन में लगभग 8,000 लोगों को रोजगार देती है।

अपनी कार्बन-उत्सर्जन कम करने की योजना के हिस्से के रूप में कंपनी ब्लास्ट फर्नेस (बीएफ) मार्ग से कम उत्सर्जन वाली इलेक्ट्रिक आर्क फर्नेस (ईएएफ) प्रक्रिया में स्थानांतरित हो रही है। ब्लास्ट फर्नेस अपने जीवन चक्र के अंत के करीब है। नरेंद्रन ने बात करते हुए कहा कि ब्रिटेन सरकार की सहायता से ईएएफ में परिवर्तन से कंपनी को कम उत्पादन लागत के मामले में प्रतिस्पर्धी बनाया जा सकेगा, तथा प्रति वर्ष 50 लाख टन कार्बन डाई ऑक्साइड (सीओ2) कम करने में भी मदद मिलेगी। सीईओ ने कहा, 'लेकिन इस सब में 2,500 नौकरियां खत्म हो जाएंगी और यही बात संगठनों को बिल्कुल भी पसंद नहीं है। ...और संगठनों के साथ इसपर बातचीत चल रही है कि हम इसे यथासंभव सहज तरीके से कैसे कर सकते हैं। यह अपरिहार्य है।'

- ब्रिटेन के परिचालन में 2500 कर्मचारियों की छंटनी
- नौकरी जाने की आंशका में श्रमिकों का विरोध प्रदर्शन

### संयुक्त निवेश योजना पर सहमति जताई गई थी

टाटा स्टील और ब्रिटिश सरकार ने ब्रिटेन में पोर्ट टालबोट स्थित इस्पात विनिर्माण इकाई में कार्बन उत्सर्जन में कमी की योजनाओं को क्रियान्वित करने के लिए पिछले साल सितंबर में 1.25 अरब पाउंड की संयुक्त निवेश योजना पर सहमति जताई थी। इसमें से 50 करोड़ पाउंड ब्रिटिश सरकार द्वारा प्रदान किए गए।

# विरासत की समस्याएं पीछे छूट गईं, पीएनबी सही रास्ते पर

- एमडी गोयल ने कहा, बैंक सही रास्ते पर है
- तीन साल पहले कई मामलों में यह बैंक पिछड़ा था

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के एमडी अतुल कुमार गोयल ने कहा है कि विरासत की समस्याओं को पीछे छोड़ते हुए बैंक प्रतिस्पर्धा में आगे निकलने और चालू वित्त वर्ष तथा आगामी वर्षों के दौरान लाभप्रदता के मामले में नई ऊंचाइयों को छूने के लिए सही रास्ते पर है। 2023-24 के दौरान 12 सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में पीएनबी 229 प्रतिशत की उच्चतम लाभ वृद्धि दर्ज करके सूची में शीर्ष पर रहा। बैंक का शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2022-23 के 2,507 करोड़ रुपये की तुलना में तीन गुना से ज्यादा बढ़कर 8,245 करोड़ रुपये हो गया। तीन साल पहले पीएनबी की स्थिति को याद करते हुए गोयल ने कहा कि यह कई मामलों में पिछड़ा हुआ था, जिसकी सकल और शुद्ध गैर-निष्पादित आस्तियां संख्या सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में सबसे अधिक थी तथा प्रावधान कवरेज अनुपात भी कम था।



*पिछले दो सालों में सुधार के कई प्रयास : गोयल ने कहा, 'हम सही रास्ते पर हैं क्योंकि हमने अंडरराइटिंग, संग्रह, डिजिटल और मानव संसाधन परिवर्तन में सुधार जैसी कई पहल की हैं। पिछले दो सालों में हमने जो भी प्रयास किए हैं, उनके नतीजे इस साल और आने वाले सालों में दिखेंगे। निश्चित रूप से, आने वाले सालों में हमारी लाभप्रदता हमारे प्रतिद्वंद्वियों से बेहतर होगी।'*

## बाजार कम ऊर्जा खपत वाले मॉडल की समस्या से जूझ रहा

# भीषण गर्मी के बीच मई में एसी की बिक्री हुई दोगुनी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भीषण गर्मी के बीच मई में एयर कंडीशनर (एसी) की बिक्री में लगभग दोगुनी वृद्धि हुई है। प्रमुख एसी विनिर्माता कम ऊर्जा खपत वाले मॉडल के भंडार में कमी की समस्या से जूझ रहे हैं।

- बढ़ती मांग की वजह से एसी लगाने में आ रही दिक्कतें

इसके अलावा विनिर्माताओं को बढ़ती मांग की वजह से एसी लगाने में भी दिक्कतें आ रही हैं। कई जगह पर पारा 45 डिग्री से ऊपर चल रहा है। वहीं, एसी विनिर्माता असाधारण मांग से निपट रहे हैं, और इस महीने में अबतक की सबसे अच्छी बिक्री दर्ज की गई है। वोल्टास, एलजी, डाइकिन, पैनासोनिक और ब्लू स्टार जैसे प्रमुख ब्रांड की मई में मजबूत बिक्री देखी गई और उद्योग को पिछले साल की तुलना में 2024 में उनकी बिक्री में 30 से 35 प्रतिशत की समग्र वृद्धि की उम्मीद है।

*घरेलू एसी उद्योग में 40 फीसदी की वृद्धि*

*इसी प्रकार, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया ने कहा कि वह घरेलू एसी कारोबार में 'तेजी से वृद्धि' देख रही है और 'मांग में कई गुना वृद्धि के साथ यह पिछले पांच साल के रिकॉर्ड को पार कर गई है।'*



### टाटा समूह को 20 लाख इकाई बिक्री की उम्मीद

यह मील का पत्थर विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि मई ऐतिहासिक रूप से एसी और ठंडक प्रदान करने वाले उत्पादों के उद्योग में सबसे अधिक योगदान देने वाले महीनों में से एक है। टाटा समूह की कंपनी को इस कैलेंडर वर्ष के पहले छह महीनों के भीतर 20 लाख इकाई एसी बिक्री का आंकड़ा हासिल करने की उम्मीद है।

### उद्योग के लिए यह स्वर्णिम काल

त्यागराजन के अनुसार, यह उद्योग के लिए एक 'स्वर्णिम काल' है, जिसमें 2024 में 35 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि होगी। डाइकिन इंडिया के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक कंवलजीत जावा ने कहा, 'बाजार में चुनौती यह है कि आप कितनी इकाइयों का उत्पादन और आपूर्ति कर सकते हैं। यह पूर्ण चुनौती है।'

### घरेलू एसी की बिक्री दोगुनी

वोल्टास के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) प्रदीप बख्शी ने कहा कि कंपनी की मई में घरेलू एसी की बिक्री दोगुनी हो गई है। उम्मीद है कि अप्रैल-जून तिमाही की शेष अवधि में भी सकारात्मक गति जारी रहेगी। मई की बात करें तो वोल्टास की बिक्री में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। यह पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 100 प्रतिशत की शानदार वृद्धि है।

# अमेरिका का वर्ल्ड क्रिकेट में जीत से आगाज

**टी20 वर्ल्ड कप**

- 7 विकेट से कनाडा का रौंदा
- 14 गेंद शेष रहते जीता मैच
- 94 रन की पारी जोन्स ने खेली
- 131 रन जोन्स-गौस ने जोड़े

एजेंसी ▶▶| डलास

सह मेजबान अमेरिका ने टी20 विश्व कप के उद्घाटन मैच में कनाडा को 14 गेंद शेष रहते हुए सात विकेट से हराकर शीर्ष स्तर की क्रिकेट में धमाकेदार शुरुआत की। कनाडा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट पर 194 रन बनाए। अमेरिका ने इसके जवाब में 17.4 ओवर में तीन विकेट पर 197 रन बनाकर जीत दर्ज की। आरोन जोन्स ने 40 गेंद पर नाबाद 94 रन की पारी खेली। एंड्रीज गौस ने भी 65 रन तूफानी पारी खेली।

जोन्स ने अपनी पारी में 10 छक्के और चार चौके लगाए। न्यूयॉर्क में जन्में जोन्स ने जहां आक्रमक बल्लेबाजी करके प्रभावित किया वहीं गौस ने भी बेहतरीन पारी खेली। अमेरिका ने 42 रन तक दो विकेट गंवा दिए थे इसके बाद गौस ने जिम्मेदारी संभाली। उन्होंने अपनी पारी में सात चौके और तीन छक्के लगाए। जोन्स और गौस ने तीसरे विकेट के लिए 131 रन की साझेदारी की जिससे अमेरिका आसानी से लक्ष्य हासिल करने में सफल रहा।



### मैच का टर्निंग पॉइंट

कनाडा की तरफ से 14वां ओवर जेरेमी गॉर्डन ने कराया। उन्होंने इस ओवर में 33 रन दिए। इस ओवर में एंड्रीस गौस को जीवनदान मिला। गौस ने गॉर्डन की बॉल पर शॉट खेला और वो डीप स्क्वायर लेग पर कैच हो गए। हालांकि, यह नो बॉल (फ्रंट-फुट नो बॉल) रही और उन्हें जीवनदान मिला। गौस इस वक्त 53 रन बनाकर खेल रहे थे, इसके बाद उन्होंने 65 रन की पारी खेली। उन्होंने इसी ओवर में 39 बॉल पर अपना अर्धशतक पूरा किया।

### तीसरा सबसे बड़ा चेज

टी-20 वर्ल्ड कप के पहले मैच में अमेरिका ने कनाडा के खिलाफ अपना सबसे बड़ा 195 रन का टारगेट चेज किया। टीम ने 17.4 ओवर में टारगेट पूरा कर लिया। यह टी-20 वर्ल्ड कप में तीसरा सबसे बड़ा चेज है। इससे पहले 2016 में इंग्लैंड ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ 230 और 2007 में साउथ अफ्रीका ने वेस्टइंडीज के खिलाफ 206 रन का टारगेट चेज किया था।

### दूसरा सबसे महंगा ओवर

*अमेरिका अपनी पारी के 14वें ओवर में 33 रन बनाए। कनाडा के जेरेमी गॉर्डन ने इस ओवर में तीन वाइड और दो नो बॉल फेंकी। वर्ल्ड कप के इतिहास में यह दूसरा सबसे महंगा ओवर रहा। इससे पहले 2007 में इंग्लैंड के स्टुअर्ट ब्रॉड ने भारत के खिलाफ एक ओवर में 36 रन दिए थे।*

### सबसे बड़ी पार्टनरशिप

टी-20 इंटरनेशनल में अमेरिका की ओर से सबसे बड़ी 131 रन की पार्टनरशिप एंड्रीस गौस और आरोन जोन्स के बीच हुई। इससे पहले मोदानी और गजानंद सिंह ने आयरलैंड के खिलाफ 110 रन की साझेदारी की थी। वहीं, इस साल अप्रैल में कनाडा से हुई 5 मैचों की टी-20 सीरीज में मोनांक पटेल और स्टीवन टेलर ने 104 रन जोड़े थे।



### धालीवाल का अर्धशतक बेकार

*नवनीत धालीवाल (61) और आरोन जॉनसन (23) ने कनाडा को आक्रामक शुरुआत दिलाई। इसके बाद निकोलस किर्टन ने 31 गेंदों में 51 रन बनाकर उसे चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया। मुंबई में जन्मे बाएं हाथ के स्पिनर हरमीत सिंह ने छठे ओवर में जॉनसन को आउट करके टूर्नामेंट का पहला विकेट लिया। उनकी जगह लेने के लिए उतरे परगट सिंह भी केवल पांच रन बनाकर रन आउट हो गए। धालीवाल को हालांकि किर्टन के रूप में अच्छा साथी मिला। इन दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 62 रन जोड़े। न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर कोरी एंडरसन ने धालीवाल को आउट करके यह साझेदारी तोड़ी। धालीवाल ने 44 गेंद की अपनी पारी में छह चौके और तीन छक्के लगाए। विकेटकीपर श्रेयस मोव्वा ने 16 गेंदों पर 32 रन बनाकर रन गति धीमी नहीं पड़ने दी।*

**आज का टी-20 रोमांच**

ICC MEN'S T20 WORLD CUP WEST INDIES & USA 2024

### ओमान / नामीबिया के बीच जंग आज

**ब्रिजटाउन।** अफ्रीका के क्वालीफायर्स में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली नामीबिया की टीम टी20 विश्व कप के ग्रुप बी में ओमान के खिलाफ सोमवार को यहां होने वाले मैच में जीत दर्ज करने के दृढ़ इरादों के साथ मैदान पर उतरेगी। नामीबिया के पास कुछ अनुभवी खिलाड़ी हैं लेकिन उसके लिए राह इतनी आसान नहीं होगी।

### दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका देंगे चुनौती

**न्यूयॉर्क।** दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाजों और श्रीलंका के गेंदबाजों के बीच ग्रुप डी के मैच में रोमांचक मुकाबला देखने को मिल सकता है। दक्षिण अफ्रीका की बल्लेबाजी काफी मजबूत है तो श्रीलंका के पास विविधता पूर्ण गेंदबाजी आक्रमण है। दोनों ही टीम अपने मजबूत पक्षों पर ध्यान देकर शुरू में ही अंक तालिका में खाता खोलने की कोशिश करेंगे।

## खबर संक्षेप



### बल्लेबाजी इकाई को अंतिम रूप नहीं दिया

**न्यूयॉर्क।** कप्तान रोहित शर्मा ने कहा है कि भारतीय टीम ने टी20 विश्व कप के लिए अपने बल्लेबाजी क्रम को अब तक अंतिम रूप नहीं दिया है और बांग्लादेश के खिलाफ अभ्यास मैच में ऋषभ पंत को तीसरे नंबर पर भेजने के टीम प्रबंधन के फैसले को ज्यादा तूल नहीं दी जानी चाहिए। पंत के तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने के बारे में रोहित ने कहा, 'सिर्फ उसे मौका देने के लिए ऐसा किया। हमने अब तक अपनी बल्लेबाजी इकाई को अंतिम रूप नहीं दिया है। यहां तक कि गेंदबाजों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। कुल मिलाकर चीजें जिस तरह से हुईं, उससे खुश हूं।'

### अपनी क्षमता से खेले भारतीय टीमः युवराज



**न्यूयॉर्क।** अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के लिए मशहूर रहे युवराज सिंह का मानना है कि भारतीय टीम में कौशल और आत्मविश्वास की कोई कमी नहीं है। अगर वह टी20 विश्व कप में विरोधी टीम पर ध्यान देने के बजाय अपनी क्षमता के साथ खेले तो वह आईसीसी ट्रॉफी जीतने का लंबा इंतजार खत्म कर सकती है। भारत ने अपना अंतिम आईसीसी टूर्नामेंट 2013 में चैंपियंस ट्रॉफी के रूप में जीता था। इससे दो साल पहले युवराज के शानदार प्रदर्शन से भारत ने वनडे विश्व कप जीता था।

### इस्लाम की चोट ने बढ़ाई बांग्लादेश की चिंता



**न्यूयॉर्क।** बांग्लादेश के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज शोरिफुल इस्लाम भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप के अभ्यास मैच के दौरान चोटिल हो गए और उनके बाएं हाथ में छह टांके लगाने पड़े। यह घटना शनिवार को भारतीय पारी के अंतिम ओवर की पांचवीं गेंद पर घटी जब शोरिफुल ने हार्दिक पंड्या के शॉट को रोकने की कोशिश की। इससे उनके हाथ में चोट लग गई और उन्हें वापस पवेलियन लौटना पड़ा। इस ओवर की अंतिम गेंद तंजीम हसन साकिब ने की। बांग्लादेश को विश्व कप में अपना पहला मैच 7 जून को श्रीलंका के खिलाफ खेलना है।

**फ्रेंच ओपन**

*चार घंटे 30 मिनट तक पांच सेट में चला मैच*

## जोकोविच की ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में 369वीं जीत

एजेंसी ▶▶| पेरिस

विश्व के नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोवच ने पांच सेट तक चले संघर्षपूर्ण मुकाबले में जीत दर्ज करके फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट में खिताब का बचाव करने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा। जोकोविच ने इटली के 22 वर्षीय खिलाड़ी लोरेंजो मुसेट्टी को तीसरे दौर के मैच में 7-5, 6-7 (6), 2-6, 6-3, 6-0 से हराया। यह मैच चार घंटे 30 मिनट तक चला और रविवार की सुबह तीन बजे तक खेला गया।

जोकोविच की ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में यह 369वीं जीत है और इस तरह से उन्होंने रोजर फेडरर के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। मुसेट्टी ने जब लगातार दो सेट जीते तो लग रहा था कि जोकोविच के लिए वापसी करना आसान नहीं होगा लेकिन सर्बिया के इस खिलाड़ी ने इसके बाद शानदार खेल दिखाया तथा खुद को रिकॉर्ड 25वें ग्रैंडस्लैम और फ्रेंच ओपन में चौथे खिताब की दौड़ में बनाए रखा।



### बोपन्ना-एबडेन की शानदार जीत

**पेरिस।** भारत के रोहन बोपन्ना और ऑस्ट्रेलिया मैथ्यू एबडेन की दूसरी वरीय जोड़ी ने रविवार को यहां पहले दौर के कड़े मुकाबले में ऑरलैंडो लूज और मार्सेलो जोरमैन की ब्राजील की जोड़ी को हराकर फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई। बोपन्ना और एबडेन की ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन जोड़ी को ब्राजील की जोड़ी के खिलाफ 7-5, 4-6, 6-4 से जीत दर्ज करने के लिए दो घंटे और सात मिनट तक जूझना पड़ा।

## भारत का कोच बनना पसंद करूंगा: गंभीर

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारतीय क्रिकेट टीम का मुख्य कोच बनने की दौड़ में सबसे आगे होने की अटकलों के बीच पूर्व बल्लेबाज गौतम गंभीर ने शनिवार को कहा कि वह राष्ट्रीय टीम को कोचिंग देना पसंद करेंगे। गंभीर ने हाल में कोलकाता नाइट राइडर्स को तीसरा इंडियन प्रीमियर लीग खिताब दिलाया और उन्हें राहुल द्रविड़ के योग्य उत्तराधिकारी के रूप में देखा जा रहा है। द्रविड़ का अनुबंध टी20 विश्व कप के बाद खत्म हो रहा है।



भारतीय टीम के मुख्य कोच के पद के लिए आवेदन करने की अंतिम तारीख 27 मई थी। लेकिन अभी तक स्पष्ट नहीं है कि गंभीर ने इसके लिए आवेदन भरा है या नहीं। अबुधाबी में एक कार्यक्रम के इतर गंभीर (42 वर्ष) ने कहा, 'मैं भारतीय टीम को कोचिंग देना पसंद करूंगा। अपनी राष्ट्रीय टीम को कोचिंग देने से बड़ा कोई सम्मान नहीं है। आप 140 करोड़ भारतीयों और दुनिया भर के लोगों का प्रतिनिधित्व करोगे।' इस हफ्ते के शुरु में भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने मुख्य कोच की भूमिका के लिए गंभीर का समर्थन करते हुए कहा था कि वह अच्छे उम्मीदवार हैं। गंभीर अबुधाबी के मेडोर अस्पताल में छात्रों को संबोधित कर रहे थे।

**टी20 विश्व कप**

## पापुआ न्यू गिनी के सामने लड़खड़ाते हुए छह गेंद पहले जीती वेस्टइंडीज

एजेंसी ▶▶| जार्जटाउन

पापुआ न्यू गिनी की टीम टी20 वर्ल्ड कप 2024 की विजयी शुरुआत तो नहीं कर सकी लेकिन उसने वेस्टइंडीज जैसी टीम को दबाव में जरूर डाल दिया। विंडीज ने किसी तरह रोस्टन चेज की पारी के दम पर इस मैच में पीएनजी को पांच विकेट से हरा दिया। लेकिन उसे जीत आसानी से नहीं मिली। इसके लिए उसे पसीना बहाना पड़ा। वेस्टइंडीज के कप्तान रोवमैन पावेल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पीएनजी ने 20 ओवरों में आठ विकेट खोकर 136 रन बनाए। वेस्टइंडीज ने ये स्कोर 19 ओवरों में पांच विकेट खोकर हासिल कर लिया।

वेस्टइंडीज के पास एक से एक तूफानी बल्लेबाज हैं और इसलिए उम्मीद थी कि ये टीम आसानी से टारगेट हासिल कर लेगी। लेकिन ऐसा हुआ नहीं। जॉन्सन चार्ल्स बिना



खाता खोले आउट हो गए। निकोलस पूरन 27 रन बनाकर आउट हो गए। उनके बाद ब्रेंडन किंग (34), कप्तान रोवमैन पावेल (15) और शेरफाने रदरफोर्ड (2) के विकेट जल्दी गिरने के बाद टीम पर संकट मंडरा रहा था। आंद्रे रसेल और दूसरा छोर संभाले खड़े रोस्टन चेज ने विंडीज को दबाव से तुरंत बाहर निकाला और टीम को जीत दिलाई। रसेल ने नाबाद 15 और चेज ने 27 गेंदों पर नाबाद 42 रन बनाए।

**नॉर्वे शतरंज**

## प्रज्ञाननंदा ने वर्ल्ड नंबर-2 कारुआना को दी शिकस्त



एजेंसी ▶▶| स्टावेंजर

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञाननंदा ने नॉर्वे शतरंज प्रतियोगिता के पांचवें दौर में अमेरिका के विश्व में दूसरे नंबर के खिलाड़ी फैबियानो कारुआना को हराया, जिससे वह विश्व रैंकिंग में शीर्ष 10 में पहुंच गए हैं।

अमेरिका के हिकारु नाकामुरा ने खराब फॉर्म में चल रहे चीन के विश्व चैंपियन डिंग लिरेन को हराकर नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन पर अपनी बढ़त को एक अंक तक बढ़ा दी। नाकामुरा के 10 अंक हैं। कार्लसन ने फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा को हराया। अब जबकि टूर्नामेंट में पांच दौर की बाजियां खेली जानी बाकी हैं तब प्रज्ञाननंदा 8.5 अंक लेकर विश्व के नंबर एक खिलाड़ी कार्लसन के बाद तीसरे नंबर पर हैं। अलीरेजा के 6.5 अंक हैं और वह चौथे स्थान पर हैं। कारुआना पांच अंक के साथ पांचवें स्थान पर हैं जबकि डिंग लिरेन की खराब फॉर्म जारी है। उनके केवल 2.5 अंक हैं।

### वैशाली का दबदबा, 10 अंक से शीर्ष पर



महिला वर्ग में भारत की आर वैशाली ने अपना स्वप्निल प्रदर्शन जारी रखा और आर्मगेडन गेम में चीन की टिंगकी लेई को हराकर अपने अंको की संख्या 10 पर पहुंचा दी है। वैशाली के बाद अन्ना मुजीचुक का नंबर आता है जिनके नौ अंक हैं। उन्होंने पांचवें दौर में स्वीडन की पिया क्रैमलिंग को हराया। महिला विश्व चैंपियन वेनजुन जू ने आर्मगेडन में भारत की कोनेरु हंपी को पराजित किया। वह 7.5 अंक लेकर तीसरे स्थान पर हैं। लेई छह अंक लेकर चौथे स्थान पर हैं। वह हंपी से दो अंक आगे हैं। क्रैमलिंग के केवल तीन अंक हैं और वह तालिका में सबसे निचले स्थान पर हैं।

## कोहली बने आईसीसी वनडे प्लेयर ऑफ द ईयर 2023

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली को आईसीसी वनडे प्लेयर ऑफ द ईयर 2023 से नवाजा गया है। विराट को न्यूयॉर्क को कैप पहनाई गई। भारतीय टीम टी20 विश्व कप में हिस्सा लेने के लिए अमेरिका में मौजूद है। कोहली इस वैश्विक टूर्नामेंट में भारतीय टीम के अहम खिलाड़ी हैं और टीम को उनसे बेहतरीन पारी की उम्मीद है। कोहली भी टूर्नामेंट में खेलने के लिए न्यूयॉर्क में भारतीय टीम के साथ जुड़ गए हैं।



अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया जिसमें कोहली की उपलब्धियां दिखाई गई है। वीडियो में दिख रहा है कि कोहली को अवॉर्ड को कैप दिया गया है। कोहली को यह पुरस्कार 2023 में वनडे प्रारूप में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए मिला है। कोहली ने पिछले साल दमदार प्रदर्शन किया था और 2023 में खेले 27 वनडे मैचों में 1377 रन बनाए थे। इस दौरान उनका औसत 72.47 और स्ट्राइक रेट 99.13 का रहा था।

## रियल मैड्रिड 15वीं बार चैंपियंस लीग चैंपियन

एजेंसी ▶▶| लंदन

रियाल मैड्रिड ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए शनिवार को यहां बोरुसिया डॉर्टमंड को 2-0 से हराकर रिकॉर्ड 15वीं बार चैंपियंस लीग फुटबाल प्रतियोगिता जीती। वेम्बले स्टेडियम में खेले गए फाइनल में अपनी टीम की जीत के बाद रियल मैड्रिड के कोच कार्लो एंसेलोटी ने कहा, 'हमें इसकी आदत पड़ती जा रही है। हमारा स्वप्निल सफर जारी है।'एंसेलोटी का कोच के रूप में चैंपियंस लीग में यह पांचवा खिताब है। इस तरह से उन्होंने अपने रिकॉर्ड में सुधार किया। ज़िनेदिन ज़िदान, पेप गार्डियोला और बॉब पैस्ले ने कोच के रूप में तीन-तीन बार चैंपियंस लीग जीती है। मैड्रिड का कोच रहते हुए एंसेलोटी ने तीसरी बार चैंपियंस लीग जीती।



### डैनी, विनीसियस ने दागे गोल

मैड्रिड को पहले हाफ में संघर्ष करना पड़ा लेकिन इसके बाद उसने मैच में दबदबा बनाए रखा। उसकी तरफ से डैनी कार्वाजल और विनीसियस जूनियर ने गोल दागे। डॉर्टमंड ने पहले हाफ में अच्छा खेल दिखाया। उसने कुछ मौके भी बनाए लेकिन इसका फायदा उठाने में नाकाम रहा। कार्वाजल ने 74वें मिनट में मैड्रिड को बढ़त दिलाई और नौ मिनट बाद विनीसियस ने स्पेन की इस दिग्गज टीम की बढ़त को दोगुना कर दिया। कार्वाजल, लुका मोड्रिक, टोनी क्रूस और नाचो ने छठी बार ट्रॉफी जीती और इस तरह से उन्होंने मैड्रिड के स्टार खिलाड़ी रहे पाको गेंटो की बराबरी की।

**51 किग्रा भार वर्ग के क्वार्टर में चीन के चुआंग लियू को हराया**

## अमित पंघाल पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई

एजेंसी ▶▶| बैंकॉक

विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता अमित पंघाल ने रविवार को यहां दूसरे विश्व क्वालीफिकेशन मुक्केबाजी टूर्नामेंट के 51 किग्रा भार वर्ग के क्वार्टर फाइनल में शानदार वापसी करके चीन के चुआंग लियू को हराकर पेरिस ओलंपिक में अपनी जगह पक्की की। पंघाल ने एक कड़े मुकाबले में लियू को 5-0 से हराकर दूसरी बार ओलंपिक के लिए टिकट कटाया।

पंघाल ओलंपिक में जगह बनाने वाले भारत के पांचवें मुक्केबाज हैं। उनसे पहले निशांत देव (71 किग्रा), निकहत जरीन (50 किग्रा), प्रीति पवार (54 किग्रा) और लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं। भारत के दो अन्य मुक्केबाज जैस्मीन लेम्बोरिया (57 किग्रा) और सचिन सिवाच (57 किग्रा) भी ओलंपिक कोटा हासिल करने की दौड़ में हैं।

### मिला एक मौका, मारा चौका

पंघाल को पेरिस ओलंपिक में जगह बनाने का केवल यही एक मौका मिला था और एशियाई खेल 2018 के चैंपियन ने इस मौके का पूरा फायदा उठाया। पंघाल ने भारतीय मुक्केबाजी महासंघ की मूल्यांकन प्रणाली के कारण राष्ट्रीय टीम में अपनी जगह गंवा दी थी। उनके स्थान पर विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता दीपक भोरिया को टीम में चुना गया था जिन्होंने पिछली दो क्वालीफाइंग प्रतियोगिताओं में भाग लिया। पंघाल ने टोक्यो ओलंपिक के बाद जिस बड़ी प्रतियोगिता में भाग लिया था वह 2022 के राष्ट्रमंडल खेल थे जिनमें उन्होंने स्वर्ण पदक जीता।



### जैस्मीन भी ओलंपिक में देगी चुनौती

राष्ट्रीय महिला चैंपियन जैस्मीन लम्बोरिया (57 किग्रा) ने रविवार को यहां दूसरे विश्व क्वालीफिकेशन मुक्केबाजी टूर्नामेंट के अपने क्वार्टर फाइनल में विपरीत अंदाज में जीत दर्ज कर पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया। जैस्मीन ने अपने 60 किग्रा को छोड़कर महिलाओं के 57 किग्रा वर्ग में कोटा हासिल करने के लिए चुनौती पेश की और देश को इस वर्ग का कोटा दिलाया। जैस्मीन ने एकतरफा क्वार्टर फाइनल में माली की मैरिन कामरा को आसानी से 5-0 से पराजित किया।




# दुनिया की ऐसी विचित्र चाय, जिनमें गोबर, मक्खन और टमाटर सब कुछ रहता है शामिल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चाय के शौकीन लोग न सिर्फ भारत, बल्कि दुनियाभर में पाए जाते हैं। यह एक ऐसा पेय है, जिसे चाय की पत्तियों की मदद से अलग-अलग देशों में अलग-अलग तरीके से बनाया जाता है। बता दें कि हर साल 21 मई को अंतरराष्ट्रीय चाय दिवस मनाया गया। ऐसे में आज हम आपको 5 ऐसी विचित्र चाय के बारे में बताएंगे, जिनके बारे में सुनकर आपको बेहद हैरानी होगी।

**अरुणाचल की मशहूर पांगा गोबर चाय :** भारत में चाय को पेय पदार्थ से ज्यादा एक भावना माना जाता है। देशभर में कई तरह की चाय पी जाती हैं, जिनमें काहवा और नून-चाय जैसी कई विविधताएं शामिल हैं। इसी कड़ी में अरुणाचल प्रदेश में एक चौका देने वाली चाय पी जाती है, जिसे पांगा गोबर चाय कहते हैं। इसे बनाने के लिए चाय की पत्तियों को पानी और भैंस के गोबर में पकाया जाता है। माना जाता है कि इस चाय में कई औषधीय गुण होते हैं।

## नेपाल में बनती है याक के दूध से बने मक्खन की चाय

तिब्बत और नेपाल के पहाड़ी इलाकों में फर्मेंटेड याक मक्खन के साथ चाय को एक नया स्वाद दिया जाता है। इस पारंपरिक पेय को 'पो चा' या 'बटर टी' के नाम से भी जाना जाता है। इस अनोखी चाय को बनाने के लिए नमक, याक के दूध से बने मक्खन और चाय की पत्तियों को एक साथ मथा जाता है। ऐसा करने से एक मलाईदार मिश्रण तैयार होता है, जो पहाड़ों की कठोर ठंड में शरीर को गर्मी पहुंचाता है।

## एशिया में चीज वाली चाय का चलन

चीज दूध से बना हुआ एक स्वादिष्ट फर्मेंटेड उत्पाद है, जिसे कई तरह के व्यंजनों में मलाईदार स्वाद जोड़ने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। हालांकि, कुछ लोग इस सामग्री को अपनी चाय में भी शामिल करने लगे हैं। दरअसल, एशिया के कई देशों में पिछले कुछ सालों से चीज से बनी चाय की लोकप्रियता बढ़ती जा रही है। इस अनोखे पेय में पारंपरिक चाय के ऊपर झागदार चीज के फोम की एक परत रखी जाती है।



## मोरक्को में मिलती है टमाटर की चाय

टमाटर एक ऐसी सब्जी है, जिसका स्वाद खट्टा और मीठा होता है। हालांकि, इस सब्जी की मदद से मोरक्को में चाय भी बनाई जाती है। जी हां, अफ्रीका में बसे इस देश में टमाटर के खट्टे-मीठे स्वाद को पुदीने के ताजगी देने वाले स्वाद के साथ मिलाकर चाय तैयार की जाती है। टमाटर मोरक्को के खान-पान में इस्तेमाल होने वाली एक जरूरी सामग्री है, जिसके चलते ही इसे यहां की चाय में भी शामिल कर लिया गया था।



## इंडोनेशिया में सिविट चाय है लोकप्रिय

इंडोनेशिया में एक अजीबो-गरीब चाय का सेवन किया जाता है, जो बेहद दुर्लभ और महंगी होती है। इस चाय को 'बग-पूप टी', 'कोपी-लूवक' और 'सिविट-कॉफी' भी कहते हैं। इस चाय को बिल्लियों की एक प्रजाति सिविट के मल से बनाया जाता है। यह बिल्ली कॉफी बीन्स को खाती है और मलत्याग के बाद इन बीन्स को जमा करके सुखाया और पीसा जाता है। देखा जाए तो यह चाय के बजाए कॉफी है, लेकिन लोग इसे चाय भी कहते हैं।

# चार हार्डकोर ईनामी समेत आठ नक्सलियों का समर्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



सुकमा के मलेंगर एरिया कमेटी में सक्रिय चार इनामी हार्डकोर समेत आठ नक्सलियों ने रविवार को नक्सल ऑप्स सुकमा के समक्ष बिना हथियार के आत्मसमर्पण किया। समर्पित नक्सली वेट्टी मासे, वेट्टी सुक्का, वेट्टी हड़मा, कवासी देवा को आत्मसमर्पण के लिए प्रोत्साहित कराने में 226 वाहिनी व थाना कुकानार का स्टाफ तथा नक्सली सागर उर्फ देवा को आत्मसमर्पण के लिए प्रोत्साहित कराने में सेकंड बटालियन व सोड़ी तुलसी, कलमू सिंगा को आत्मसमर्पण के लिए प्रोत्साहित कराने में नक्सल सेल इंटेरोगेशन शाखा का विशेष प्रयास रहा है। नक्सल उन्मूलन अभियान व जिले में चलाए जा रहे पूना नर्कोम अभियान से प्रभावित होकर तथा नक्सल संगठन के अमानवीय व्यवहार व आदिवासियों के साथ होने वाली निर्मम हिंसा से त्रस्त होकर प्रतिबंधित माओवादी नक्सल संगठन में शामिल नक्सलियों ने समर्पण कर मुख्यधारा में शामिल हुए।

■ समर्पित नक्सलियों में 2 लाख की ईनामी भी

## साय बोले- सरकार की योजना से प्रभावित

सुकमा जिले में सक्रिय 4 ईनामी नक्सलियों सहित 8 नक्सलियों द्वारा आत्मसमर्पण किए जाने की सुखद खबर प्राप्त हुई। हमारी सरकार की छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन नीति एवं नियद नेल्लानार योजना से प्रभावित होकर नक्सली बंदूक छोड़कर समाज की मुख्य धारा में लौट रहे हैं। इनके पुनरुत्थान के लिए हमारी सरकार तत्पर है।

खुलासा

नदियों और झरनों का रंग नीले से नारंगी हो रहा

# अलास्का की नदियों और झरनों के पानी का रंग बदलने से वैज्ञानिक हैरान

एजेंसी ▶▶| अलास्का

एक नए अध्ययन से इस बात का खुलासा हुआ है कि अमेरिका के राज्य अलास्का की नदियों और झरनों का रंग नीले से नारंगी हो रहा है। 'नेचर अर्थ एंड एनवायरनमेंट जर्नल' में प्रकाशित इस अध्ययन के अनुसार, रंग में भारी बदलाव जलवायु परिवर्तन के कारण हो सकता है। इस अध्ययन के लिए नेशनल पार्क सर्विस, डेविस में कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय और अमेरिकी भूवैज्ञानिक के शोधकर्ताओं ने अलास्का के ब्रूक्स रेंज के जलमार्गों में शामिल 75 स्थानों पर परीक्षण किए।

**पर्माफ्रास्ट के पिघलने के कारण बदला पानी का रंग :** शोधकर्ताओं का कहना है, अलास्का की नदियों और झरनों के रंग बदलने का कारण पर्माफ्रॉस्ट के पिघलने से निकली जहरीले खनिज हो सकते हैं। उन्होंने आगे बताया कि जब पर्माफ्रॉस्ट पिघलता है तो उसमें हजारों वर्षों से दबे आयरन, जस्ता, कॉपर और सीसा जैसे खनिज जलमार्गों में अपना प्रभाव छोड़ देते हैं। अध्ययन के सह-लेखक प्रोफेसर ब्रेट पौलिन ने कहा कि ऐसी घटनाएं कैलिफोर्निया और एपलाचिया के हिस्सों में भी होती हैं।



## हवाई द्वीप में एक तालाब अचानक हो गया था गुलाबी

पिछले साल यह बात सामने आई थी कि अमेरिकी हवाई द्वीप के केलिया तालाब के पानी का रंग गुलाबी हो गया है। जैसे ही तालाब की तस्वीरे सोशल मीडिया पर वायरल हुईं जांच के लिए तालाब के पानी का सैंपल हवाई विश्वविद्यालय में भेजा गया। वहां जांच से पता चला कि तालाब के पानी का रंग गुलाबी 'हैलोबैक्टीरिया' के कारण हो गया है। हैलोबैक्टीरिया एककोशिकीय जीव होते हैं, जो बहुत खारे पानी में पनपते हैं।

## पर्माफ्रॉस्ट का तेजी से पिघलना चिंता का विषय- ब्रेट

विभिन्न नदियों और झरनों के रंग में बदलाव कब शुरू हुआ, यह निर्धारित करने के लिए शोधकर्ताओं ने उपग्रह इमेजरी का इस्तेमाल किया। ब्रेट ने बताया कि कई नदियों का रंग साल 2017-18 के बीच बदलने लगा, जिन्हें सबसे गर्म वर्ष बताया गया है। उन्होंने आगे कहा कि इन पर्माफ्रॉस्ट के पिघलने से यह चिंता बढ़ गई है क्योंकि उन समुदायों पर क्या प्रभाव पड़ेगा, जो पीने के पानी और मछली पकड़ने के लिए इन जलमार्गों पर निर्भर है।

## इन जगहों पर भी दिखा जलवायु परिवर्तन का प्रभाव

जलवायु परिवर्तन का प्रभाव सिर्फ अलास्का की नदियों और झरनों तक सीमित नहीं है, बल्कि कोलोराडो के रॉकी पर्वत में इसी तरह के बदलाव देखे गए हैं। इसके अतिरिक्त चिली के एंडीज, यूरोपीय आल्प्स और उत्तरी स्पेन के पाइरेनीज जैसे स्थानों की नदियों और झरनों में भी हानिकारक खनिजों की वृद्धि पाई गई है। अध्ययन के निष्कर्ष से यह बात तो सामने आ गई है कि जलवायु परिवर्तन कितनी तेजी से प्राकृतिक वातावरण को प्रभावित कर रहा है।

# हत्या की जांच के लिए एसआईटी गठित करने गृहमंत्री को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर

बलरामपुर में हुए सुजीत स्वर्णकार एवं किरण काशी की रहस्यमय मृत्यु की उच्च स्तरीय जांच हेतु एसआईटी का गठन करने के लिए कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम ने उप मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा को पत्र लिखा है। श्री नेताम ने पत्र में कहा कि सुजीत स्वर्णकार एवं किरण काशी की 26-27 मई रात्रि में रहस्यमय मृत्यु हुई थी जिसकी जांच पुलिस कर रही है मामले में कुछ संदिग्ध लोगों को की गिरफ्तारी भी की गई है। इसके विपरीत जन-भावना एवं मृतक के परिजन की आकांक्षाओं के अनुरूप मामले की उच्च स्तरीय जांच आवश्यक है। ग्राम डूमरखी में घटित घटना की विशिष्ट जांच हेतु एक स्वतंत्र जांच दल गठित किये जाने की आवश्यकता है, जो 7 दिवस के भीतर घटनास्थल का भ्रमण एवं जांच-पड़ताल पश्चात विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत करेगी।

■ सुजीत और किरण की रहस्यमयी मौत

## जांच दल में इन्हें शामिल करने का आग्रह

कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम ने जांच दल में सहायक पुलिस निरीक्षक, उप पुलिस अधीक्षक, पुरस्कार प्राप्त सर्वश्रेष्ठ विवेचक स्तर के अधिकारी, एक अनुभवी प्रधान आरक्षक एवं दो आरक्षकों के साथ फॉरेंसिक एक्सपर्ट डॉ.सुनंदा ढेंगे को शामिल करने का अनुरोध किया है।

# समुद्र तट पर महिला को मिला 10वीं शताब्दी का ऐतिहासिक खजाना

**नई दिल्ली।** लोगों को समुद्र तट पर सैर करते हुए अक्सर समुद्री सीपियां या कुछ नन्हें समुद्री जीव मिल जाते हैं, लेकिन यूरोप के देश चेक गणराज्य की एक महिला को तट पर चलते-चलते बेहद बेशकीमती खजाना मिला गया। अनुमान लगाया जा रहा है कि यह खजाना 10वीं शताब्दी का हो सकता है। मध्य युग की इस नायब खोज को पुरातत्वविद दशक में एक बार मिलने वाला खजाना बता रहे हैं।

**खजाने में मिले 2,150 चांदी के सिक्के :** एक प्रेस रिलीज में चेक एकेडमी ऑफ साइंसेज के पुरातत्व संस्थान ने बताया कि खजाना कुटना होरा में घूम रही एक महिला को मिला था। यह चेक गणराज्य के मध्य बोहेमियन क्षेत्र में स्थित है। खजाने में 2,150 से अधिक चांदी के सिक्के शामिल थे, जो साल 1085 और 1107 के बीच बनाए गए थे। विशेषज्ञों का मानना है कि ये प्राग में निर्मित किए गए थे और बोहेमिया में आयात किए गए थे।



## कई तरह के धातुओं से बने हैं ये सिक्के

विशेषज्ञों ने बताया, खोजे गए सिक्के कई तरह की धातुओं को मिलाकर बने हैं, जिनमें चांदी के अलावा तांबा, सीसा और ट्रेस धातुओं भी शामिल हैं। इन सिक्कों को बनाने में इस्तेमाल हुए धातुओं के विषय में जानने से इनके इतिहास को जानना आसान होगा। पुरातत्वविद फिलिप वेलिम्स्की ने कहा कि ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि यह खजाना उस समय की राजनीतिक अस्थिरता के समय छिपा दिया गया था।







# मारखोर बकरी जिसका पसंदीदा भोजन सांप

**देहरादून।** नैनीताल चिड़ियाघर में मौजूद पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान के राष्ट्रीय पशु मारखोर का एक जोड़ा चिड़ियाघर में रखा गया है जो पर्यटकों को भी बेहद आकर्षित करता है। माना जाता है कि जहां मारखोर रहते हैं, वहां सांप नजर नहीं आते। मारखोर का पसंदीदा भोजन भी सांप है।






## मारखोर का अर्थ सांप का हत्यारा

मारखोर एक फ़ारसी शब्द है जिसका अर्थ होता "सांप खाने वाला" या "सांप का हत्यारा। लोककथाएं कहती हैं कि ये जानवर कथित तौर पर अपने सर्पिल सींगों से सांपों को मारने और फिर सांपों को खा जाने में सक्षम है। विशेषज्ञों के अनुसार यह सर्पदंश से जहर निकालने में मदद करता है। हालांकि मारखोर द्वारा सांपों को खाने या उन्हें सींगों से मारने का कोई प्रमाण नहीं है लेकिन एक सच्चाई जरूर है।

## सांप है पसंदीदा भोजन

अनुज ने बताया कि मारखोर एक बकरी की प्रजाति है। यह पाकिस्तान, अफगानिस्तान, और भारत के उच्च हिमालयी इलाकों के जंगलों में पाई जाती है। मारखोर जहां भी सांप को देख लेता है, उन्हें अपने शक्तिशाली खुरों से मार देता है। कई बार सांप को मारने के लिए अपनी घुमावदार मजबूत सींगों का भी इस्तेमाल करता है। यह देवदार के घने जंगलों में ज्यादा दिखाई देते हैं।

## हिमालय की तराईयों में रहती है यह बकरी

मारखोर पाकिस्तान का राष्ट्रीय पशु होने के साथ ही उच्च स्थलीय पहाड़ी बकरी है। ये उच्च हिमालयी इलाकों में मिलता है। चिड़ियाघर में समय-समय पर दार्जलिंग चिड़ियाघर से जानवरों का एक्सचेंज प्रोग्राम चलता है। साल 2014 में मारखोर का एक जोड़ा दार्जलिंग से यहां लाया गया था। तब मादा मारखोर की मृत्यु हो गई थी। उसके बाद अभी कुछ दिन पहले ही दार्जलिंग चिड़ियाघर से एक मादा मारखोर को नैनीताल लाया गया है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com